सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.0 न्यू | 27.5 अधि |
| धर्मशाला | 19.7 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,764 |
| निफ्टी | 24,270 |
| सोना | 1,46,003 |
| चांदी | 2,33,354 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 6 जुलाई 2026 | 22 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 188, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### काठमांडू एयरपोर्ट में भारतीय यात्री 2.8 किलो गांजा बरामद

**एजेंसी, काठमांडू।** थाईलैंड से काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार सुबह पहुंचे एक भारतीय यात्री के पास से 2.8 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। इसके बाद नेपाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नेपाल पुलिस के मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो की शाखा ने सामान की जांच के दौरान चॉकलेट के पैकेट के अंदर छिपाकर रखा गया 2 किलो 800 ग्राम थाईलैंड का गांजा बरामद किया गया। इसके बाद पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी हरि क्षेत्री को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसका पासपोर्ट और मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है। मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो ने बताया कि हरि क्षेत्री के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी के मामले में आगे की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

### बांकीपुर से चुनाव लड़ेंगे प्रशांत किशोर



**एजेंसी, पटना।** जनसुराज ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर को उम्मीदवार घोषित किया है। रविवार को पार्टी अध्यक्ष मनोज भारती ने उनके नाम का ऐलान किया। उम्मीदवार बनने के बाद प्रशांत किशोर ने कहा कि जनसुराज पिछले चार वर्षों से उनके जीवन का उद्देश्य है और पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि बांकीपुर के कार्यकर्ताओं के आग्रह पर ही चुनाव लड़ने का फैसला किया। बांकीपुर सीट पर 30 जुलाई को मतदान और 3 अगस्त को मतगणना होगी। यह सीट भाजपा नेता नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई थी। (अनंत ज्ञान)

### आमिर खान ने गौरी स्प्रैट से रचाई शादी

**एजेंसी, मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ शादी कर ली है। 5 जुलाई को मुंबई के पाली हिल स्थित अपने आवास पर दोनों ने बेहद निजी समारोह में स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत कोर्ट मैरिज की। इस आयोजन में केवल परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार, शादी में लगभग 100 से 150 चुनिंदा मेहमानों को आमंत्रित किया गया था। आमिर ने किसी भव्य आयोजन के बजाय अपने घर पर ही सादगीपूर्ण समारोह को प्राथमिकता दी। आयोजन से जुड़े सभी इंतजाम उन्होंने और गौरी ने खुद देखे। (अनंत ज्ञान)


### महाराष्ट्र: वॉटरफॉल में फंसे 100 टूरिस्ट

**एजेंसी, मुंबई।** देश के कई राज्यों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में जेनिथ वॉटरफॉल में अचानक पानी का लेवल बढ़ गया। जिसमें 100 टूरिस्ट फंस गए, रस्सी की मदद से उन्हें निकाला गया। महाराष्ट्र में वसई के नालासोपारा में सड़क नदी जैसी बन गई। करीब 20 कारें उसमें डूब गईं। मुंबई में 64 पेड़ गिर गए और 8 मकानों की दीवारें ढह गईं। गुजरात के जूनागढ़ में कई इलाकों में 4 फुट तक पानी भर गया। सड़क पर नाव चलानी पड़ रही है और भावनगर में एक कार पानी में बह गई। छत्तीसगढ़ के रायपुर में शनिवार रात आधे घंटे के भीतर ही 30 मिमी पानी बरसा। टाटीबंध में घरों में पानी भर गया। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में तकनीकी संस्थानों के लिए नई नवाचार नीति को मंजूरी : सीएम सुक्खू

## बोले-नवाचार, स्टार्टअप और तकनीकी शिक्षा को मिलेगा नया आधार

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों में नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य नवाचार नीति तथा वर्ष 2026-28 के लिए राज्य नवाचार कोष के कार्यान्वयन दिशा-निर्देशों को मंजूरी प्रदान कर दी है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस नीति के माध्यम से प्रदेश के तकनीकी संस्थानों को नवाचार के सशक्त केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि विद्यार्थी केवल रोजगार तलाशने वाले नहीं बल्कि रोजगार सृजित करने वाले उद्यमी भी बन सकें। सरकार ने इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दो करोड़ रुपए के राज्य नवाचार कोष का गठन भी किया है, जिससे प्रोटोटाइप विकास, सीड फंडिंग, इनक्यूबेशन केंद्रों के सुदृढ़ीकरण, नवाचार प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, उद्योगों के सहयोग तथा अनुसंधान आधारित परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश को देश के प्रमुख नवाचार एवं स्टार्टअप केंद्रों में स्थापित करना है। इसके लिए तकनीकी शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान, आधुनिक तकनीक और उद्योग आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की तकनीकी शिक्षा और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, ताकि विकास का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच सके। तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेशक इस नीति के नोडल अधिकारी होंगे, जबकि संस्थागत और राज्य स्तरीय समितियां परियोजनाओं के चयन, निधि के उपयोग तथा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की नियमित निगरानी करेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नीति के तहत विकसित होने वाले नवाचारों और तकनीकों का बौद्धिक संपदा अधिकार संबंधित नवाचारकर्ताओं के पास सुरक्षित रहेगा। शैक्षणिक संस्थानों को केवल शैक्षणिक एवं अनुसंधान उद्देश्यों के लिए गैर-विशिष्ट अधिकार दिए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को अपने नवाचारों का व्यावसायिक उपयोग करने, उद्योगों के साथ साझेदारी करने तथा निवेश आकर्षित करने का अवसर मिलेगा।

### उद्योगों और संस्थानों के बीच बढ़ेगा समन्वय

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि नई नवाचार नीति तकनीकी संस्थानों और उद्योग जगत के बीच मजबूत साझेदारी विकसित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। नीति के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक समस्याओं पर कार्य करने, उद्योग विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने तथा अनुसंधान को व्यावसायिक उत्पादों में बदलने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य नवाचार कोष के माध्यम से तकनीकी संस्थानों में स्थापित इनक्यूबेशन सेंटरों को मजबूत किया जाएगा, जबकि नवाचार प्रतियोगिताओं, हैकाथॉन, स्टार्टअप मेंटरशिप, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और निवेशकों के साथ संवाद जैसी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री का मानना है कि यह नीति युवाओं की प्रतिभा को नई दिशा देने के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश को नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर करने में मील का पत्थर साबित होगी।

# हिमाचल में आज से फिर बरसेंगे बादल

## मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए ऑरेंज व येलो अलर्ट की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले दो दिनों की अपेक्षा रविवार को मौसम अपेक्षाकृत शांत रहा। राज्य के अधिकांश हिस्सों में केवल हल्की व छुटपुट बारिश दर्ज की गई, जबकि कहीं से भी भारी वर्षा अथवा किसी बड़े नुकसान की सूचना सामने नहीं आई। मौसम विभाग की ओर से रविवार को केवल कांगड़ा, शिमला और सिरमौर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया था। जो अपना प्रभाव नहीं दिखा पाया। प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में मौसम सामान्य बना रहा और लोगों को लगातार हो रही बारिश से कुछ राहत मिली।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार तीन जुलाई के बाद मानसून की गतिविधियां कुछ कमजोर पड़ी हैं, जिसके कारण पिछले दो दिनों में सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई। हालांकि, एक से चार जुलाई के बीच प्रदेश में सामान्य से 86 प्रतिशत अधिक बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है। विभाग का कहना है कि यह राहत अस्थायी है और सोमवार से मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार छह जुलाई से पश्चिमी विक्षोभ और मानसूनी गतिविधियां दोबारा सक्रिय होंगी। इसके चलते छह से नौ जुलाई के बीच प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। छह जुलाई को मंडी और सिरमौर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि कांगड़ा, कुल्लू, शिमला और सोलन जिलों में येलो अलर्ट रहेगा। सात जुलाई को सिरमौर, कांगड़ा और चंबा जिलों में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

लाहौल-स्पीति और किन्नौर में पांच से दस जुलाई तक 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। वहीं, प्रदेश के अन्य हिस्सों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं। मौसम विभाग ने लोगों को नदी-नालों, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों और ऊंचाई वाले इलाकों में अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी है।

### अगले चार दिन बरतें विशेष सावधानी

**मौसम** विभाग का कहना है कि आठ और नौ जुलाई को भी प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। हालांकि दस जुलाई के बाद पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने से वर्षा की तीव्रता में कुछ कमी आने की संभावना है। फिलहाल प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। लोगों से अपील की गई है कि मौसम विभाग की चेतावनियों पर नजर रखें, खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

# श्रीगंगानगर में सेना के ट्रक और एंबुलेंस में भीषण टक्कर; तीन की मौत, दो गंभीर

**एजेंसी, श्रीगंगानगर (राजस्थान)**



श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ क्षेत्र में रविवार सुबह नेशनल हाइवे-62 पर सेना के ट्रक और एक निजी एंबुलेंस के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में एंबुलेंस में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाइवे पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।

यह हादसा सूरतगढ़ सदर थाना क्षेत्र में 22 एलजीडब्लयू के पास हुआ। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सदर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव अभियान शुरू कराया। गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों को तत्काल सूरतगढ़ के राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तीनों मृतक हिंदुमलकोट थाना क्षेत्र के 5 बी कोनी गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी, राजस्थान, लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन के अनुसार, तड़के करीब 5:30 बजे सूरतगढ़-श्रीगंगानगर मार्ग पर केंचियां कस्बे के निकट एक सिविल एंबुलेंस ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रहे सेना के एएलएस (एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट) वाहन से टकरा गई। हादसे में तीन नागरिकों की मृत्यु हो गई, जबकि घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराकर अस्पताल पहुंचाया गया। (अनंत ज्ञान)

# जाहलमा नाले में बाढ़ से चंद्रभागा नदी का रुका बहाव

## कृत्रिम झील बनी नदी; जोबरंग पुल डूबा, तीन गांवों का संपर्क टूटा

अनंत ज्ञान



चंद्रभागा नदी में मलबा आने से बनी कृत्रिम झील।

**कमलेश वर्मा, केलांग।** लाहौल घाटी में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से हालात बिगड़ गए हैं। इसी कारण जाहलमा नाले में आई बाढ़ और मलबे ने चंद्रभागा (चिनाब) नदी का प्रवाह रोक दिया, जिससे एक कृत्रिम झील बन गई है।

नदी का जलस्तर बढ़ने से जोबरंग पुल पूरी तरह पानी में डूब गया है। इससे जोबरंग पंचायत के तीन गांव जोबरंग, रापे और राशेल का जिला मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों से संपर्क टूट गया है। स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बाढ़ के चलते नाले में भारी मलबा, चट्टानें और तेज बहाव स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा बनाया जा रहा वैकल्पिक मार्ग भी बार-बार मलबे की चपेट में आकर बाधित हो रहा है। इसके चलते मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग और मनाली-तांदी मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों और पर्यटकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

मयाड़ और जिसपा नाले में भी जलस्तर बढ़ने से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। प्रशासन ने लोगों से नदियों और नालों के किनारे न जाने तथा पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा करते समय अत्यधिक सावधानी बरतने की अपील की है। प्रशासन ने दोपहर बाद नालों में अचानक बढ़ते जलस्तर को देखते हुए यात्रियों को सतर्क रहने, मौसम की जानकारी लेकर ही सफर करने और केवल 4×4 वाहनों का उपयोग करने की सलाह दी है।

### जान जोखिम में डाल बचाई भेड़ की जान

**जाहलमा** नाले में आ रही लगातार बाढ़ के बीच रविवार को एक भेड़ पालक की भेड़ नाले के तेज बहाव के किनारे फंस गई। पानी की रफ्तार और मलबे को देखते हुए स्थिति बेहद खतरनाक थी, लेकिन भेड़ पालक ने अपनी जान की परवाह न करते हुए भारी जोखिम उठाया और भेड़ को नाले से सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

# अमरनाथ यात्रा तीसरा दिन: 9 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन स्लॉट हुए फुल

**एजेंसी, पहलगाम/बालटाल**



जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने बिना रजिस्ट्रेशन करवाए अमरनाथ पहुंच रहे यात्रियों से कहा है कि वे अपनी यात्रा कुछ दिन के लिए टाल दें। प्रशासन के मुताबिक, 9 जुलाई तक सभी रजिस्ट्रेशन स्लॉट पूरी तरह भर चुके हैं।

ऐसे में अगर कोई यात्री बिना रजिस्ट्रेशन बालटाल या पहलगाम रूट से आगे बढ़ने की कोशिश करेगा तो उसे चेक पॉइंट्स पर रोक दिया जाएगा। उसे 9 जुलाई के बाद ही आगे बढ़ने दिया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि रविवार से केवल रजिस्टर्ड यात्री ही कश्मीर की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी। बिना रजिस्ट्रेशन वाले यात्रियों को चेक पोस्ट पर रोक दिया जाएगा। उन्हें 9 जुलाई के बाद ही आगे बढ़ने मिलेगा। जम्मू डिविजनल कमिश्नर रमेश कुमार ने कहा कि 3 दिन में 13 हजार से ज्यादा रजिस्टर्ड यात्री बालटाल-पहलगाम रूट से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए बेस कैंप से रवाना किए जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

# यूक्रेन ने रूस पर 500 ड्रोन से किया हमला, तेल ठिकानों को बनाया निशाना

**एजेंसी, मॉस्को/कीव**

यूक्रेन ने बीती रात रूस पर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक को अंजाम दिया। सैकड़ों लंबी दूरी के ड्रोन से सेंट पीटर्सबर्ग के पास स्थित तेल रिफाइनरी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने स्वीकार किया कि हमले में करीब 500 ड्रोन शामिल थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हमले का वीडियो भी साझा किया, जिसमें सेंट पीटर्सबर्ग बंदरगाह स्थित तेल सुविधा केंद्र से धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दे रहा है।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, जेलेंस्की ने दावा किया कि सेंट पीटर्सबर्ग बंदरगाह के तेल सुविधा केंद्र और क्रोनस्टाड नौसैनिक अड्डे के आसपास मौजूद सैन्य ठिकानों पर सफल हमला किया गया। वहीं, मॉस्को के मेयर ने बताया कि करीब 200 ड्रोन राजधानी की ओर बढ़े थे। हाल के महीनों में यूक्रेन रूस के भीतर तेल रिफाइनरी, रक्षा उद्योग और अन्य रणनीतिक ढांचों पर लगातार लंबी दूरी के ड्रोन से हमले कर रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, इन हमलों के बाद रूस के कई क्षेत्रों में ईंधन आपूर्ति प्रभावित हुई है। गैस स्टेशनों पर लंबी कतारें देखी गईं, जबकि कब्जे वाले क्रीमिया में ईंधन संकट के चलते आपात स्थिति घोषित कर दी गई। बिजली कटौती के बीच कई इलाकों में कर्फ्यू भी लगाया गया है। यूक्रेन का लक्ष्य रूस की सैन्य आपूर्ति और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को कमजोर करना है।

# राममंदिर चोरी मामला: जेल में पांच आरोपियों से पूछताछ

**एजेंसी, अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या स्थित राम मंदिर में दान गबन मामले की जांच के लिए रविवार को विवेचना टीम जिला कारागार पहुंची। विवेचक आशुतोष तिवारी एंटी करप्शन कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद जिला कारागार पहुंचे। जेल में बंद पांच आरोपियों से पूछताछ शुरू की।

विवेचक ने आरोपियों से पूछताछ की अनुमति के लिए शनिवार को न्यायालय में आवेदन किया था। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद वह जिला जेल पहुंचे। पूछताछ के दौरान दान की रकम के गबन, धन के लेन-देन, रकम के बंटवारे और अन्य संदिग्ध पहलुओं से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाई जा रही है। जांच टीम आरोपियों के बयानों का मिलान अब तक एकत्र साक्ष्यों और दस्तावेजों से भी कर रही है। इस पूछताछ से मामले में कुछ नए और महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं। (अनंत ज्ञान)


ABHILASHI UNIVERSITY
(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)
Approved By: HP Govt., UGC, PCI, VCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU
ADMISSION OPEN 2026-27
FACULTY OF AYURVEDA
• B.A.M.S.
• D. PHARMACY (AYURVEDA)
• DIPLOMA IN YOGA
SCHOOL OF HEALTH SCIENCES
• DIPLOMA IN MULTIPURPOSE HEALTH WORKER (MPHW)
• BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY (B.P.T.)
• BACHELOR OF MEDICAL LABORATORY SCIENCE (BMLS)
• BACHELOR OF ANESTHESIA & OPERATION THEATRE TECHNOLOGY (BAOTT)
• BACHELOR OF MEDICAL RADIOLOGY AND IMAGING TECHNOLOGY (BMRIT)
FACULTY OF AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) AGRICULTURE
• M.Sc. AGRICULTURE
➤ AGRONOMY
➤ HORTICULTURE (VEG. SCIENCES)
➤ GENETICS & PLANT BREADING
➤ ENTOMOLOGY
FACULTY OF VET. SCIENCES
• BACHELOR OF VETERINARY SCIENCE & ANIMAL HUSBANDRY (B.V.SC & AH)
COURSE DURATION: 5½ years
• TWO YEARS VETERINARY PHARMACIST TRAINING COURSE
FACULTY OF PHARMACY
• B. PHARMACY • B. PHARMACY (LE)
• D. PHARMACY
• Pharm. D (6 Years-Doctor of Pharmacy)
• Pharm. D-PB • Ph.D. in Pharmaceutical Science
• M. PHARMACY (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics)
FACULTY OF ENGG. & MANAGEMENT
• B.TECH (CSE) • M.TECH (CSE)
• BCA • BBA • MBA • MBA (EXECUTIVE)
• MBA (PART TIME) • Ph.D. MANAGEMENT
FACULTY OF EDU. HUMANITIES & BASIC SCIENCES
• DIPLOMA IN ART & CRAFTS (DRAWING MASTER)
• B.A. B.Ed. (ITEP-Middle), B.Sc. B.Ed. (ITEP-Middle)
• B.Sc. MED./ NON-MED. • B.A.
• M.A. EDUCATION • Ph.D. EDUCATION
SCHOLARSHIP available to SC/ST STUDENTS T & C Apply
H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9459052533, 9816102238
9816242139, 9816400520, 9816700520
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: admissioncell@abhilashiuniversity.ac.in , regabhilashi@gmail.com

**पहल**

## फारेंसिक ने आईटीआई मंडी के साथ मिलकर प्रोजेक्ट के लिए भेजा था प्रस्ताव, मिली मंजूरी

# फेक वीडियो का पता लगाने के लिए हिमाचल विकसित करेगा टूल

अनंत ज्ञान




**राजेश कुमार, धर्मशाला।** वर्तमान में फेक और एआई जनरेटेड वीडियो बन रहे हैं, ऐसे में एआई जनरेटेड वीडियो आईडेंटिफाई भी करना होगा, जिसके लिए अभी मार्केट में कोई फुलप्रूफ टूल नहीं है, यदि हैं तो बाहर के हैं, जिस पर हिमाचल प्रदेश फोरेंसिक निदेशालय की टीम टूल बनाने के लिए कार्य कर रही है।

हिमाचल प्रदेश फारेंसिक सेवा निदेशालय की निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने विशेष बातचीत में बताया कि उम्मीद है कि आगामी कुछ वर्षों में टीम कुछ इस तरह के टूल बनाएगी, जिससे हिमाचल फोरेंसिक फेक वीडियोज को आईडेंटिफाई करने में सक्षम होगी। यही नहीं हिमाचल प्रदेश फोरेंसिक सेवा निदेशालय ने डीप फेक डिटेक्शन हेतु टूल विकसित करने के लिए फोरेंसिक ने आईटीआई मंडी के साथ मिलकर प्रोजेक्ट करने के लिए भारत सरकार को लिखा था, जो कि स्वीकृत हो गया है। प्रोजेक्ट के लिए भारत सरकार से पैसा आने के बाद उस पर कार्य किया जाएगा।

### फोरेंसिक ने विदेश में एआई रिसर्च वर्क किया पेश



**डॉ.** मीनाक्षी महाजन ने बताया कि हिमाचल प्रदेश फोरेंसिक सेवा में (आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस) एआई के प्रयोग को लेकर कार्य शुरू दिया है, जिसमें फोरेंसिक ने एआई पर काफी रिसर्च वर्क भी किया है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश फोरेंसिक सेवा ने अपना रिसर्च वर्क इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ फोरेंसिक साइंटिस्ट की विदेश में आयोजित वर्कशाप में प्रस्तुत किया है। वर्कशॉप में क्वालिटी रिपोर्ट को लेकर चर्चा हुई है, जिसके लिए क्वालिटी स्टैंडर्ड को अडाप्ट करना पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश सहित पूरे भारत में फोरेंसिक लैबस एक्रेडेटेड हैं। हिमाचल प्रदेश, भारत का पहला राज्य है, जिसमें सभी लैबस आईएसओ एक्रडेटेड हैं।

### स्मार्ट अपराधी कर रहे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल

**बकौल** डॉ. मीनाक्षी, न्यू फोरेंसिक की डेफिनेशंस आ रही हैं, क्योंकि अपराधी स्मार्ट हो गए हैं, जो कि टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में एआई मॉडल को डिवेलप किया जाना समय की जरूरत है, मॉडल डिवेलप होने के बाद उसका केस एनालिसिस में इस्तेमाल सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस दिशा में हिमाचल प्रदेश फारेंसिक ने काम करना शुरू कर रहा है। इसी के साथ फोरेंसिक प्रयासरत है कि ऐसे मॉडल डिवेलप व ट्रेंड करके प्रेक्टिकल रियल केसिस में इसका इस्तेमाल किया जाए।

# सड़क निर्माण में अपनाई जाएगी आधुनिक जल निकासी व्यवस्था : विक्रमादित्य सिंह

## मंत्री ने कुमारसैन में जन आभार अभिवादन समारोह में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** प्रदेश सरकार में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने रविवार को कुमारसैन के ऐतिहासिक दरबार ग्राउंड में आयोजित जन आभार अभिवादन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर स्थानीय विधायक कुलदीप सिंह राठौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

अपने संबोधन में विक्रमादित्य सिंह ने जनता द्वारा दिए गए स्नेह, विश्वास एवं सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनसेवा, सुशासन एवं समग्र विकास के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति में स्थानीय पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नई ड्रेनेज नीति के तहत सड़क निर्माण में आधुनिक जल निकासी व्यवस्था अपनाई जाएगी तथा बड़े कलवर्टों का निर्माण किया जाएगा, ताकि बरसात के दौरान सड़कों को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के अंतर्गत इस क्षेत्र की आठ संपर्क सड़कें स्वीकृत की गई हैं। इन सड़कों के निर्माण के लिए संबंधित लोगों को अपनी भूमि गिफ्ट डीड के माध्यम से उपलब्ध करवानी होगी, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जा सके।



### नारकंडा-डोजा-भदावली सड़क का कार्य प्रगति पर

**मंत्री** ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के माध्यम से नारकंडा-डोजा-भदावली सड़क पर लगभग 6 करोड़ 70 लाख की लागत से निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शीघ्र ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कथल नाला-कोटी नाला संपर्क मार्ग पर लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से उन्नयन (अपग्रेडेशन) कार्य चल रहा है, जबकि औड़ी-कोटगढ़-बीथल सड़क पर लगभग 19 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, शहरी विकास तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में जनसहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा सरकार जनता के सहयोग से प्रदेश को विकास के नए आयाम प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### जन आभार अभिवादन समारोह जनता के स्नेह, विश्वास एवं समर्थन का प्रतीक : कुलदीप

**स्थानीय** विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने अपने स्वागत संबोधन में मुख्यातिथि का कुमारसैन आगमन पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि जन आभार अभिवादन समारोह जनता के स्नेह, विश्वास एवं समर्थन का प्रतीक है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याण एवं विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण तथा प्रदेश के संतुलित विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कुमारसैन क्षेत्र के विकास के लिए विधायक निधि से लाखों रुपये की राशि उपलब्ध करवाई गई है तथा भविष्य में भी विकास कार्यों के लिए हरसंभव सहयोग जारी रहेगा। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा दिए जा रहे सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति : एसएसपी

# शिमला में दो हफ्तों में सात मामलों में पकड़ा 157 ग्राम चिट्टा, 15 गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**शिमला।** जिले में पिछले दो सप्ताह के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस ने लगातार अभियान चलाते हुए सात मामले दर्ज किए हैं। इन मामलों में कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान जिले के अलग-अलग इलाकों से करीब 157 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों में कुछ को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, जबकि कुछ पुलिस रिमांड पर हैं। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक 23 जून को रोहड़ू उपमंडल की डिटेक्शन सेल ने गुप्त सूचना के आधार पर नालू-महेंदली के पास एक कार की तलाशी ली।

पुलिस के अनुसार कार के डैशबोर्ड में छिपाकर रखी गई प्लास्टिक की पुड़िया से करीब पांच ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस मामले में पुलिस थाना रोहड़ू में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जुब्बल निवासी मनोरंजन कुमार, गोपी चंद और रजत औक्टा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है। मामले की जांच जारी है।

24 जून को स्पेशल सेल शिमला ने एनएच-05 पर शोघी के पास नाकाबंदी के दौरान एक टैक्सी की तलाशी ली। पुलिस के अनुसार विशाल महन्ता निवासी चियोग के बैग में रखे जूस के डिब्बे के अंदर से करीब 27 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसी रात होटल स्वास्तिक इन के पास पुलिस ने बिहार के दरभंगा निवासी सुनील कुमार के बैग से एक सिगरेट की डिब्बी में छिपाकर रखा गया करीब नौ ग्राम हेरोइन बरामद किया। इस मामले में भी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। प्रवक्ता ने बताया कि 26 जून को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक मोटरसाइकिल की तलाशी ली। पुलिस के अनुसार पिछली सीट के नीचे छिपाए गए पॉलीथीन पैकेट से करीब 31 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस मामले में विशार्थ आर्यन राणा और काव्या सिंह नेगी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। दो जुलाई को स्पेशल सेल ने घोड़ा चौकी स्थित एक किराये के कमरे की तलाशी ली। पुलिस के अनुसार कमरे में गद्दे के नीचे से करीब सात ग्राम हेरोइन और 26 हजार नकद बरामद हुए। इस मामले में राकेश कुमार निवासी ज्वालामुखी, जिला कांगड़ा और हेमराज निवासी जुब्बल को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी छह जुलाई तक पुलिस रिमांड पर हैं।



पुलिस प्रवक्ता ने कहा इसी दिन पुलिस थाना सुन्नी क्षेत्र में गौतम निवास, सुन्नी चौक स्थित एक कमरे की तलाशी के दौरान करण गौतम के कब्जे से करीब 13 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर छह जुलाई तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया। तीन जुलाई को पुलिस थाना कोटखाई की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक वाहन की तलाशी ली। पुलिस के अनुसार रक्षित चौहान, राहुल शर्मा और लवली शर्मा के कब्जे से करीब 64 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत ने सात जुलाई तक पुलिस रिमांड पर भेजा है।

एसएसपी शिमला गौरव सिंह का कहना है कि सातों मामलों की जांच जारी है और नशे की आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## वादों से नहीं, कामों से होगा कांग्रेस सरकार का मूल्यांकन

# पांच लाख नौकरियों का वादा करने वाली सरकार बताए युवाओं को क्या मिला : तोमर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर ने कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय बैठक में भाजपा पर लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता अब राजनीतिक भाषणों से नहीं, बल्कि सरकार के कामकाज से फैसला करेगी। कांग्रेस नेताओं को भाजपा पर आरोप लगाने के बजाय अपने ढाई वर्ष के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस ने प्रदेश की महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों, किसानों और हर वर्ग से बड़े-बड़े वादे किए थे। महिलाओं को प्रतिमाह 1500 देने की गारंटी, युवाओं को पांच लाख रोजगार देने का वादा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के दावे किए गए थे, लेकिन आज इनमें से अधिकांश वादे केवल चुनावी घोषणाएं बनकर रह गए हैं। प्रदेश की लाखों महिलाएं आज भी 1500 की गारंटी का इंतजार कर रही हैं, जबकि युवा रोजगार की आस लगाए बैठे हैं। बलदेव तोमर ने कहा कि उपमुख्यमंत्री ने चुनावी सभाओं में बार-बार कहा था कि प्रदेश के युवाओं को आउटसोर्स नहीं बल्कि नियमित सरकारी नौकरियां दी जाएंगी, लेकिन वास्तविकता यह है कि प्रदेश के बेरोजगार युवा आज भी भर्तियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि किसी नियमित सरकारी नियुक्ति की सबसे अधिक चर्चा हुई है, तो वह उपमुख्यमंत्री की बेटी की नियुक्ति है। कांग्रेस सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि प्रदेश के लाखों युवाओं से किए गए रोजगार के वादों का क्या हुआ और नियमित भर्ती प्रक्रिया क्यों ठप पड़ी हुई है।

तोमर ने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को व्यापक जनसमर्थन मिला है। जिला परिषद, बीडीसी और अधिकांश पंचायतों में प्रधान व उपप्रधान पदों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी विजयी रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयासों के बावजूद जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया, जो प्रदेश में भाजपा के प्रति बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।

# सीबीएसई स्कूलों में नियुक्तियों में देरी पर छात्र-अभिभावक मंच तल्ख

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश छात्र अभिभावक मंच ने सरकारी सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्तियों में हो रही देरी पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है और उनका भविष्य दांव पर लग गया है। मंच के संयोजक विजेंद्र मेहरा और सह संयोजक विवेक कश्यप ने कहा कि सरकार ने शुरुआत में स्पष्ट नीति बनाई थी कि मेरिट के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को उनकी पसंद के विद्यालयों में नियुक्ति दी जाएगी। मेरिट सूची जारी होने के बावजूद अब तक नियुक्तियां नहीं होना सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

उन्होंने कहा कि सरकारी सीबीएसई स्कूलों में अभी तक सीबीएसई पाठ्यक्रम की पुस्तकें भी उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं, जिससे अभिभावकों को इंटरनेट से पाठ्यक्रम डाउनलोड कर फोटोस्टेट करवाना पड़ रहा है और उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

मंच ने कहा कि कई सीबीएसई स्कूल प्रधानाचार्यों और शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। बड़ी संख्या में शिक्षक पहले ही हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के विद्यालयों में स्थानांतरित हो चुके हैं, जबकि वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना सर्वेक्षण में लगाए जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई और प्रभावित हुई है।

मंच ने मुख्यमंत्री से चयनित अभ्यर्थियों की शीघ्र काउंसलिंग कर मेरिट के आधार पर नियुक्तियां देने, सभी सरकारी सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने तथा उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की। मंच ने चेतावनी दी कि यदि जल्द नियुक्तियां नहीं हुईं तो छात्र, अभिभावक और छात्र अभिभावक मंच सरकार के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# वायरल वीडियो के बाद एचआरटीसी कंडक्टर गीतानंद की नेरवा में तैनाती

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बाद हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के परिचालक गीतानंद को तारादेवी यूनिट से फिर नेरवा यूनिट में तैनात कर दिया गया है। एचआरटीसी के डिप्टी डिविजनल मैनेजर तारादेवी यूनिट-01 ने इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 22 नवंबर 2025 को जारी उस कार्यालय आदेश को निरस्त कर दिया गया है, जिसके तहत गीतानंद का मुख्यालय तारादेवी तय किया गया था।

अब उनकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से नेरवा यूनिट में कर दी गई हैं और उन्हें तुरंत नेरवा अड्डा प्रभारी के पास रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश उस समय आया है, जब कुछ दिन पहले गीतानंद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। वीडियो में उन्होंने एचआरटीसी की कार्यप्रणाली और विभागीय प्रबंधन पर सवाल उठाए थे। कैमरे के सामने वह भावुक हो गए थे और उन्होंने यहां तक कह दिया था कि यदि विभाग उन्हें दोषी मानता है तो उन्हें निलंबित कर दिया जाए या नौकरी से हटा दिया जाए।

### टिकट जांच के बाद सामने आया था पूरा मामला



**यह** मामला शिमला से रिकांगपियो जा रही एचआरटीसी की बस में हुई टिकट जांच से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार फ्लाइंग स्क्वाड ने बस की जांच के दौरान एक यात्री को बिना टिकट पाया था। इसके बाद परिचालक गीतानंद के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हुई। इसी घटना के बाद उन्होंने वीडियो जारी कर अपनी बात रखी। वीडियो में उनका कहना था कि बस में 48 यात्री सवार थे और उन्होंने सभी से कई बार पूछा था कि कोई बिना टिकट तो नहीं है। उनके अनुसार जिस यात्री के पास टिकट नहीं मिली, वह कुछ देर पहले ही बस में चढ़ा था और टिकट बनने से पहले ही जांच हो गई। उनका आरोप था कि गलती यात्री की थी, फिर भी कार्रवाई उनके खिलाफ की जा रही है। बस में मौजूद कई यात्रियों ने भी गीतानंद का समर्थन किया था। यात्रियों का कहना था कि यदि किसी यात्री ने बिना टिकट यात्रा की है तो उसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और जिस कर्मचारी की गलती नहीं है, उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

# कर्ण नंदा ने स्वामी हेमा नंद महाराज से लिया आशीर्वाद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने रविवार को शिमला स्थित श्री राम मंदिर सत्संग हॉल में आयोजित भक्त मिलन समारोह में भाग लेकर पूज्य श्री श्री 1008 स्वामी हेमा नंद महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने स्वामी के आध्यात्मिक प्रवचनों का श्रवण किया। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कर्ण नंदा ने कहा कि संत-महात्माओं का सान्निध्य समाज में सेवा, संस्कार, सद्भाव और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डेरा बाबा रुद्रानंद सेवक मंडल, शिमला के पदाधिकारियों और सेवकों को बधाई देते हुए ऐसे आयोजनों के निरंतर होते रहने की कामना की।



### उद्घोषित अपराधी काबू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिले के रामपुर क्षेत्र में वर्ष 2016 के मारपीट के एक मामले में अदालत द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किए गए एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस शिमला के अनुसार पुलिस थाना रामपुर में वर्ष 2016 में भारतीय दंड संहिता की धारा 325 और 323 के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह मामला गंभीर चोट पहुंचाने और मारपीट से जुड़ा है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एसीजेएम रामपुर की अदालत ने 30 अक्तूबर 2025 को प्रकाश चंद उर्फ टीमरू (33) निवासी गांव बणीबासा, तहसील ननखड़ी, जिला शिमला को उद्घोषित अपराधी घोषित किया था। पुलिस के अनुसार उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान 4 जुलाई को पुलिस थाना रामपुर और पुलिस उपमंडल रामपुर की पीओ सेल की संयुक्त टीम ने प्रकाश चंद उर्फ टीमरू को खोलीघाट क्षेत्र से कानून के अनुसार गिरफ्तार कर लिया।

### चियोग में विद्यार्थियों को दिया समाजसेवा का संदेश



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चियोग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर शुरू हो गया। शिविर का शुभारंभ जिला परिषद टियाली वार्ड की सदस्य नेहा जगटा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान 33 स्वयंसेवियों ने स्वागत गीत, एनएसएस गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि नेहा जगटा ने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मनिर्भरता और समाजसेवा का संदेश देते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। प्रधानाचार्य संदीप स्रह्ममार शर्मा ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की और स्वयंसेवियों से अनुशासन का पालन कर शिविर को सफल बनाने का आह्वान किया।

# लंबित मेडिकल बिलों और डीए एरियर का शीघ्र हो भुगतान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ ने प्रदेश सरकार से कर्मचारियों के लंबे समय से लंबित मेडिकल बिलों तथा डीए एरियर का भुगतान शीघ्र करने की मांग की है। संघ के मुख्य संरक्षक लोकेंद्र नेगी, प्रदेश प्रधान अजय नेगी, चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, कार्यकारी प्रधान दीप सिंह खन्ना, महासचिव इंदर ठाकुर, मार्गदर्शक राजेश सैनी तथा मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने कहा कि लंबे समय से भुगतान लंबित रहने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया। संघ के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन प्रणाली ही सबसे हितकारी व्यवस्था है और इससे किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ स्वीकार नहीं होगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल करने के निर्णय को कर्मचारी हित में सराहनीय बताया। साथ ही केंद्र सरकार से आग्रह किया कि हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों का एनपीएस का धन शीघ्र राज्य सरकार को लौटाया जाए। उन्होंने कहा कि एनपीएस से राशि निकालने की प्रक्रिया अत्यंत जटिल है तथा वर्षों की सेवा के बाद मिलने वाली कम पेंशन कर्मचारियों के साथ अन्याय है।

# 'लिंगुड़ा' बना ग्रामीणों की आय का साधन

## पौष्टिक होने के साथ-साथ औषधीय गुणों से भी भरपूर है यह सब्जी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी से सटे क्योंथल क्षेत्र में इन दिनों लोग जहां प्राकृतिक रूप से उगले वाली सब्जी लिंगुड़ा का लुत्फ उठा रहे हैं, वहीं पर लिंगुड़ा ग्रामीण परिवेश के लोगों की अतिक्ति आय का साधन भी बन गया है। लोग सारा दिन जंगल अथवा खड्डों से लिंगुड़ा को चुनकर लाते हैं और गुच्छियां बनाकर बाजार में बेच रहे हैं। फल एवं सब्जी विक्रेता राजेंद्र सिंह ने बताया कि लिंगुड़ा की सब्जी की बहुत मांग है और गांव से लिगुड़ा की सब्जी आने के उपरांत हाथों हाथ बिक जाती है ।

बता दें कि लिंगुड़ा को उगाया नहीं जाता, बल्कि यह बूटी विशेषकर नमी वाले क्षेत्रो, जंगलों अथवा खड्डों के किनारे स्वत: की उगती है। लिगुड़ा पूर्ण रूप से प्राकृतिक एवं जैविक है जोकि पौष्टिक होने के साथ साथ औषधीय गुणों से भरपूर है। पहाड़ों में प्राकृतिक रूप से उगने वाली इस सब्जी को यहां के लोग दशकों से खाते आ रहे हैं। लिंगुड़ा जहां रसायनों से दूर प्रकृति के आगोश में स्वत: ही पैदा होता है।



आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. जोशी ने बताया कि लिंगुड़ा में विटामिन ए, विटामिन बी कॉप्लेक्स, पोटाशियम, कॉपर, आयरन, फैटी एसिड, सोडियम, फास्फोरस, मैगनीशियम, कैरोटिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में मौजूद हैं। बता दें कि हिमालयन जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आइएचबीटी) पालमपुर में कुछ साल पहले शुरू हुए लुंगड़ू अथवा लिंगुड़ा के प्रारंभिक शोधों में यह बात सामने आई है। लिंगुड़ा में आयरन व मैगनिशयम प्रचुर मात्रा में पाए जाने से इसे कुपोषण से निपटने का एक अच्छा स्रोत माना गया है।

**रिकॉर्ड** 1500 मेगावाट क्षमता वाली नाथपा-झाकड़ी जलविद्युत परियोजना ने रचा नया कीर्तिमान

# एक दिन में 39.571 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** देश की सबसे बड़ी 1500 मेगावाट क्षमता वाली नाथपा-झाकड़ी जलविद्युत परियोजना ने बिजली उत्पादन के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एसजेवीएन के नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन (एनजेएचपीएस) ने 4 जुलाई 2026 को एक ही दिन में 39.571 मिलियन यूनिट (एमयू) विद्युत उत्पादन कर परियोजना के इतिहास का दूसरा सर्वाधिक एकल-दिवसीय उत्पादन दर्ज किया।

इस उपलब्धि के साथ परियोजना ने 18 जुलाई 2023 को बने 39.570 मिलियन यूनिट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। हालांकि 13 अगस्त 2024 को स्थापित 39.572 मिलियन यूनिट का सर्वकालिक रिकॉर्ड महज 0.001 मिलियन यूनिट के अंतर से अभी भी कायम है।

### ◆ देश के सबसे बड़े भूमिगत प्रोजेक्ट ने दोहराई उत्कृष्टता

एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता ने इस उपलब्धि पर परियोजना के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उत्कृष्ट परिचालन क्षमता, बेहतर तकनीकी प्रबंधन और पूरी टीम की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि एसजेवीएन भविष्य में भी ऊर्जा उत्पादन के नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश की ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करेगा।

नाथपा-झाकड़ी जलविद्युत परियोजना हिमाचल प्रदेश के किन्नौर और शिमला जिलों में सतलुज नदी पर स्थित है तथा इसे भारत की सबसे बड़ी भूमिगत जलविद्युत परियोजना माना जाता है। इस परियोजना को प्रतिवर्ष लगभग 6950.88 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह लगातार निर्धारित लक्ष्यों से अधिक उत्पादन कर अपनी दक्षता साबित करती रही है।



परियोजना का निर्माण भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार के बीच 1991 में हुए समझौते के बाद शुरू हुआ था तथा इसे लगभग 8187 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया।

मई 2004 में परियोजना का संचालन शुरू हुआ था, जबकि 28 मई 2005 को तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने इसे राष्ट्र को समर्पित किया था। नाथपा-झाकड़ी परियोजना से उत्पादित बिजली हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और चंडीगढ़ सहित उत्तर भारत के कई राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को उपलब्ध कराई जाती है। ऊर्जा क्षेत्र में यह उपलब्धि एसजेवीएन की तकनीकी क्षमता और देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर को संवारा



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढज़मूला में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर एवं शौचालय की साफ-सफाई की। यह गतिविधि कार्यक्रम अधिकारी विकास नाग एवं ऊषा गौतम की देखरेख में संपन्न हुई। बौद्धिक सत्र में रिसोर्स पर्सन प्रदीप धीमान ने छात्रों को स्मार्ट वर्क, अनुशासन और सहयोग के महत्व पर जानकारी दी।

### एचपीएएस नोटिफिकेशन में देरी, उम्मीदवार हताश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचपीएएस) की भर्ती अधिसूचना में देरी से अभ्यर्थियों में निराशा बढ़ गई है। उम्मीदवार राजेश पठानिया, अजय कुमार सहित अन्य ने कहा कि सामान्यतः जून तक परीक्षा प्रक्रिया शुरू हो जाती थी, लेकिन इस वर्ष अभी तक विज्ञापन जारी नहीं हुआ है। उम्मीदवारों ने सरकार से जल्द अधिसूचना जारी करने की मांग की है, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित रह सके।

### मटौर में आध्यात्मिक सत्संग संपन्न

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** दव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में श्री बी.पी. शर्मा के निवास, मटौर (कांगड़ा) में आध्यात्मिक सत्संग एवं भजन-कीर्तन श्रद्धापूर्वक सम्पन्न हुआ। महात्मा अश्विनी के भजनों से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। स्वामी जगदीशानंद ने अंगद प्रसंग के माध्यम से गुरु के प्रति अटल विश्वास का संदेश दिया। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया।

### 108 एंबुलेंस ने कराया सुरक्षित प्रसव, जच्चा-बच्चा स्वस्थ



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** 108 एंबुलेंस सेवा एक बार फिर जीवनरक्षक साबित हुई। शनिवार देर रात करीब 11:30 बजे लगबधना चराली गांव में प्रसव पीड़ा से जूझ रही गर्भवती महिला ज्योति (27), पत्नी चरण सिंह की सूचना मिलते ही एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए ईएमटी अमित कुमार ने सूझबूझ दिखाते हुए घर पर ही सुरक्षित प्रसव कराया, जिसमें महिला ने स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। जच्चा और बच्चा दोनों को बाद में सिविल अस्पताल देहरा में भर्ती कराया गया। टीम की सराहना की जा रही है।

### महाराणा प्रताप स्कूल में शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, धरमगिरी पठियार में Educating Parents About Education विषय पर एक प्रभावशाली शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सीबीएसई से जुड़े विभिन्न विद्यालयों के 67 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य रिसोर्स पर्सन गौरव गोगना (पीजीटी इकोनॉमिक्स, कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल, कुल्लू) तथा जगदीप शर्मा (पीजीटी कंप्यूटर साइंस एवं विभागाध्यक्ष, आईसीटी विभाग, जीएवी पब्लिक स्कूल, कांगड़ा) ने अपने विचार साझा किए। प्रधानाचार्या ऐश्वर्या संबयाल ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं शिक्षकों के व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय के एमडी कुलदीप ठाकुर और प्रबंधक सुभाष पठानिया ने भी आयोजन की सराहना की।

# 2.532 किलो चरस के साथ पंजाब का तस्कर काबू

## पुलिस ने नागाबाड़ी टोल प्लाजा के पास किया गिरफ्तार, मोटरसाइकिल भी की जब्त



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार चरस तस्कर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** सीआईए नूरपुर की टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने नागाबाड़ी टोल प्लाजा के समीप एक मोटरसाइकिल सवार पंचाब के तस्कर को 2.532 किलोग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम गश्त और चेकिंग के दौरान टोल प्लाजा के पास तैनात थी, तभी एक संदिग्ध हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (नंबर पीबी 35 एच 9592) को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन चालक के कब्जे से भारी मात्रा में चरस बरामद हुई, जिसके बाद पुलिस ने नशीला पदार्थ और मोटरसाइकिल दोनों को कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अश्वनी कुमार (33) पुत्र जसवंत राय, निवासी रविदास मॉल, नरोट मेहरा, जिला पठानकोट (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। इस संबंध में एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई जारी है।

### बस में सवार व्यक्ति से 221.37 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी पुलिस ने बाजार के समीप बस में कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति से 221 ग्राम 37 मिलीग्राम चरस बरामद की है। यह कार्रवाई विश्वसनीय गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने आरोपी की पहचान राज कुमार (45) पुत्र जगदीश चंद, निवासी वार्ड नंबर-1, गुर्नवार, तहसील डाडासीबा, जिला कांगड़ा के रूप में की है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से नशीला पदार्थ मिला। एसपी संदीप धवल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि चरस कहां से लाई गई थी और इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### पुलिस ने गगल में पठानकोट के युवक को 6.74 ग्राम चिट्टे के साथ किया गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस ने पठानकोट निवासी युवक को 6.74 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम की विशेष टीम गश्त पर थी, तो गुप्त सूचना के आधार पर गगल के पास पठानकोट निवासी एक युवक के कब्जे से 6.74 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान वलविंद्र सिंह पुत्र नरेश सिंह निवासी दुरंग खंड तरहारी तहसील व जिला पठानकोट पुलिस थाना शाहपुर कंडी पंजाब आयु 27 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# नवनिर्वाचित नेतृत्व देगा ग्रामीण विकास और पारदर्शिता को नई गति: त्रिलोक



नवनिर्वाचित ब्लॉक समिति अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का पदग्रहण समारोह आयोजित।

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** भाजपा प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा समर्थित नवनिर्वाचित ब्लॉक समिति अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का पदग्रहण समारोह विकास, सुशासन और जनसेवा के नए युग का शुभारंभ है।

उन्होंने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कपूर ने विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित नेतृत्व ग्रामीण विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन और जनप्रतिनिधि मिलकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने नगर निगम और विकास खंड की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इनके सुदृढ़ीकरण में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के प्रयास उल्लेखनीय रहे हैं। साथ ही उन्होंने पालमपुर ग्रामीण क्षेत्र की जनता का आभार जताया, जिन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अपनी आस्था दिखाई। इस अवसर पर समारोह में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के बीच नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया।

## मनरेगा कर्मियों की अधिसूचना पर विवाद, ग्राम रोजगार सेवक संघ ने जताया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पिछले दिन मनरेगा कर्मियों के लिए जारी नई अधिसूचना को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। अधिसूचना के अनुसार मनरेगा में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक सहित सभी कर्मियों को वीबीजी राम जी नामक केंद्र सरकार के नए एक्ट में मर्ज किया गया है। ग्राम रोजगार सेवक संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष जसविंदर अंगरिया ने कहा कि इस अधिसूचना में दो प्रावधान पूरी तरह गलत हैं। पहला, सभी कर्मियों की नियुक्ति 01/07/2026 से नई मानी जाएगी और दूसरा, उन्हें वर्तमान वेतन पर ही नई योजना में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि इससे 18 वर्षों की सेवा को समाप्त कर नया कार्यकाल शुरू किया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। संघ ने आरोप लगाया कि विभाग और सरकार ने समायोजन की मांग को नजरअंदाज किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग में रिक्त पदों पर समायोजन होना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द संशोधन नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। साथ ही मांग की है कि कर्मियों को नियमित समायोजन देकर भविष्य सुरक्षित किया जाए और नई भर्तियों से रोजगार अवसर बढ़ाए जाएं।

## स्पोर्ट्स टूरिज्म से कांगड़ा में पर्यटन को मिली नई उड़ान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज और आसपास के क्षेत्रों में इस वर्ष पर्यटन कारोबार ने नई रफ्तार पकड़ी है। समर सीजन के दौरान बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक जिला कांगड़ा पहुंचे, जिससे पर्यटन उद्योग को उल्लेखनीय बढ़ावा मिला है। खासकर विदेशी पर्यटकों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई है।

**◆ पिछले वर्ष की अपेक्षा बढ़ी विदेशी पर्यटकों की संख्या**

जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने बताया कि अप्रैल माह में जिले में करीब 85 हजार घरेलू और 4,500 विदेशी पर्यटक पहुंचे। यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है, जो जिले में बढ़ती पर्यटन गतिविधियों का संकेत है। पर्यटकों की सबसे अधिक आवाजाही धर्मशाला, मैक्लोडगंज, भागसूनाग, धर्मकोट, नड्डी, पालमपुर और बीड़-बिलिंग क्षेत्रों में रही। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स टूरिज्म भी जिले की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहा है। धर्मशाला में क्रिकेट मुकाबलों और बीड़-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग जैसी एडवेंचर गतिविधियों ने पर्यटकों को आकर्षित किया है। विशेष रूप से पैराग्लाइडिंग के लिए विदेशी पायलटों और एडवेंचर प्रेमियों की लगातार बढ़ती आमद से क्षेत्र में पर्यटन को नई गति मिली है।

# राज्यपाल कविंद्र गुप्ता के समक्ष रखीं अवेरी क्षेत्र की समस्याएं



**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** टाशिजोंग मॉनेस्ट्री में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता के आगमन पर जिला परिषद वार्ड नंबर 17 अवेरी के सदस्य शुभम कपूर ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे उनके समक्ष रखे। उन्होंने होली-उतराला सड़क मार्ग को शीघ्र निर्माण की प्रमुख मांग उठाई तथा धरेड़ पंचायत के कंड-कोसरी क्षेत्र में मोबाइल टॉवर लगाने की आवश्यकता बताई, जिससे नेटवर्क समस्या का समाधान हो सके। इसके साथ ही उन्होंने फटहार पंचायत के कनारथू गांव में पिछले छह वर्षों से बंद आयुर्वेदिक एवं पशुपालन डिस्पेंसरी को पुनः शुरू करने की मांग की, ताकि स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। शुभम कपूर ने अवेरी क्षेत्र की जर्जर सड़कों की मरम्मत, विद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति तथा पेयजल योजनाओं के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने जल शक्ति विभाग से संबंधित समस्याओं को उठाते हुए नियमित जलापूर्ति और योजनाओं के बेहतर रखरखाव की मांग की। इसके अलावा उन्होंने शहीद परिवारों से जुड़े लंबित मामलों को भी प्रमुखता से रखा और उन्हें सम्मान व सुविधाएं सुनिश्चित करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, धार्मिक गुरु और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## सीबीएसई स्कूलों पर सरकार की नीयत और नीति दोनों फेल: राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार घोषणाएं करने में आगे और उन्हें धरातल पर उतारने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी स्कूलों में सीबीएसई प्रणाली लागू करने की घोषणा के बावजूद लगभग एक वर्ष बीत जाने पर भी प्रदेश में एक भी सीबीएसई सरकारी स्कूल शुरू नहीं हो पाया है। राकेश जम्वाल ने आरोप लगाया कि इस देरी के कारण विद्यार्थी निजी स्कूलों या अन्य राज्यों का रुख करने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है और छात्रों का भविष्य असमंजस में है। उन्होंने कहा कि स्वयं शिक्षा मंत्री भी स्वीकार कर रहे हैं कि मामला अभी तक नियुक्तियों और निर्णयों में अटका हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार की निष्क्रियता बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

## फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे दिन डॉ. वीके ने दिया आउटकम बेस्ड एजुकेशन पर व्याख्यान



लॉरिएट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन।

अनंत ज्ञान

**ज्वालामुखी।** लॉरिएट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, ज्वालामुखी (जिला कांगड़ा) में आयोजित छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे दिन प्रख्यात शिक्षाविद् एवं फार्मेसी शिक्षा विशेषज्ञ तथा पूर्व प्रिंसिपल, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ फार्मेसी, संभाजीनगर प्रो. वीके मौर्य मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य एवं निदेशक प्रो. डॉ. एमएस आशावत, संयोजक प्रो. डॉ. विनय पंडित तथा प्रो. डॉ. सीपीएस वर्मा ने किया।

मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। डॉ. मौर्य ने 'आउटकम बेस्ड एजुकेशन: ए पाथवे टू क्वालिटी एनहांसमेंट' विषय पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए परिणाम आधारित शिक्षण प्रणाली आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ओबीई न केवल विषय ज्ञान बढ़ाता है, बल्कि विद्यार्थियों में कौशल, नवाचार, आलोचनात्मक चिंतन व समस्या समाधान क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीक, डिजिटल संसाधनों, प्रभावी मूल्यांकन प्रणाली और छात्र-केंद्रित पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। प्रतिभागियों के प्रश्नों का उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों सहित उत्तर दिया। प्राचार्य डॉ. आशावत ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे विशेषज्ञों के अनुभव शिक्षण गुणवत्ता सुधार में अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम में कई संकाय सदस्य उपस्थित रहे।


## छतड़ी गांव में पानी निकासी न होने के घर बाहर बना तालाब



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** सिहुवां पंचायत के छतड़ी गांव में जीवन कुमार पुत्र अमर सिंह का परिवार पिछले तीन वर्षों से गंभीर जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। लगातार घर के आसपास पानी जमा होने से मकान के ढहने का खतरा पैदा हो गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि कई बार शासन, प्रशासन और एनएचएआई से गुहार लगाने के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। परिवार का कहना है कि उन्होंने पंचायत से मिली अनुदान राशि से घर बनाया था और मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। फोरलेन निर्माण के दौरान प्राकृतिक जल निकासी बाधित होने से पूरा पानी उनके घर के आसपास जमा हो रहा है, जिससे बरसात में स्थिति और खराब हो जाती है और पानी घर के अंदर तक पहुंच जाता है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि एनएचएआई ने सड़क तो बना दी, लेकिन जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की। उनका कहना है कि जेसीबी से नाली बनाकर पानी को पुलिया तक पहुंचाया जा सकता है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। विधायक केवल सिंह पठानिया ने मौके का निरीक्षण कर समाधान के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने जल्द स्थायी निकासी व्यवस्था की मांग की है।

**टांडा के छात्र डॉ. विक्रांत कर रहे हिमाचल का नाम रोशन**

## एम्स दिल्ली में रोबोटिक सर्जरी से मरीज को दिया नया जीवन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नई दिल्ली स्थित एम्स के ऑर्थोपेडिक्स विभाग में कार्यरत हिमाचल के प्रतिष्ठित अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रांत मन्हास ने मरीज रमा कपिल का सफल रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण (रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट) ऑपरेशन किया। सर्जरी सफल रहने के बाद मरीज के परिवार ने डॉ. मनहास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके चिकित्सा कौशल और मानवीय व्यवहार की सराहना की। डॉ. विक्रांत मनहास डॉ. राजेंद्र प्रसाद सरकारी मेडिकल कॉलेज, टांडा (कांगड़ा) के पहले एमबीबीएस बैच के छात्र रहे हैं। वर्तमान में वे एम्स, नई दिल्ली के ऑर्थोपेडिक्स विभाग में सेवाएं दे रहे हैं और रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी के विशेषज्ञ के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। रमा कपिल के पुत्र एवं हिमाचल भाजपा नेता, पर्यटन प्रकोष्ठ के सह संयोजक दिशांत कपिल ने कहा कि उनकी माता लंबे समय से घुटनों की गंभीर समस्या से जूझ रही थीं। डॉ. मन्हास ने आधुनिक रोबोटिक तकनीक से सफल ऑपरेशन कर उन्हें दर्द से राहत दिलाई। परिवार ने डॉ. विक्रांत मनहास का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे चिकित्सक न केवल हिमाचल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व हैं। उनका समर्पण, विनम्रता और सेवा-भाव चिकित्सा पेशे की श्रेष्ठ परंपराओं का उदाहरण है।

## हिमालयन कप इंटर-स्कूल वाडो-काई कराटे चैंपियनशिप 2026 का आयोजन



अनंत ज्ञान

**धरमगिरी।** हिमालयन इंटरनेशनल स्कूल रविवार को को महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, धरमगिरी में तृतीय हिमालयन कप इंटर-स्कूल वाडो-काई कराटे चैंपियनशिप-2026 का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की कराटे टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रबंध निदेशक कुलदीप सिंह ठाकुर, प्रबंधक सुभाष पठानिया तथा प्रधानाचार्या ऐश्वर्या सम्बयाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके निरंतर सहयोग से प्रतियोगिता का सफल संचालन संभव हो सका। शुभारंभ अवसर पर सभी टीमों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों और अतिथियों का स्वागत किया गया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अनुभवी निर्णायकों की देखरेख में मुकाबले पूरी तरह निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुए। समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों और सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, आत्मअनुशासन और आत्मविश्वास जैसे महत्वपूर्ण गुणों को प्रोत्साहित किया। यह चैंपियनशिप विद्यालय के लिए एक यादगार आयोजन सिद्ध हुई, जिसने खेलों में उत्कृष्टता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दोहराया।

# कांग्रेस सरकार में शाहपुर का विकास थमा: कमल शर्मा

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमल कुमार शर्मा ने कांग्रेस सरकार और शाहपुर के विधायक पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद शाहपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता आज स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है और अब बदलाव की तैयारी में है।



कमल शर्मा ने कहा कि हाल ही में पंचायत चुनावों में 70% जायदा प्रतिनिधि प्रधान से वार्ड सदस्य तक भाजपा विचार धारा के चुने जाने के साथ, ब्लॉक समिति चुनाव में भाजपा की जीत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। भाजपा ने चंगर क्षेत्र से महिला को चेयरमैन और धारकंडी से वाईस चेयरमैन को बनाकर स्पष्ट संकेत दिया है कि भाजपा हर वर्ग हर क्षेत्र को प्रतिनिधित्व देती है कमल शर्मा ने आरोप लगाया कि विधायक केवल घोषणाएं करने तक सीमित हैं, जबकि धरातल पर कोई बड़ा विकास कार्य दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लिए कोई नई बड़ी परियोजना नहीं लाई गई, बल्कि पूर्व में स्वीकृत कई विकास कार्य भी धीमी गति का शिकार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार हर मुद्दे पर धन की कमी का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारियों से बच रही है। जनता को यदि किसी योजना का लाभ मिल रहा है तो वह केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण मिल रहा है। कमल शर्मा ने दावा किया कि आने वाले समय में शाहपुर सहित पूरे प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार को जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।

## परागपुर में नेम प्लेट शुल्क वसूली पर भाजपा ने उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में नेम प्लेट लगाने के नाम पर प्रति घर 50 रुपये की वसूली को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा ने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया ब्लॉक कार्यालय के निर्देशों के तहत की जा रही है और इसे लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि यह कार्य सरकारी है तो क्या किसी निजी संस्था को सरकारी लोगो के साथ घरों में नेम प्लेट लगाने और राशि वसूलने के लिए अधिकृत किया गया है। विनोद शर्मा ने इसे पारदर्शिता के अभाव का मामला बताया। सेहरी पंचायत के ग्रामीणों ने भी इस व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए इसे जनता पर अतिरिक्त बोझ बताया। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरी प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी दी जाए और वसूली की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि यदि यह सरकारी योजना है तो शुल्क की व्यवस्था और उपयोग का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक होना चाहिए। वहीं बीडीओ परागपुर मीना शर्मा ने स्पष्ट किया कि यह कार्य केंद्र सरकार के किसी प्रोजेक्ट के तहत प्रस्तावित है और पूरी तरह स्वैच्छिक है। उन्होंने कहा कि किसी पर कोई दबाव नहीं है और जो व्यक्ति चाहें, वे स्वेच्छा से नेम प्लेट लगवा सकते हैं तथा इसके लिए 50 रुपए का शुल्क लिया जा रहा है।

## श्री मंगतराम चैरिटेबल हॉस्पिटल भराल रैहन में आधुनिक डिजिटल एक्स-रे मशीन का शुभारंभ



इलाके के मरीजों को दूरदराज जाने से मिलेगी राहत। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, जवाली।** रैहन क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में श्री मंगतराम चैरिटेबल हॉस्पिटल भराल रैहन में आधुनिक डिजिटल एक्स-रे मशीन का शुभारंभ कर दिया गया। रविवार को आयोजित भव्य समारोह में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सामूहिक रूप से मशीन का उद्घाटन किया।

इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी और उन्हें अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। अस्पताल की संचालिका डॉ. प्रिया शर्मा ने बताया कि डिजिटल एक्स-रे सुविधा के साथ अस्पताल में ईसीजी मशीन तथा सीआरएल कंपनी की आधुनिक लैब के माध्यम से शरीर से संबंधित सभी प्रकार की जांच की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ की सेवाएं भी शुरू की जाएंगी, जिससे मरीजों को और अधिक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा नेता ओपी चौधरी, रैहन पंचायत की प्रधान सुमना देवी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं गोलवां पंचायत के उपप्रधान अनिल पप्पू, रिटायर्ड वन अधिकारी रमेश चंद, भाजपा नेता पंकज हैप्पी, शिवधाम कमेटी देहरी, खुखनाड़ा मंदिर कमेटी तथा जन जागृति कमेटी के सदस्यों सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रैत में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक सेंटर का शुभारंभ, हर्बल उपचार की मिलेगी सुविधा



इलेक्ट्रो होम्योपैथी सेंटर का लोकार्पण के दौरान प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार व अन्य।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के विकास कार्य में एक नई पहल का आगाज हुआ है। जिला कांगड़ा स्थित रैत बाजार में संजीवनी इलेक्ट्रो होम्योपैथी सेंटर का लोकार्पण करते हुए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार रबिसन ने बताया कि चिकित्सक एसोसिएशन की ओर से संचालित इस सेंटर में मरीजों को हर्बल दवाओं से बिना किसी दुष्प्रभाव के उपचार उपलब्ध कराया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि सामान्य रोगों से लेकर कैंसर जैसी भयानक बीमारियों का इलाज चरणबद्ध तरीके से संभव है। इस मौके पर पंचायत समिति नगरोटा बगवां के उपाध्यक्ष व हेडा सलाहकार समिति के समन्वयक डॉ. उत्तम चंद कौंडल ने बताया कि जिले के हर कस्बे में एक इलेक्ट्रो होम्योपैथी सेंटर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही प्रदेश सरकार को इस चिकित्सा पद्धति के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी, ताकि लोगों को इसका फायदा मिल सके। सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी बगली के निदेशक सुरेंद्र ठाकुर व प्रबंधक रेनू ठाकुर ने छात्र-छात्राओं के साथ शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सेंटर प्रभारी डॉ. अजय त्यारा ने आए हुए अतिथियों व गणमान्य नागरिकों का स्वागत एवं आभार जताया। इस केंद्र में प्राकृतिक चिकित्सा के साथ फिजियोथिरेपी की सुविधा उपलब्ध है।

# मटाहनी-घनोटला सड़क की सुध लेना भूला विभाग

## लोक निर्माण विभाग की अनदेखी पर लोगों में रोष, ग्रामीणों को करना पड़ रहा 8-10 किमी का अतिरिक्त सफर

अनंत ज्ञान




पिछली बरसात में बह गया था सड़क का 50 मीटर हिस्सा। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के साथ सटे मटाहनी, शस्त्र, बल्ली, घनोटला इलाके के लोग सड़क सुविधा के मामले में पीडब्ल्यूडी की नजरअंदाजी से नाराज हैं। इलाके की सड़क पिछले साल बरसात के दिनों में हुई भारी बरसात के कारण खराब हो गई थी, उसका तकरीबन 50 मीटर हिस्सा ही क्षतिग्रस्त हो गया था। उस पर लगाई गई रिटेनिंग वॉल भी ढंगे के साथ बह गई थी। इस सड़क को बनाने में सरकार का करोड़ों रुपए खर्च हो चुका है, परंतु यह सड़क उपयोग में न होने के कारण लाभान्वित होने वाले गांवों के लिए सफेद हाथी ही साबित हो रही है।

वहीं, लोगों के कृषि आदि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। क्योंकि खेत आदि की बिजाई करने के लिए ट्रैक्टर जमीन तक पहुंचाने के लिए लोगों को आठ दस किलोमीटर घूम कर ट्रैक्टर खेतों तक पहुंचाना पड़ता है, जिससे लोगों का समय और पैसा भी अधिक देना पड़ता है। वाहनों के लिए कोई भी वैकल्पिक मार्ग नहीं है और लगभग एक साल से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे पहले भी लोगों ने स्वयं भी और अखबार के माध्यम से भी लोक निर्माण विभाग को बार-बार अनुरोध किया था, परंतु आज दिन तक इस सड़क को कोई भी सुध नहीं ली गई है, सिर्फ झूठे आश्वासन ही मिले हैं। इस सड़क की रिटेनिंग वॉल गिरने के कारण लोगों का एकमात्र प्राकृतिक पानी का स्रोत बावड़ी भी इसके नीचे दब चुकी है। क्योंकि बरसात के मौसम में कई बार मटमैले पानी की सप्लाई होने के कारण घरों को पीने के पानी की सप्लाई बाधित हो जाने के कारण समस्या पैदा हो जाती है। तब प्राकृतिक स्त्रोत ही काम आते हैं इस कारण नजदीक के लोगों को पीने के पानी की समस्या भी पैदा हो जाती है। लोगों के बार-बार अनुरोध करने पर भी अभी तक लोक निर्माण विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की है। केवल आश्वासन ही मिलते हैं। दो/तीन महीने पहले मीडिया के माध्यम से इस समस्या को उठाया गया था, तो उस समय अधिशाषी अभियंता ने कहा था कि लोगों की जमीन की आपसी कलह की वजह से यह काम नहीं हो पा रहा है। परंतु हकीकत यह है की लोगों ने लोक निर्माण विभाग के नाम इस सड़क के लिए जमीन गिफ्ट डीड के माध्यम से पहले ही सभी लोगों ने अपनी इच्छा से पीडब्ल्यूडी को दान की हुई है। इसका इंद्राज भी पीडब्ल्यूडी के नाम दर्ज है और उसकी राजस्व विभाग से निशान देही भी करवाई हुई है। जहां से भी सड़क के लिए भूमिदान की हुई है, वह भूमि अब लोक निर्माण विभाग की है, उसमें किसी का भी कोई इतराज नहीं है। प्रभावित लोगों का लोक निर्माण विभाग और सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त होता जा रहा है।

### पेयजल समस्या को लेकर जताई चिंता



**प्रभावित** लोगों ने विभाग से आग्रह किया है कि जब तक सड़क और पेयजल बावड़ी का स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए ताकि ग्रामीणों को आवागमन और पीने के पानी की सुविधा मिल सके। उनका कहना है कि सड़क टूटने से क्षेत्र की आवाजाही प्रभावित हुई है और पानी की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। ग्रामीणों ने यह भी चिंता जताई है कि क्षतिग्रस्त सड़क के आसपास स्थित घरों को आगामी बरसात में भूस्खलन का खतरा पैदा हो गया है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। प्रभावित गांव के राज कुमार, राज कमल, हेम राज, मगन सिंह, मीर चंद, राम सिंह, राम दयाल, वनीत कुमार, सरस्वती देवी, बिंदु देवी और मनसा राम आदि ने विभाग और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## रंगस विद्युत उपमंडल में 7 कैश कलेक्शन शिविर बंद

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** नादौन के विद्युत उपमंडल रंगस में कर्मचारियों की भारी कमी के चलते विद्युत निगम ने बड़ा निर्णय लेते हुए उपमंडल के अंतर्गत चल रहे 7 आउटडोर बिजली नकद संग्रहण शिविरों को बंद करने का फैसला लिया है। इसके कारण अब इन क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा करने के लिए ऑनलाइन माध्यम का उपयोग करना होगा या फिर निर्धारित तिथि पर रंगस विद्युत उपमंडल कार्यालय में जाकर नकद काउंटर पर भुगतान करना होगा। विद्युत उपमंडल रंगस के एसडीओ संदीप सांगल ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि बंद किए जा रहे इन शिविरों में दंगड़ी, बड़ा, बलडूक, जोलसप्पड़, पुतड़ियाल, लाहड़ और जीहन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कमी के कारण इन शिविरों का संचालन जारी रखना संभव नहीं रह गया था। एसडीओ ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे नए प्रावधानों के अनुसार सहयोग करें और समय पर अपने बिजली बिलों का भुगतान सुनिश्चित करें। निगम ने कहा है कि ऑनलाइन भुगतान सुविधा को अपनाने से उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा मिलेगी और कार्यालयों में भीड़ कम होगी।

# पंचायत चमराल में ग्राम सभा की बैठक 8 को

**अनंत ज्ञान, वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** नादौन की पंचायत बड़ा के विघटन से गठित नई पंचायत चमराल की पंचायती चुनावों के बाद पहली ग्राम सभा की बैठक 8 जुलाई को आयोजित की जाएगी। यह बैठक पंचायत के ध्यान योग मंदिर डब्बारघ्पट्टा में होगी।

पंचायत प्रधान नीता कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस ग्राम सभा में विभिन्न विकास योजनाओं के अनुमानित बजट पर चर्चा एवं अनुमोदन किया जाएगा। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, नशा निवारण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, खुले में शौच मुक्त अभियान तथा पेयजल स्त्रोतों की सफाई एवं उनके संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के सभी ग्रामीणों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है, ताकि कोरम पूरा हो सके और विकास कार्यों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा सके। यह नवगठित पंचायत की पहली ग्राम सभा होने के कारण ग्रामीणों में विशेष उत्साह और खुशी का माहौल है। प्रधान नीता कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य है कि आने वाले पांच वर्षों में पंचायत में अधिक से अधिक विकास कार्य करवाए जाएं और चमराल पंचायत को एक आदर्श पंचायत के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि सामूहिक सहयोग से पंचायत में विकास को नई दिशा तय होगी और सभी योजनाएं बेहतर ढंग से लागू की जाएंगी। ग्रामीणों में इस पहली ग्राम सभा को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और लोग इसे पंचायत के विकास की नई शुरुआत के रूप में देख रहे हैं।

◆ विकास योजनाओं पर होगा मंथन

# कुलदेवी माता का बनेगा मंदिर, कमेटी ने दी 11000 रुपए की सहायता राशि



कुलबीर सिंह पठानिया के साथ अन्य पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** ग्राम सुधार सभा किरोड़ी की बैठक रविवार को पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में हुई, जिसमें गांव के लोगों ने हिस्सा लिया। लोगों ने कुलदेवी माता के मंदिर को बनाने के लिए फैसला लिया और नई कमेटी का गठन भी किया गया। सभी पदाधिकारियों ने 11000 रुपए की राशि मंदिर के निर्माण के लिए देने का भरोसा दिया।

सभा के गठन में अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, प्रधान कुलबीर सिंह पठानिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष लेखराज पठानिया उप प्रधान केहर सिंह पठानिया और राजेश मिन्हास सचिन वतन सिंह पठानिया कोषाध्यक्ष दलजीत सिंह पठानिया मुख्य सलाहकार राकेश पठानिया सलाहकार मिलन सिंह पठानिया की सलाहकार जमील सिंह पठानिया और वित्त सचिव रमेश सिंह पठानिया का चुनाव किया गया इसके अलावा जो सदस्य चुने गए उनमें सुरेंद्र सिंह कुलवंत सिंह मनजीत सिंह सरताज सिंह रोशन लाल प्रताप सिंह दिलीप सिंह रमेश चंद और चतर सिंह शामिल हैं।

# जिप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव आज

## भाजपा ने बैठक में किया मंथन, धमरोल की अनीता और पनोह वार्ड की आशा अध्यक्ष पद की दौड़ में

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** जिला परिषद हमीरपुर के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव सोमवार को होगा। चुनाव से पहले भाजपा ने अलग से बैठक करके रविवार शाम को रणनीति बनाई है कि आखिर इस चुनाव के लिए कौन-कौन उम्मीदवार उपयुक्त हैं। समस्या यह है कि इस जिला में पार्टी के भी तक खींचतान भी है जिला परिषद के चुनाव के समय इसका खुलकर नजारा देखा गया है। अब अध्यक्ष के लिए भी और उपाध्यक्ष पद पर भी अपनों की तैनाती को लेकर विधायकों के भीतर खेमेबाजी का अंदाज देखा गया है, इसीलिए अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में भी अलग से बैठक रविवार को हुई है।

समाचार लिखे जाने तक कौन अध्यक्ष बनेगा और कौन उपाध्यक्ष इस पर अभी फैसला नहीं हो पाया था लेकिन इतना तय है कि इसी बैठक में सब क्लियर हो जाएगा। अब अध्यक्ष पद के लिए धमरोल वार्ड से जीतीं अनीता देवी की चर्चा हो रही है। सुजान पर क्षेत्र के मनोह वार्ड से पार्सल मनी आशा देवी की भी चर्चा है, लेकिन भाजपा के भीतर शायद इस बात की भी चर्चा है कि पिछली मर्तबा उन्होंने किसी और दल से चुनाव लड़ा था। तब भी चुनाव हार गई थी। अब भाजपा की बैठक में क्या तय होगा यह देखने वाली बात होगी। उपाध्यक्ष पद के लिए भी जोर आजमाइश तो हो ही रही है। हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा भी इस पद पर अपनों को बिठाने की फिराक में है। चाहत बड़सर क्षेत्र के विधायक की भी है। लेकिन अब हालात क्या हमीरपुर के लिए अनुकूल हैं। सारी चीजें बैठक में ही तय होनी है। कुल मिलाकर कब्जा तो जिला परिषद पर भाजपा का ही होना है, लेकिन मुख्यमंत्री के इस गृह जिले में इस तरह का यह समीकरण सत्ता पक्ष के लिए अजीबोगरीब चुनौती पेश किए हुए हैं। इसकी चर्चा भी खूब हो रही है। लेकिन पार्टी स्तर पर कांग्रेस के भीतर सभी ने चुप्पी साध ली है। इसका मतलब क्या है यह स्थिति पुराने और निष्ठावान कांग्रेसियों के लिए 'चुभन' का काम कर रही है।

### जिप वार्डों में भाजपा का दबदबा, कांग्रेस को केवल एक सीट

**जिले** में कुल 19 वार्ड हैं, जिनमें कांग्रेस केवल अमलेड़ वार्ड से रविंद्र गद्दी के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रही है। इसके अलावा शेष 18 वार्डों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों का प्रभाव देखने को मिला है। इनमें से 15 वार्डों पर सीधे तौर पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है, जबकि तीन वार्डों में बागी प्रत्याशियों ने बाजी मारी है। जाहू वार्ड से पवन चंदेल बागी उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतने में सफल रहे हैं। वे पिछली बार भी जिला परिषद सदस्य रह चुके हैं। ऊहल वार्ड से ज्योति ठाकुर और ताल वार्ड से आशा कुमारी ने भी जीत दर्ज की है। हालांकि ये सभी उम्मीदवार भाजपा विचारधारा से जुड़े माने जाते हैं, लेकिन उन्होंने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा और सफलता हासिल की। इस तरह के परिणामों को देखते हुए राजनीतिक विश्लेषक इसे भाजपा के व्यापक प्रभाव और संगठनात्मक मजबूती के रूप में देख रहे हैं, जबकि कांग्रेस के लिए यह परिणाम चिंताजनक स्थिति को दर्शाते हैं। कुल मिलाकर जिले की राजनीतिक तस्वीर में भाजपा का स्पष्ट वर्चस्व दिखाई दे रहा है।

# अनुराग पर टिप्पणी से पहले कुलदीप पठानिया अपने कार्यकाल का दें हिसाब: भाजपा

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भाजपा जिला हमीरपुर के अध्यक्ष राकेश ठाकुर और जिला महामंत्री अजय रिंटू ने कांग्रेस नेता कुलदीप सिंह पठानिया द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद अनुराग ठाकुर पर दिए गए बयानों को दुर्भाग्यपूर्ण, तथ्यहीन और राजनीतिक हताशा का परिचायक बताया है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि जिस व्यक्ति के कार्यकाल में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठे हों और नाबार्ड की निरीक्षण रिपोर्टों में वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं का उल्लेख किया गया हो, उसे पहले जनता के सामने अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि सार्वजनिक रिपोर्टों के अनुसार उस दौरान बैंक को लगभग 767.45 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति क्षति हुई तथा कई ऋण खाते निर्धारित कार्यक्षेत्र से बाहर स्वीकृत किए गए। राकेश ठाकुर और अजय रिंटू ने कहा कि देहरा विधानसभा उपचुनाव के दौरान आचार संहिता लागू रहने के बीच महिला मंडलों को 50-50 हजार रुपए वितरित किए जाने को लेकर भी कई सवाल उठे थे। उन्होंने मांग की कि यदि सब कुछ नियमों के अनुरूप हुआ है तो सरकार इस मामले में श्वेत पत्र जारी करे। भाजपा नेताओं ने कहा कि कुलदीप सिंह पठानिया पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आलोचकों में शामिल थे, लेकिन सत्ता का समीकरण बदलते ही उन्होंने अपना राजनीतिक रुख बदल लिया। उनका आरोप है कि अपनी राजनीतिक विफलताओं और कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन से ध्यान हटाने के लिए पठानिया अनुराग सिंह ठाकुर पर निराधार आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर पांच बार जनता के जनादेश से संसद पहुंचे हैं और उनके विकास कार्य ही उनकी सबसे बड़ी पहचान हैं।

# कसियाना के प्रतिनिधिमंडल ने उठाई सड़क की समस्या

## नरेश कुमार दर्जी ने दिया समाधान का भरोसा



अनंत ज्ञान

**भोरंज।** पंचायत कराह के कसियाना गांव के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व उपाध्यक्ष जिला परिषद एवं समाजसेवी नरेश कुमार दर्जी से मुलाकात कर गांव तक सड़क न होने की समस्या उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क न होने से आपातकाल में एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती और मरीजों को मुख्य सड़क तक ले जाने में भारी परेशानी होती है।

ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार उनकी समस्या का स्थायी समाधान होगा। नरेश कुमार दर्जी ने कहा कि सड़क जैसी मूलभूत सुविधा हर नागरिक का अधिकार है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को संबंधित विभागों और प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाकर समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कसियाना गांव तक सड़क निर्माण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

# चुनाव हारे सहकारी सभाओं के सचिवों-विक्रेताओं को दोबारा पदभार ग्रहण करने के दिए जाएं आदेश: कवि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश डिपो संचालक समिति ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि हाल ही में संपन्न पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में पराजित हुए सहकारी सभाओं के सचिवों और विक्रेताओं को भी मिड डे मील वर्करों तथा आशा वर्करों की तरह पुनः अपने पदों पर कार्यभार संभालने की अनुमति दी जाए। समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने रविवार को जारी बयान में कहा कि पंचायत चुनाव लड़ने के लिए कई सहकारी सभाओं के सचिवों और विक्रेताओं ने नियमों के अनुसार अपने पदों से इस्तीफा दिया था। हालांकि चुनाव परिणाम आने के बाद कुछ उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि सरकार और शिक्षा विभाग ने मिड-डे मील वर्करों को पुनः पद ग्रहण करने के आदेश जारी कर दिए हैं तथा आशा वर्करों के मामले में भी सकारात्मक व्यवस्था अपनाई गई है, लेकिन सहकारी सभाओं के सचिवों और विक्रेताओं के संबंध में अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उनके अनुसार यह भेदभावपूर्ण और तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि सभी कर्मचारियों ने चुनाव लड़ने के लिए समान परिस्थितियों में अपने पद छोड़े थे। अशोक कवि ने प्रदेश सरकार और सहकारिता विभाग से आग्रह किया कि समानता के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए सहकारी सभाओं के सचिवों और विक्रेताओं को भी पुनः अपने पदों पर बहाल करने के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि इससे प्रभावित कर्मचारियों को राहत मिलेगी और उनके परिवारों की आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

# यूजीसी गाइडलाइन्स पर केंद्र से पुनर्विचार करने की मांग



राजपूत सभा ने बड़सर क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ की बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला राजपूत महासभा और राजपूत कल्याण सभा के पदाधिकारियों की बैठक बड़सर विस क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में अन्य मुद्दों के साथ यूजीसी गाइडलाइन्स की वर्तमान स्थिति पर भी चर्चा हुई, जिसमें सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन मामले को लेकर निर्णय लिया कि जिला के सभी विधायक और सांसदों के साथ मिलकर सभा के पदाधिकारी यूजीसी गाइडलाइन्स को केंद्र सरकार द्वारा वापस लेने के लिए दबाव बनाने का अनुरोध करेंगे। बैठक में राजपूत समुदाय से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी विचार करके संगठन की मजबूती के लिए अभियान तेज करने के दायित्व भी सदस्यों को दिए गए। बैठक में राजपूत महासभा के महासचिव और राजपूत कल्याण सभा के अध्यक्ष जोगिंदर ठाकुर, उपाध्यक्ष सतीश बनयाल, महिंद्र भारद्वाज, यशपाल मंहास, सेवानिवृत प्रिंसिपल रंजीत गुलेरिया, मुकेश बनयाल, बलबीर बनयाल, अमर सिंह बनयाल, कृष्ण कुमार और ब्राह्मण समाज से परमजीत शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# विधायक आशीष शर्मा ने किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जिलास्तरीय पौधरोपण अभियान का शुभारंभ रविवार को किया गया। इस अभियान की शुरुआत हमीरपुर शहरी मंडल के बल्ह बूथ से हुई, जिसमें सदर विधायक आशीष शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा शहरी मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह ने की।

किसानों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक आशीष शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि यह न केवल भूमि की उर्वरक शक्ति को बचाए रखती है बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी बेहद जरूरी है। योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की भी अपील की। जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल काकू ने बताया कि यह पौधरोपण अभियान केवल एक बूथ तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे जिला के प्रत्येक बूथ पर आयोजित किया जाएगा ताकि पर्यावरण को हरा-भरा बनाया जा सके। इस कार्यक्रम में प्रभारी एवं प्रदेश किसान मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य अनिल कौशल ने कहा कि केंद्र सरकार किसान हित में अनेकों योजनाएं चला रही हैं। प्रदेश के किसानों को इन योजनाओं के लिए जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह, महामंत्री संदीप, सुशील शुक्ला, मंडल महामंत्री तेन सिंह आदि मौजूद रहे।

# टपरे पंचायत में विकास कार्यों पर मंथन, प्रवासियों के सत्यापन पर जोर

अनंत ज्ञान



पंचायत प्रधान प्रदीप की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** विकास खंड टौणी देवी के टपरे पंचायत में ग्राम सभा (जनरल हाउस) की बैठक पंचायत प्रधान प्रदीप कुमार चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पंचायत विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कुल 155 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। ग्राम सभा में बीपीएल सूची, विभिन्न सरकारी योजनाओं, पंचायत के विकास कार्यों तथा अन्य प्रशासनिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया कि पंचायत क्षेत्र में रहने वाले सभी बाहरी प्रवासियों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा उनकी पंचायत और संबंधित पुलिस चौकी में अनिवार्य रूप से एंट्री करवाई जाए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके। इसके अलावा किन्नर समुदाय से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई।

ग्राम सभा में पारित प्रस्ताव के अनुसार किसी भी सामाजिक अथवा पारिवारिक कार्यक्रम में किन्नर समुदाय को 1100 रुपए अथवा 2100 रुपए की राशि ही सम्मान स्वरूप दी जाएगी। इस प्रस्ताव को ग्राम सभा में दोहराया गया। बैठक में पंचायत प्रधान प्रदीप कुमार चौहान, उपप्रधान हरनाम चंद शर्मा, वार्ड सदस्य कुसमा देवी, नीना देवी, कुलदीप सिंह, सुरेश कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पूर्व प्रधान दीवाना चंद सहित पंचायत के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रधान प्रदीप कुमार चौहान ने सभी ग्रामीणों का बैठक में सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए पंचायत के विकास कार्यों में सहयोग बनाए रखने की अपील की।

मुसीबत खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव लोगों की सेहत पर पड़ रहा भारी

# उपमंडल बड़सर में कीटनाशकों का धड़ल्ले से उपयोग

अनंत ज्ञान

**एसके, बड़सर।** बरसात के मौसम में खेतों खलिहानों में कीटनाशकों का छिड़काव आम लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। जहरीले कीटनाशकों की चपेट में आकर कई लोग अस्पतालों के चक्कर लगा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मक्की की फसल के दौरान लोग खेतों तथा आसपास खरपतवार को रोकने के लिए कीटनाशकों का स्प्रे करते हैं। अगर यह कीटनाशक तय मात्रा में इस्तेमाल किए जाएं और ऊपर से बारिश हो जाए तो इसका असर काफी कम रहता है, लेकिन अगर यही कीटनाशक ज्यादा मात्रा में और ड्राई मौसम में इस्तेमाल किए जाएं तो खेतों के साथ गुजरने वाले रास्ते से जाते हुए लोग इसकी चपेट में आ जाते हैं।

ऐसे भी मामले सामने आए हैं जिसमें लोग बेहोश तक हो गए तथा उन्हें अस्पताल से दवाइयां तक लेनी पड़ी। अभी हालत यह है कि उपमंडल के अस्पतालों में रोज तीन से चार मरीज इससे प्रभावित होकर पहुंच रहे हैं। हालांकि प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा लोगों से अपील की जाती है कि कीटनाशकों का कम उपयोग करें और इसके लिए पंचायत से अनुमति भी लें लेकिन फिर भी कुछ लोग अपने कारनामों से बाज नहीं आ रहे हैं जिसका खामियाजा रास्तों से होकर गुजरने वाले लोगों को उठाना पड़ रहा है।

### जानलेवा बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं लोग

ये रसायन हवा, सांस या त्वचा के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर तत्काल (तीव्र) तथा लंबे समय तक बने रहने वाले (दीर्घकालिक) दोनों प्रकार के नुकसान पहुंचा सकते हैं। इनके संपर्क में आने से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है और शरीर की सामान्य कार्यप्रणाली प्रभावित हो सकती है। लंबे समय तक इन रसायनों के संपर्क में रहने से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां, हार्मोन असंतुलन, प्रजनन क्षमता में कमी तथा पार्किंसंस जैसी तंत्रिका तंत्र से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए ऐसे रसायनों से बचाव और सुरक्षा उपाय अपनाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि स्वास्थ्य पर इनके दुष्प्रभावों को कम किया जा सके।

### दवाइयों की निर्धारित मात्रा से अधिक प्रयोग न करें: अरविंद

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अरविंद टंडन ने बताया कि क्षेत्र के अस्पतालों में प्रतिदिन तीन से चार मरीज जहरीली दवाइयों या कीटनाशकों के संपर्क से उत्पन्न समस्याओं के उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने इसे एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बताते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कीटनाशकों का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उपयोगकर्ता हमेशा हाथों में ग्लव्स पहनें, मुंह पर मास्क लगाएं तथा दवाइयों की निर्धारित मात्रा से अधिक प्रयोग न करें। रसायनों के सीधे संपर्क से बचाव ही सबसे प्रभावी सुरक्षा उपाय है। जागरूकता और सावधानी से इन खतरनाक प्रभावों को काफी हद तक रोका जा सकता है।

**विभाग ने बंद कर रखी है जहरीले रसायनों की बिक्री:** कृषि विभाग विशेषज्ञ डॉक्टर नवीन के मुताबिक कृषि विभाग ने ऐसे रसायनों की बिक्री बिल्कुल बंद कर रखी है समय-समय पर किसानों को जागरूक करने के लिए कैंपों का आयोजन भी किया जाता है। लेकिन अगर फिर भी ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं तो विक्रेताओं को खतरनाक रसायनों की बिक्री बंद करने बारे आदेश दिए जाएंगे।

# जाहू में बने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा उपजाऊ कृषि भूमि बचाई जाए: मुनीश

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** प्रदेश में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण को लेकर भोरंज क्षेत्र के जाहू को उपयुक्त स्थान बताते हुए पूर्व जिला परिषद सदस्य मुनीश शर्मा ने सरकार से वैज्ञानिक अध्ययन के आधार पर निर्णय लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के संतुलित विकास, किसानों के हितों और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जाहू सबसे उपयुक्त विकल्प हो सकता है।

मुनीश शर्मा ने कहा कि जाहू प्रदेश के मध्य भाग में स्थित है, जिससे प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों के लोगों के लिए यहां तक पहुंचना अपेक्षाकृत आसान रहेगा। उनका कहना है कि किसी भी बड़े बुनियादी ढांचा परियोजना के लिए स्थान का चयन राजनीतिक या क्षेत्रीय आधार पर नहीं, बल्कि भौगोलिक, तकनीकी और पर्यावरणीय मानकों के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसी भूमि का चयन करना चाहिए, जहां उपजाऊ कृषि भूमि का कम से कम अधिग्रहण करना पड़े। उन्होंने दावा किया कि जाहू क्षेत्र में हवाई अड्डे के निर्माण से हमीरपुर, मंडी, बिलासपुर और आसपास के जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे पर्यटन, व्यापार, उद्योग और निवेश को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही क्षेत्र में सड़क, बिजली और अन्य आधारभूत सुविधाओं का भी तेजी से विकास होगा। सरकार को विशेषज्ञ संस्थानों से विस्तृत तकनीकी, पर्यावरणीय और सामाजिक अध्ययन करवाकर ही अंतिम फैसला करना चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील की कि प्रदेश के दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखते हुए जाहू सहित सभी संभावित स्थलों का निष्पक्ष मूल्यांकन कराया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि सभी पहलुओं का वस्तुनिष्ठ अध्ययन किया जाएगा तो जाहू एक मजबूत विकल्प के रूप में सामने आएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट एंड एक्शन थल्टूखोड़ ने 18 क्षय रोगियों को लिया गोद

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी स्थित सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट एंड एक्शन थल्टूखोड़ ने केंद्र सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य खंड पद्धर के 18 क्षय (टीबी) रोगियों को गोद लेकर उनकी निक्षय मित्र बनाने की घोषणा की है। संस्था प्रमुख अमर सिंह कौंडल ने बताया कि खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय महाजन और एसटीएस चंद्रेश के आग्रह पर विभिन्न क्षेत्रों से चिन्हित 18 टीबी रोगियों को गोद लिया गया है। संस्था ने सभी रोगियों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से पोषण किट वितरित की। कौंडल ने बताया कि टीबी रोगियों के शरीर को प्रोटीन की अधिक आवश्यकता होती है, इसलिए किट में दलिया, काले चने, दली चना और साबुत मूंग जैसी पौष्टिक सामग्री शामिल की गई है। कार्यक्रम के दौरान सोबत दत्त ने रोगियों को नियमित दवा सेवन, संतुलित आहार और आवश्यक सावधानियों की जानकारी भी दी। पोषण किट प्राप्त कर लाभार्थियों ने संस्था का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कांता देवी, सोम देव सहित अन्य लाभार्थी उपस्थित रहे। अमर सिंह कौंडल ने बताया कि संस्था छह माह पूर्व भी 19 टीबी रोगियों की निक्षय मित्र बनी थी और वे सभी अब स्वस्थ हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि उपचार अवधि तक सभी गोद लिए गए रोगियों की नियमित फॉलोअप, पोषण सहयोग और स्वास्थ्य जांच में सहायता जारी रखी जाएगी, ताकि पद्धर क्षेत्र को शीघ्र टीबी मुक्त बनाया जा सके।

### कल और परसों सरकाघाट में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विद्युत उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत प्री-मानसून रखरखाव कार्य के तहत पेड़ों की शाखाओं की कटाई-छंटाई, विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव तथा वितरण प्रणाली की मरम्मत के लिए 7 एवं 8 जुलाई को विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति निर्धारित अवधि तक बाधित रहेगी। सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल सरकाघाट, ई. हंस राज ने बताया कि 7 जुलाई को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक 11 केवी बरछवाड़-धर्मपुर, न्यू रिस्सा एवं ओल्ड रिस्सा फीडरों से जुड़े संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इसी प्रकार 8 जुलाई को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक 11 केवी चोलथरा-सरकाघाट फीडर से जुड़े संबंधित क्षेत्रों में भी विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि यह शटडाउन प्री-मानसून सीजन के दृष्टिगत पेड़ों की शाखाओं की कटाई-छंटाई, विद्युत लाइनों के रखरखाव, आवश्यक मरम्मत तथा अनुरक्षण कार्यों के सुरक्षित एवं सुचारू निष्पादन के लिए लिया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित अवधि के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कार्य निर्धारित समय से पहले पूर्ण होने की स्थिति में विद्युत आपूर्ति पूर्व निर्धारित समय से पहले भी बहाल की जा सकती है। वहीं, मौसम अथवा अन्य अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण कार्यक्रम में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव होगा।

### बरोट में डॉक्टरों के पद खाली होने लोगों में रोष

◆ **जिला परिषद सदस्य ने सरकार से की स्थायी नियुक्ति की मांग**

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर बरोट।** जिला परिषद के बथेरी वार्ड से नवनिर्वाचित सदस्य रोशन लाल ठाकुर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोट में लंबे समय से डॉक्टरों और अन्य स्टाफ के रिक्त पदों पर गहरा रोष जताया है। बरोट में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि चार स्वीकृत पद होने के बावजूद अस्पताल में पिछले लगभग एक वर्ष से केवल एक महिला डॉक्टर ही दिन-रात सेवाएं दे रही हैं, जिससे चौहार और छोटाभंगाल घाटी के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी बात की गई है, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। उन्होंने मांग की कि जब तक नियमित नियुक्तियां नहीं होतीं, तब तक बरोट अस्पताल में डेपुटेशन पर डॉक्टरों की तैनाती की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि टिक्कन अस्पताल से डॉक्टर को हटाकर बरोट भेजना उचित समाधान नहीं है। रोशन लाल ठाकुर ने कहा कि बरोट पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन डॉक्टरों की कमी के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की नियुक्ति होने तक वह जनता के हितों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने सरकार से बरोट-घटासनी 25 किलोमीटर सड़क मार्ग को टू-वे बनाने, मुल्थान-बड़ा ग्रां-राजगुंधा-बीर बिलिंग सड़क के चौड़ीकरण, बीचिंग-लपास-रूलिंग, टिक्कन-थल्टूखोड़ तथा बरोट-मियोट सड़क की मरम्मत की भी मांग की। इसके अलावा उन्होंने कहा कि महाविद्यालय मुल्थान में पहले पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति की जाए, तभी वहां विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी। रोशन लाल ठाकुर ने कहा कि चौहार घाटी की इन सभी समस्याओं को लेकर वह क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ जल्द ही मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से शिमला में मिलेंगे। इस अवसर पर द्रंग ब्लॉक की नवनिर्वाचित चेयरमैन सुनीता ठाकुर, बीडीसी सदस्य मनोहर लाल, विभिन्न पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान तथा अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार का गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर फोकस : रोहित

## शिक्षा मंत्री ने सुंदरनगर, नाचन और सराज के लोगों की सुनी समस्याएं

अनंत ज्ञान



**सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने अपने मंडी जिला प्रवास के दौरान रविवार को सुंदरनगर में जनसुनवाई कर सुंदरनगर, नाचन और सराज विधानसभा क्षेत्रों से आए लोगों एवं जनप्रतिनिधियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान विभिन्न पंचायतों और स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों ने शिक्षा, सड़क, पेयजल तथा अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपने मांगपत्र शिक्षा मंत्री को सौंपे।

जन सुनवाई के दौरान सुन्दरनगर क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने राजकीय महाविद्यालय डैहर तथा राजकीय महाविद्यालय निहरी से संबंधित विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं को शिक्षा मंत्री के समक्ष रखा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सभी मांगपत्रों को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि प्रत्येक मांग पर प्राथमिकता के आधार पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन मामलों का समाधान सरकार के स्तर पर संभव है, उन पर नियमानुसार शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

इस अवसर पर पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर, सुंदरनगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह, नाचन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीप शर्मा, सराज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश रेड्डी, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष निखिल ठाकुर, एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुहाल सनेड़-2 में निर्माणाधीन फोरलेन के कलवर्ट में आई दरारें

अनंत ज्ञान



◆ **ग्रामीणों में रोष, एनएचएआई की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

**कविता, पधर।** उपमंडल पधर के मुहाल सनेड़-2 में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा निर्माणाधीन मंडी-पठानकोट फोरलेन पर बनाए गए कलवर्ट में दरारें आने से ग्रामीणों में रोष है। उनका आरोप है कि करोड़ों रुपए की लागत से बन रहा फोरलेन निर्माण पूरा होने से पहले ही क्षतिग्रस्त होने लगा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता और एनएचएआई की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मकान नंबर 2 और 4 के पीछे बनाए गए कलवर्ट का उन्होंने शुरू से ही विरोध किया था। उनका कहना है कि आसपास पहले से प्राकृतिक नाले मौजूद हैं, इसलिए यहां कलवर्ट की आवश्यकता नहीं थी। अब बरसात में पानी आबादी और कृषि भूमि की ओर मुड़ने से नुकसान की आशंका है। ग्रामीणों ने दावा किया कि कलवर्ट के बीचों-बीच चौड़ी दरार पड़ चुकी है और उसमें सरिया भी दिखाई दे रहा है, जिससे भविष्य में बड़े हादसे का खतरा बना हुआ है।

रविवार को जिला परिषद सदस्य चंपा देवी, पंचायत समिति सदस्या लता देवी और पंचायत प्रधान सरोज कुमारी ने मौके का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि एक्सप्रेस-वे निर्माण के दौरान बनी रिटेनिंग दीवारों से पारंपरिक रास्ते भी बंद हो गए हैं, जिससे लोगों और पशुपालकों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने एनएचएआई के निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने, कलवर्ट की उपयोगिता की दोबारा समीक्षा करने तथा आवश्यकता होने पर उसका पुनर्निर्माण करने की मांग की है।

# नेरचौक से हृदय रोग विशेषज्ञ को टांडा भेजने पर लोगों में आक्रोश

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मेडिकल कॉलेज नेरचौक में कार्यरत हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.सोनी के स्थानांतरण आदेश के बाद क्षेत्र के लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। नेरचौक स्थित मेडिकल कॉलेज इस क्षेत्र का एकमात्र बड़ा सरकारी अस्पताल है, जहां दूर-दराज़ के गांवों से मरीज हृदय संबंधी इलाज के लिए आते हैं। विशेषज्ञ डॉक्टर के यहां होने से मरीजों को समय पर जांच, ईसीजी, इको और आपातकालीन उपचार की सुविधा मिलती थी। डॉक्टर सोनी के टांडा मेडिकल कॉलेज में तबादले के बाद मरीजों को अब 80-100 किमी दूर टांडा जाना पड़ेगा।

विधायक दिलीप ठाकुर पूर्व भाजपा प्रत्याशी रजत ठाकुर एचआरटीसी बस अड्डा प्राधिकरण के पूर्व सदस्य एवं पूर्व जिला पार्षद चंद्र मोहन शर्मा जिला पार्षद श्यामलाल पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केएल राणा सरकाघाट भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष कमलेश नेगी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संदीप वशिष्ठ प्रसिद्ध समाजसेवी पंकज कपूर नरेश ठाकुर नगर परिषद उपाध्यक्ष एडवोकेट लाल सिंह पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान भाजपा मीडिया के पूर्व प्रभारी संजय ठाकुर सहित सामाजिक संगठनों और कई मरीजों के परिजनों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि जनहित को देखते हुए स्थानांतरण आदेश पर पुनर्विचार किया जाए। उनका कहना है कि पहले नेरचौक मेडिकल कॉलेज में हृदय रोग विभाग को और मजबूत किया जाए, तब कहीं तबादला किया जाए। अन्यथा इस तबादला आदेश को निरस्त किया जाए। उन्होंने जन भावनाओं का सम्मान करते हुए अनुरोध किया है कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए इस निर्णय की समीक्षा की जाए।

# संधोल में जनआंदोलन आठवें दिन भी रहा जारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन रविवार को आठवें दिन में प्रवेश कर गया। लगातार आठ दिनों से जारी इस आंदोलन को क्षेत्रवासियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में लोग धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों का हौसला बढ़ा रहे हैं। आंदोलन के आठवें दिन अमित मन्ढोत्रा, सुभाष और अभिषेक बरवाल क्रमिक अनशन पर बैठे। रविवार को अवकाश होने के कारण धरना स्थल पर महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। दिनभर धरना स्थल पर लोगों की आवाजाही बनी रही और आंदोलन के समर्थन में नारे लगाए गए। धरना स्थल पर मौजूद लोगों ने एक स्वर में कहा कि जब तक नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति, रिक्त पदों की पूर्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित नहीं की जातीं, तब तक यह जनआंदोलन किसी भी सूरत में समाप्त नहीं किया जाएगा। आंदोलनकारियों ने कहा कि यह संघर्ष पूरे क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य अधिकारों की लड़ाई है और इसमें जनता का लगातार बढ़ता समर्थन उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

# दीपक शर्मा ने डवाहन में सुनीं जनसमस्याएं

## कहा-सरकारी योजनाएं किसानों, महिलाओं व युवाओं को बना रहीं आत्मनिर्भर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपक शर्मा का सदर विधानसभा क्षेत्र की डवाहन पंचायत पहुंचने पर ग्रामीणों, महिला मंडलों और स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं विकास कार्यों की मांग उनके समक्ष रखी।

बैठक को संबोधित करते हुए दीपक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही, बल्कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के माध्यम से पात्र महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। वहीं प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं, मक्का और हल्दी की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद, किसानों और पशुपालकों के लिए प्रोत्साहन योजनाएं, ग्रामीण सड़कों एवं पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास तथा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे सुधार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे रहे हैं। दीपक शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहली बार दूध खरीद का समर्थन मूल्य बढ़ाकर पशुपालकों को सीधा लाभ पहुंचाया है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर किसानों की लागत कम करने और आय बढ़ाने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए गए हैं। इसके साथ ही युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का दायरा लगातार विस्तारित किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि डवाहन पंचायत सहित सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े सभी मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों और सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।

# लोक-संस्कृति, रंगमंच में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर हुआ मंथन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जनपद की सांस्कृतिक संस्थाओं को एकजुट करने, सांस्कृतिक सौहार्द को बढ़ावा देने तथा उनकी मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा के उद्देश्य से शनिवार को तपस अकैडमी में 'लोक-संस्कृति, रंगमंच और सिनेमा के बदलते दौर में युवाओं का घटता रुझान और नई उम्मीदें' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ कलाकार रूप उपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी में मंडी जनपद की 11 प्रमुख सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें संगोष्ठी के संयोजक एवं संस्थापक अध्यक्ष मांडव्य कला मंच कुलदीप गुलेरिया, नवज्योति खेल कूद एवं सांस्कृतिक कला मंच के प्रधान इंद्रपाल इन्दू, सचिव जय कुमार जैक, साख सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष रामपाल मलिक, हिमाचल प्रदेश संस्कृतिक शोध संस्थान की सचिव सीमा शर्मा, उत्सव की अध्यक्षा दक्षा शर्मा, आकर थिएटर सोसायटी के प्रतिनिधि अनिल मंहत, तपस अकैडमी के संचालक लतेश शर्मा, उपाध्यक्ष मीना ठाकुर, शिव गौरी कला मंच के संस्थापक बीरी सिंह, सबरंग कला मंच के उपप्रधान हरदेव सिंह चौहान तथा प्रयास कला परिषद के संस्थापक रूप उपाध्याय शामिल रहे।

प्रतिभागियों ने कहा कि शहर के मध्य कलाकारों के अभ्यास और मंचीय प्रस्तुतियों के लिए उपयुक्त स्थान का अभाव सांस्कृतिक गतिविधियों में बाधा बन रहा है। इस दिशा में निकट भविष्य में सभी संस्थाओं का साझा मंच गठित करने का निर्णय लिया गया, ताकि कलाकारों की समस्याओं और मांगों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

# सोशल मीडिया पत्रकारिता के लिए बने अलग नीति : जोगिंद्र

## बोले- अनिवार्य हो पत्रकारों का पंजीकरण, विशिष्ट पहचान संख्या दी जाए

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंद्र देव आर्य ने राज्य सरकार से सोशल मीडिया आधारित पत्रकारिता के लिए अलग एवं प्रभावी नीति बनाने की मांग दोहराते हुए कहा है कि डिजिटल युग में समाचारों के प्रसार का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। सोशल मीडिया आज सूचना का सबसे तेज माध्यम बन चुका है, लेकिन इसके साथ फर्जी खबरों, भ्रामक सूचनाओं और गैर-जिम्मेदाराना पत्रकारिता की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में समय की मांग है कि सरकार सोशल मीडिया पत्रकारिता के लिए स्पष्ट नियम, आचार संहिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाली व्यापक नीति लागू करे।

आर्य ने कहा कि हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स पिछले कई वर्षों से इस विषय को सरकार के समक्ष उठाती रही है। उनका कहना है कि जिस प्रकार विभिन्न सरकारी विभागों, संस्थानों और पेशों के लिए निर्धारित नियम एवं मानक बनाए गए हैं, उसी प्रकार पत्रकारिता के क्षेत्र में भी स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि पत्रकारों के लिए एक निर्धारित कोड ऑफ कंडक्ट (आचार संहिता) लागू किया जाए तथा प्रत्येक पत्रकार का अनिवार्य पंजीकरण किया जाए। पंजीकरण के बाद उन्हें एक विशिष्ट पहचान संख्या अथवा कोड उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनकी पहचान प्रमाणित हो सके और समाचारों के प्रति उनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित हो।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्थिति यह बन गई है कि जिसके हाथ में एंड्रॉयड मोबाइल फोन आ जाता है, वह स्वयं को पत्रकार घोषित कर देता है। अनेक लोग बिना किसी तथ्यात्मक जांच और आधिकारिक पुष्टि के समाचार, वीडियो और पोस्ट सोशल मीडिया पर प्रसारित कर देते हैं। इससे कई बार अफवाहें फैलती हैं, लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है और सामाजिक सौहार्द भी प्रभावित होता है। ऐसे मामलों से वर्षों से निष्पक्ष, जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ पत्रकारिता कर रहे पत्रकारों की विश्वसनीयता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचार प्रसारित करने का माध्यम नहीं, बल्कि लोकतंत्र का एक मजबूत और महत्वपूर्ण स्तंभ है। समाज, सरकार और जनता के बीच सही एवं तथ्यपरक जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी पत्रकारों पर होती है, इसलिए पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वालों के लिए जवाबदेही, नैतिक मानदंड और व्यावसायिक अनुशासन आवश्यक है।

उनका मानना है कि यदि पत्रकारों का पंजीकरण अनिवार्य होगा और स्पष्ट नियम लागू किए जाएंगे तो पत्रकारिता की विश्वसनीयता और अधिक मजबूत होगी तथा आम जनता तक प्रामाणिक और संतुलित जानकारी पहुंचेगी।

# जिले में पहली बार होगी ओपन रेटेड सीनियर चेस चैंपियनशिप

अनंत ज्ञान

◆ **61 हजार रुपए के पुरस्कार 22 तक होंगे पंजीकरण**

**ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी शतरंज संघ पहली बार हिमाचल प्रदेश राज्य शतरंज संघ के तत्वावधान में ओपन रेटेड सीनियर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए कुल 61,000 रुपए की नकद पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। हिमाचल प्रदेश राज्य शतरंज संघ के महासचिव एवं अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के संयुक्त सचिव संजीव ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 7,100 रुपए नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जबकि 30वें स्थान तक खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके अलावा अंडर-9 और अंडर-11 ओपन वर्ग के खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता केवल हिमाचली मूल के खिलाड़ियों के लिए होगी। हालांकि, जो खिलाड़ी पिछले एक वर्ष से हिमाचल प्रदेश में रह रहे हैं, वे भी इसमें भाग लेने के पात्र होंगे। प्रतियोगिता के चीफ आर्बिटर राजकुमार शर्मा ने बताया कि खिलाड़ियों के लिए संबंधित जिला शतरंज संघ, हिमाचल प्रदेश राज्य शतरंज संघ तथा अखिल भारतीय शतरंज महासंघ की सदस्यता अनिवार्य होगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 22 जुलाई तक पंजीकरण करना होगा।

# मातृभूमि की 32 वर्ष सेवा करने के बाद कै. जगदीश सेवानिवृत्त



अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** भारतीय सेना की 18 डोगरा रेजिमेंट के वीर सैनिक कैप्टन जगदीश चंद 32 वर्षों की गौरवपूर्ण, अनुशासित और समर्पित सैन्य सेवा पूरी करने के बाद शुक्रवार को अपने पैतृक गांव बैरी (डाकघर ब्रांग) पहुंचे। उनके गृह क्षेत्र पहुंचने पर पूर्व सैनिकों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने देश की सेवा में उनके योगदान को गर्व के साथ याद किया।

संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) यूनिट सरकाघाट के सदस्य विशेष रूप से उनके निवास पर पहुंचे। पूर्व सैनिकों ने कैप्टन जगदीश चंद को पुष्पगुच्छ एवं शुभकामनाएं भेंट कर उनके उत्कृष्ट सैन्य जीवन को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने तीन दशकों से अधिक समय तक राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अनुकरणीय सेवाएं दीं और उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। स्वागत समारोह में वेटरन बी.आर. डोगरा, अमृत लाल, रमेश कुमार जमवाल, राकेश कुमार सकलानी, राज कुमार गुलेरिया तथा सुरेंद्र कुमार वर्मा सहित अनेक पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। सभी ने कैप्टन जगदीश चंद के स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।

**बागवानी** स्थानीय बाजार में 300 से 500 रुपए प्रति किलोग्राम तक मिल रहा भाव, मुनाफे का सौदा बनी बागवानी

# स्ट्रॉबेरी की लालिमा से चमकी बालकृष्ण की तकदीर

अनंत ज्ञान

**लक्की शर्मा, मंडी।** 'सुक्खू सरकार' की कृषि एवं बागवानी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए संचालित योजनाएं अब धरातल पर सकारात्मक परिणाम देने लगी हैं। आधुनिक खेती, गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री, तकनीकी मार्गदर्शन तथा बागवानी को प्रोत्साहित करने के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं का रुझान स्वरोजगार की ओर बढ़ा है। सरकारी या निजी नौकरी के पीछे भागने के बजाय आधुनिक खेती और बागवानी अपनाकर युवा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। करसोग उपमंडल की ग्राम पंचायत सोमाकोठी के बालकृष्ण इसका प्रेरक उदाहरण हैं, जिन्होंने स्ट्रॉबेरी की खेती से अपनी अलग पहचान बनाई है।

बालकृष्ण पहले एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। जीवन सामान्य रूप से चल रहा था, लेकिन कोविड-19 महामारी के दौरान उनकी नौकरी चली गई। कठिन दौर में उन्होंने निराश होने के बजाय अपने गांव लौटकर बागवानी को स्वरोजगार के रूप में अपनाने का निर्णय लिया। नई राह की तलाश में उन्होंने स्ट्रॉबेरी जैसी उच्च मूल्य वाली नकदी फसल की खेती शुरू की।





शुरुआत में यह एक छोटा प्रयास था, लेकिन बेहतर परिणाम मिलने के बाद उन्होंने इसे ही अपने भविष्य का आधार बना लिया। उन्होंने लगभग एक बीघा भूमि पर स्ट्रॉबेरी की व्यावसायिक खेती शुरू की। पहाड़ी क्षेत्र में इस प्रकार की नगदी फसल उगाना आसान नहीं था, लेकिन कठिन परिस्थितियों को चुनौती मानकर आधुनिक तकनीकों और मेहनत के बल पर सफलता हासिल की। आज उनके खेतों में तैयार होने वाली ताजा स्ट्रॉबेरी स्थानीय बाजार में अपनी गुणवत्ता और स्वाद के कारण विशेष पहचान बना चुकी है। फसल तैयार होने पर वह स्वयं अपनी कार के माध्यम से इसे विभिन्न स्थानीय बाजारों तक पहुंचाते हैं और सीधे उपभोक्ताओं को बेचते हैं। इससे बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और बेहतर मूल्य प्राप्त होता है। स्थानीय बाजार में स्ट्रॉबेरी का 300 से 500 रुपये प्रति किलोग्राम तक भाव मिलता है। यही कारण है कि आज वे केवल एक बीघा भूमि से प्रतिमाह लगभग 12 से 15 हजार रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और बागवानी स्थायी स्वरोजगार का माध्यम बना है। परिवार के सभी सदस्य इस कार्य में उनका पूरा सहयोग करते हैं।

सोमाकोठी के युवा किसान बालकृष्ण की सफलता इस बात का जीवंत प्रमाण है कि सरकारी योजनाओं का लाभ, आधुनिक सोच, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प मिलकर खेती को लाभकारी उद्यम में बदल सकते हैं।

स्ट्रॉबेरी की लालिमा से बदली उनकी तकदीर यह संदेश देती है कि यदि हौसले बुलंद हों तो कठिन परिस्थितियां भी सफलता का मार्ग प्रशस्त कर देती हैं और पहाड़ों की मिट्टी भी समृद्धि की नई इबारत लिख सकती है।

### खुद तैयार की स्ट्रॉबेरी के दो लाख पौधों की नर्सरी

**बालकृष्ण** भविष्य के लिए भी बड़ी योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने लगभग दो लाख स्ट्रॉबेरी पौधों की नर्सरी तैयार की है। इनमें से करीब एक लाख पौधे वह अपने खेतों में बड़े स्तर पर लगाने की तैयारी कर रहे हैं, जबकि शेष पौधे क्षेत्र के इच्छुक किसानों को उपलब्ध करवाने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक किसान स्ट्रॉबेरी की खेती अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकें। उन्होंने ब्लूबेरी, एप्रीकॉट (खुबानी), प्लम तथा अन्य उच्च मूल्य वाली फल फसलों की खेती का भी लक्ष्य निर्धारित किया है। उनका मानना है कि यदि किसान समय की मांग के अनुसार फसलों का चयन करें और आधुनिक तकनीकी अपनाएं तो बागबानी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। आज खेती केवल परंपरागत आजीविका नहीं, बल्कि एक सफल व्यवसाय है। यदि सही योजना, आधुनिक तकनीक और बाजार की समझ के साथ कार्य किया जाए तो कम भूमि पर भी अच्छी आय अर्जित की जा सकती है।

### सरकार किसानों की आय बढ़ाने को प्रतिबद्ध

**प्रदेश** सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि एवं बागवानी को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री, प्रशिक्षण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। इन प्रयासों का परिणाम है कि अनेक युवा अब आधुनिक खेती और बागवानी से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**जैसे** जीने के लिए मृत्यु का अस्वीकरण जरूरी है वैसे ही सृजनशील बने रहने के लिए प्रतिष्ठा का अस्वीकरण जरूरी है।

–डॉ. रघुवंश

## संपादकीय

# आतंकवाद पर शिकंजा

आतंकवाद आज भी भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। पिछले कई दशकों से देश ने सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद, घुसपैठ, आतंकी हमलों और अलगाववादी गतिविधियों का सामना किया है। ऐसे में केंद्र सरकार की ओर से आतंकवाद के खिलाफ लगातार सख्त कदम उठाना राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) से भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल 23 अपराधियों को आतंकवादी घोषित किया है। इसके साथ ही व्यक्तिगत तौर पर आतंकवादी घोषित किए गए लोगों की संख्या बढ़कर 80 हो गई है। यह कदम स्पष्ट संकेत देता है कि भारत अब आतंकवाद के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी बरतने के पक्ष में नहीं है।

आतंकवाद देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द पर सीधा हमला है। सीमा पार बैठे आतंकी संगठन लंबे समय से भारत में हिंसा फैलाने, युवाओं को गुमराह करने, आर्थिक गतिविधियों को नुकसान पहुंचाने और भय का माहौल बनाने की साजिश रचते रहे हैं। ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई समय की मांग है। यूएपीए के तहत किसी व्यक्ति को आतंकवादी घोषित करने से उसकी संपत्तियों पर कार्रवाई, आर्थिक गतिविधियों पर रोक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी पहचान स्थापित करने में मदद मिलती है। इससे आतंकवादी नेटवर्क को कमजोर करने में भी सहायता मिलती है।

भारत ने पिछले कुछ वर्षोंमें आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति में बड़ा बदलाव किया है। अब केवल आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध लगाने तक सीमित रहने के बजाय उन व्यक्तियों को भी कानून के दायरे में लाया जा रहा है जो आतंकवाद की योजना बनाते हैं, उसे वित्तीय सहायता देते हैं या उसे बढ़ावा देते हैं। यह रणनीति इसलिए भी प्रभावी है क्योंकि कई बार संगठन अपना नाम बदल लेते हैं, लेकिन उनके संचालक और सदस्य वही रहते हैं। ऐसे में व्यक्तियों को सीधे आतंकवादी घोषित करना अधिक प्रभावी साबित होता है।

हालांकि केवल आतंकवादियों को सूचीबद्ध कर देना ही पर्याप्त नहीं होगा। आवश्यकता इस बात की भी है कि उनके वित्तीय स्त्रोतों को पूरी तरह बंद किया जाए, सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के जरिए होने वाले कट्टरपंथी प्रचार पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा सीमा पार से होने वाली घुसपैठ को रोकने के लिए सुरक्षा तंत्र को और मजबूत बनाया जाए। आतंकवाद का स्वरूप लगातार बदल रहा है और अब साइबर माध्यमों के जरिए भी युवाओं को प्रभावित करने की कोशिशें बढ़ रही हैं। इसलिए सुरक्षा एजेंसियों को आधुनिक तकनीक और बेहतर खुफिया तंत्र से लैस करना भी उतना ही आवश्यक है।

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या सुरक्षा बलों की जिम्मेदारी नहीं है। समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं को कट्टरपंथी विचारधाराओं से दूर रखना, शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से उन्हें सकारात्मक दिशा देना तथा संदिग्ध गतिविधियों की समय पर सूचना देना इस लड़ाई को और प्रभावी बना सकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा तभी मजबूत होगी जब सरकार, सुरक्षा एजेंसियां और नागरिक मिलकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होंगे।


अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत लगातार आतंकवाद के मुद्दे को मजबूती से उठाता रहा है। दुनिया के अधिकांश देशों ने अब यह स्वीकार किया है कि आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए खतरा है। ऐसे में वैश्विक सहयोग, खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान और आतंकवाद को वित्तीय सहायता देने वाले नेटवर्क पर संयुक्त कार्रवाई की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।

केंद्र सरकार का यह कदम निश्चित रूप से आतंकवाद के खिलाफ उसकी दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है लेकिन इस लड़ाई में निरंतर सतर्कता, प्रभावी कानून, मजबूत सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक सहयोग समान रूप से आवश्यक हैं। आतंकवाद के खिलाफ सफलता तभी संभव है जब हर स्तर पर बिना किसी समझौते के कार्रवाई जारी रहे। राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और उसके साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। भारत को इसी दृढ़ संकल्प के साथ आतंकवाद के हर रूप और हर समर्थक के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई जारी रखनी होगी। यही देश की सुरक्षा, शांति और विकास का सबसे मजबूत आधार है।

## आज की प्रमुख हस्ती


### भारतीय जनसंघ के संस्थापक

**डॉ.** श्यामा प्रसाद मुखर्जी (1901-1953) भारत के प्रख्यात शिक्षाविद, राष्ट्रवादी नेता और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी प्रसिद्ध शिक्षाविद और विधिवेत्ता थे। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की तथा इंग्लैंड से बैरिस्टर बने। मात्र 33 वर्ष की आयु में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने और शिक्षा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सुधार किए। राजनीति में उन्होंने बंगाल विधान परिषद से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की। बाद में वे बंगाल सरकार में वित्त मंत्री बने और आगे चलकर हिंदू महासभा के अध्यक्ष भी रहे। स्वतंत्रता के बाद वे पंडित जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बने, लेकिन दिल्ली समझौते के विरोध में 1950 में इस्तीफा दे दिया। 21 अक्तूबर 1951 को उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की और इसके प्रथम अध्यक्ष बने।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी
जन्म : 6 जुलाई, 1901
मृत्यु : 23 जून, 1953

वे राष्ट्रीय एकता, अखंडता और मजबूत राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। भारत विभाजन के विरोध के साथ-साथ उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण की जोरदार वकालत की। उनका प्रसिद्ध नारा था-'एक देश में दो निशान, दो प्रधान और दो विधान नहीं चलेंगे।' 1953 में बिना परमिट जम्मू-कश्मीर प्रवेश करने पर उन्हें गिरफ्तार कर नजरबंद कर दिया गया। हिरासत के दौरान 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया।



कविता

## दीवार के उस पार

सतीश धर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

**वो** जो दीवार के उस पार हैं, सभी कुछ तो वैसा ही है
जैसा अपने देश में होता है।
फूलों पर रंग यकसा, हवाओं में मस्ती यकसा,
पेट के निवाले यकसा, पैरों में छाले यकसा,
दिलों में दर्द यकसा।
सदियां अब भी तलाश रही हैं, जो इस ओर है,
वह उस ओर क्यों नहीं।
लम्हों ने बदले पहरावे दोनों ओर,
खून ने भी बदला रंग दोनों ओर,
दीवारों पर शहादत ही, लिखी गई दोनों ओर।
बावजूद इसके, सब कुछ वैसा ही रहा,
जैसा दीवार के उस पार था।
कह दो, एक बार-दीवारों को आदत बदलनी होगी,
या फिर टूटकर बिखरना होगा।
आदत तो बदली जा सकती है,पर बिखरने का दर्द
इतिहास की कहानी बन जाती है।

# तुवालु : डूबता राष्ट्र और जलवायु न्याय की अंतिम चेतावनी

जब एक देश अपना भूगोल खोने लगे, तब संकट केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि पूरी मानव सभ्यता के भविष्य का होता है , मानचित्र पर तुवालु को ढूंढना आसान नहीं है। प्रशांत महासागर के विस्तृत नीले विस्तार में बिखरे नौ छोटे-छोटे कोरल द्वीपों का यह देश क्षेत्रफल और जनसंख्या-दोनों दृष्टियों से विश्व के सबसे छोटे राष्ट्रों में गिना जाता है। लगभग 10,000 नागरिकों वाला यह द्वीपीय राष्ट्र आज उस वैश्विक संकट का सबसे मार्मिक चेहरा बन चुका है, जिसे वर्षों तक केवल वैज्ञानिक रिपोर्टों और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की बहस समझा जाता रहा-जलवायु परिवर्तन।



राजन कुमार शर्मा
डुगली, लंबलू (हमीरपुर)

तुवालु का अपराध केवल इतना है कि वह समुद्र तल से औसतन दो मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। उसका दुर्भाग्य यह है कि उसने वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में लगभग कोई योगदान नहीं दिया, फिर भी जलवायु परिवर्तन की सबसे बड़ी कीमत वही चुका रहा है। यह विडंबना आधुनिक विकास मॉडल की सबसे बड़ी नैतिक विफलता है। आज तुवालु की धरती धीरे-धीरे समुद्र में समा रही है। बढ़ता समुद्री जलस्तर तटीय क्षेत्रों को काट रहा है, खारा पानी भूजल स्त्रोतों में प्रवेश कर चुका है, कृषि भूमि अनुपजाऊ होती जा रही है और हर वर्ष समुद्री तूफानों की तीव्रता बढ़ रही है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि वैश्विक तापमान वृद्धि वर्तमान गति से जारी रही, तो इस शताब्दी के अंत तक तुवालु की राजधानी फुनाफूटी का अधिकांश भाग सामान्य उच्च ज्वार के समय ही जलमग्न हो सकता है। यह केवल भूमि के डूबने का प्रश्न नहीं है; यह एक राष्ट्र की संप्रभुता, संस्कृति, भाषा, इतिहास और सामूहिक स्मृति के विलुप्त होने का संकट है। इतिहास में अनेक सभ्यताएं युद्ध, महामारी या आर्थिक पतन से समाप्त हुई हैं, किंतु पहली बार मानव इतिहास ऐसे दौर में प्रवेश कर रहा है जहां पूरा का पूरा देश जलवायु परिवर्तन के कारण मानचित्र से गायब हो सकता है।

इसी पृष्ठभूमि में ऑस्ट्रेलिया द्वारा घोषित 'क्लाइमेट वीजा' योजना वैश्विक राजनीति में एक ऐतिहासिक मोड़ का संकेत देती है। फालेपिली यूनियन संधि के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 280 तुवालु नागरिकों को ऑस्ट्रेलिया में स्थायी निवास, रोजगार और शिक्षा के अवसर प्राप्त होंगे। यह विश्व की पहली ऐसी औपचारिक नीति है जिसने जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न संभावित विस्थापन को कानूनी और मानवीय आधार पर स्वीकार किया है। यह नीति केवल वीज़ा व्यवस्था नहीं है; यह स्वीकारोक्ति है कि आने वाले




वर्षों में जलवायु परिवर्तन सीमाओं, नागरिकता और प्रवासन की पारंपरिक अवधारणाओं को बदल देगा। संयुक्त राष्ट्र पहले ही चेतावनी दे चुका है कि यदि वैश्विक तापमान वृद्धि पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हुआ, तो आने वाले दशकों में करोड़ों लोग समुद्र के बढ़ते जलस्तर, भीषण सूखे, बाढ़ और चरम मौसमी घटनाओं के कारण विस्थापित हो सकते हैं। फिर भी यह पहल अपने आप में पर्याप्त नहीं है। यदि प्रतिवर्ष केवल 280 लोगों का पुनर्वास होगा, तो तुवालु की संपूर्ण आबादी को सुरक्षित स्थानांतरित करने में लगभग चार दशक लग जाएंगे।

प्रश्न यह भी है कि क्या केवल लोगों को स्थानांतरित कर देना किसी राष्ट्र को बचा लेना कहलाएगा? क्या नागरिकों के विस्थापित हो जाने के बाद भी कोई राष्ट्र अपनी पहचान, संस्कृति, परंपरा और आत्मा को जीवित रख सकता है? यहीं से जलवायु परिवर्तन का प्रश्न केवल पर्यावरणीय न रहकर मानवाधिकार, अंतरराष्ट्रीय कानून और वैश्विक न्याय का प्रश्न बन जाता है।

तुवालु ने स्वयं को केवल पीड़ित राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत नहीं किया। उसने पूरी दुनिया को झकझोरने का प्रयास भी किया। पूर्व विदेश मंत्री साइमन कोफे का समुद्र के भीतर खड़े होकर दिया गया भाषण इतिहास के सबसे प्रभावशाली जलवायु संदेशों में गिना जाता है। वह दृश्य केवल एक राजनेता का संबोधन नहीं था; वह पूरी मानवता के लिए यह संदेश था कि यदि आज भी दुनिया नहीं जागी, तो कल अनेक देशों की संसदें भी समुद्र के किनारे नहीं, बल्कि समुद्र के भीतर खड़ी दिखाई देंगी। तुवालु ने वैश्विक फॉसिल फ्यूल नॉन-प्रोलिफरेशन ट्रीटी की मांग भी उठाई है। इसका मूल विचार अत्यंत स्पष्ट है-यदि पृथ्वी को बचाना है, तो केवल उत्सर्जन घटाने के वादे पर्याप्त नहीं होंगे; नए कोयला, तेल और गैस परियोजनाओं पर भी रोक लगानी होगी।

तुवालु का संकट उस विकास मॉडल पर सवाल उठाता है जो कार्बन आधारित ऊर्जा पर टिका है। यह जलवायु न्याय की बहस को भी तेज करता है-क्या विकसित देशों की जिम्मेदारी केवल आर्थिक मदद तक सीमित है या उन्हें अधिक उत्तरदायित्व लेना चाहिए?

भारत के लिए भी यह गंभीर चेतावनी है। 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा वाले देश में मुंबई, चेन्नई और कोच्चि जैसे शहर समुद्र स्तर बढ़ने और चक्रवातों की मार झेल रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि अनियंत्रित जलवायु परिवर्तन बड़े पैमाने पर विस्थापन ला सकता है। भारत ने सौर ऊर्जा, मिशन लाइफ और नेट-जीरो जैसे कदम उठाए हैं, लेकिन वैश्विक सहयोग के बिना परिणाम सीमित रहेंगे। समाधान तभी संभव है जब दुनिया जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटाए और टिकाऊ विकास मॉडल अपनाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वेलनेस और डिजिटलीकरण में उलझता प्राथमिक स्वास्थ्य

भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था पिछले एक दशक में अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। डिजिटल तकनीकों का तीव्र विस्तार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence), टेलीमेडिसिन, इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य अभिलेख (Electronic Health Records), स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन और एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म ने स्वास्थ्य सेवाओं के स्वरूप को बदलना प्रारम्भ कर दिया है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
सामाजिक चिंतक

दूसरी ओर, चिकित्सा विज्ञान भी केवल रोगों के उपचार तक सीमित न रहकर 'वेलनेस' अर्थात समग्र स्वास्थ्य, रोग-निवारण, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, योग और स्वस्थ जीवनशैली पर अधिक बल दे रहा है। भारत सरकार की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र (AB-HWC), आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM), ई-संजीवनी, ABHA डिजिटल स्वास्थ्य आईडी तथा राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र जैसी पहलें इसी परिवर्तन की प्रतीक हैं। इन पहलों ने स्वास्थ्य सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में नए अवसर अवश्य प्रदान किए हैं, किंतु एक मूलभूत प्रश्न आज भी प्रासंगिक बना हुआ है-क्या डिजिटल परिवर्तन और वेलनेस-केंद्रित दृष्टिकोण मजबूत प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थानों का विकल्प बन सकते हैं?

इस प्रश्न का उत्तर नकारात्मक है। तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक कुशल, पारदर्शी और सुलभ बना सकती है, परंतु वह डॉक्टर, नर्स, दवाएं, प्रयोगशाला, एम्बुलेंस और सुदृढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थानों का स्थान नहीं ले सकती। स्वास्थ्य सेवा अंतत: मानवीय सेवा है, जिसका आधार मजबूत संस्थागत ढांचा, प्रशिक्षित मानव संसाधन और समुदाय तक पहुंच है। यदि प्राथमिक



स्वास्थ्य व्यवस्था कमजोर होगी, तो सबसे आधुनिक डिजिटल मंच भी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध नहीं करा पाएंगे।

भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था का आधार उप-स्वास्थ्य केंद्र (SC), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) हैं। यही संस्थान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, परिवार नियोजन, संक्रामक रोग नियंत्रण, गैर-संचारी रोगों की प्रारंभिक पहचान तथा प्राथमिक उपचार जैसी आवश्यक सेवाओं का पहला संपर्क बिंदु हैं। दुर्भाग्य से देश के अनेक ग्रामीण, जनजातीय और दूरस्थ क्षेत्रों में ये संस्थान वर्षों से डॉक्टरों, नर्सों, दवाओं, उपकरणों और आधारभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। अनेक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित बिजली, स्वच्छ पेयजल, इंटरनेट, प्रयोगशाला सुविधा और एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में केवल डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित कर देने से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता स्वत: नहीं सुधर सकती। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों का उद्देश्य प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है, जिसमें मातृ-शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोगों की जांच, मानसिक स्वास्थ्य और योग जैसी सेवाएं शामिल हैं। लेकिन कई जगह ये केंद्र केवल नाम तक सीमित रह गए हैं, जहां संसाधन, दवाएं और स्टाफ की कमी बनी हुई है।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटलीकरण हो रहा है, जिससे रिकॉर्ड और उपचार की जानकारी बेहतर तरीके से उपलब्ध हो सकेगी। हालांकि यह डॉक्टरों की कमी या बुनियादी ढांचे का विकल्प नहीं है।

ग्रामीण भारत में डिजिटल विभाजन एक बड़ी चुनौती है। इसलिए वास्तविक सुधार मजबूत प्राथमिक स्वास्थ्य तंत्र, पर्याप्त संसाधन और जमीनी स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता बढ़ाने से ही संभव है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# नीट परीक्षा, सफलता का दबाव और युवाओं का भविष्य: एक संवेदनशील सवाल

इत्तेफाक ही है कि 21 जून , 2026 को विश्व योग दिवस पर भारत में पुन: नीट परीक्षा भी हो रही थी। लगभग पौने तईस लाख युवा इस परीक्षा में बैठे। निश्चित रूप से विद्यार्थियों के लिए ये एक कड़ी चुनौती थी क्योंकि लगभग आधे विद्यार्थी ही इस परीक्षा को पास करते हैं एवं कुल विद्यार्थियों में से केवल 5 प्रतिशत ही मेडिकल कॉलेजों में दाखिल हो पाएंगे। उसमें से भी सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला पाने वाले लगभग 2.5 प्रतिशत ही होंगे।



डॉ. दमन आहूजा
'सफलता से सार्थकता तक' किताब के लेखक

तब क्या बाकी सारे विद्यार्थी जो इस परीक्षा में सफल नहीं हो पाएं, बेकार हो गए ? ये बड़ा सवाल हर अभिभावक एवं समाज के विचारशील सदस्य को तंग करता रहता है। सवाल केवल इसी परीक्षा का नहीं है बल्कि जीवन की किसी भी परीक्षा का भी है।

निश्चित तौर पर डाक्टर , इंजीनियर, वकील और आईएस अथवा आई पी एस अधिकारी बनना किसी भी युवा का स्वप्न हो सकता है लेकिन ऐसा न बनने वालों के लिए देश और दुनिया को बेहतर बनाने के लिए पूरा आसामान खाली नहीं हो जाता है। विभिन्न विभागों की नौकरियों के साथ साथ व्यापार जगत एवं दूसरे अन्य विकल्प हमेशा ही खुले रहते हैं।

सफलता न मिलने पर निराशा, हताशा एवं कुंठाग्रस्त हो कर युवा पिछले दिनों भी आत्मघाती निर्णय ले चुके हैं। पंद्रह युवा तो महज एक महीने में इस परीक्षा की वजह से आत्महत्या तक कर चुके हैं। अभी 18 जून की क्योंबतूर की अनुकीर्तना एवं अहमदाबाद के युवा ने अपनी जान दे दी।अनुकीर्तना ने अपनी जान देने से पहले लिखा कि मेरे पापा मुझ पर इस परीक्षा को पास करने के लिए इतने पैसे खर्च कर चुके हैं कि अब इस में असफल होने के बाद उनका सामना करने की हिम्मत नहीं है।

सवाल ये भी है, कि बच्चे अपने मां बाप द्वारा बनाए गए नैतिक दबाव नहीं झेल पा रहे



हैं। समाज द्वारा झूठी अपेक्षा से छिपने के रास्ते ढूंढ रहे हैं । एक तरफ भारतीय संस्कृति में विभक्त व्यक्तित्व को पूर्ण करने हेतु योग का मार्ग पूरा संसार अपना रहा है, दूसरी तरफ हमारे ही युवा असफलताओं को अपना सबसे अच्छा शिक्षक मानने से डर रहे हैं। क्या हुआ यदि किसी परीक्षा में हम असफल हो गए, कमसे कम हमने पूरी शिद्दत से सफल होने की कोशिश तो की । इस दौरान परीक्षा की तैयारी में हमारी उच्च मानसिक ग्रंथियां खुलीं जो जीवन के हर निर्णय, हर संकल्प में हमारी सैदेव सहायता करेंगी। हमने तैयारी के दौरान आत्मानुशासन सीखा, जो किसी भी कार्य को करने के लिए हमारी सबसे बड़ी दौलत होगी। हमने तैयारी के दौरान तमाम नए विषयों को पहली बार पढ़ा होगा जो ताउम्र हमारी समझ के हिस्से बन के रहने वाले हैं।

ऐसे बहुत युवा हैं जिन्होंने टाइम मैगजीन के विजनरीज में नाम हासिल किया है, जिसमें भारत की मेघा रामनाथन ने जेंडर असमानता दूर करने हेतु " GirlsySports" की नींव रखी और आज 23 देशों की करीब चालीस हजार लड़कियों को खेलों से जोड़ चुकी हैं। सारा शेल्के ने अपने ही परिवार के एक सदस्य का अवसाद दूर करने हेतु "Mindyyouth" संगठन बनाया, जो 71 देशों में पच्चीस हजार वॉलंटियर्स की मदद से यूनिसेफ एवं गूगल जैसी संस्थाओं से मिल कर युवाओं को प्रेरणा दे रही हैं।

हम कैसे भूल सकते हैं उत्तर प्रदेश की अरुणिमा सिन्हा को, जिन्होंने अप्रैल 2011 की रात को ट्रेन में सफर करते हुए चोरों द्वारा सोने की चेन को छीनने के विरोध में ट्रेन से बाहर फेंकने से दूसरी तरफ से आती हुई ट्रेन से अपना बायां पैर गवां दिया, लेकिन असंभव को संभव करने की अपनी इच्छाशक्ति नहीं गवाई। जानी मानी पर्वतारोही बिच्छेंद्री पाल के मार्गदर्शन में 21 मई 2013 को माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा झंडा फहरा कर पहली दिवांग महिला पर्वतारोहण का रिकॉर्ड अपने नाम किया। ऐसे अनगिनत उदाहरण भरे पड़े हैं जो आपकी इच्छाशक्ति को चट्टान सा मजबूत बनाने के लिए उपलब्ध हैं। अभिभावकों एवं अध्यापकों से भी निवेदन है कि एक परीक्षा को युवाओं के लिए जीने मरने का प्रश्न न बनाएं एक टेस्ट ही आपकी जिंदगी नहीं हो सकता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# राम मंदिर चढ़ावा : आस्था, पारदर्शिता और जवाबदेही की परीक्षा

देश में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। यह केवल एक धार्मिक संरचना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और सामूहिक आस्था का जीवंत प्रतीक भी है।



केशव शर्मा 'रसिक'
कोटला, घुमारवीं

ऐसे पवित्र स्थल पर यदि श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धाभाव से अर्पित चढ़ावे से जुड़ी किसी भी प्रकार की चोरी, अनियमितता या गड़बड़ी की बात सामने आती है, तो यह केवल वित्तीय अपराध नहीं रह जाता, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं और विश्वास पर भी गहरी चोट के रूप में देखा जाता है। मंदिरों में चढ़ाया गया प्रत्येक रुपया, प्रत्येक आभूषण और प्रत्येक भेंट किसी न किसी श्रद्धालु की आस्था का प्रतिनिधित्व करता है। लोग यह विश्वास करके दान करते हैं कि उनका अर्पण धर्म, समाज सेवा, जनकल्याण और मंदिर व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन में ईमानदारी से उपयोग होगा। ऐसे में यदि इस व्यवस्था में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार, चोरी या अनियमितता सामने आती है, तो स्वाभाविक रूप से न केवल प्रबंधन की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं, बल्कि पूरी व्यवस्था की जवाबदेही भी कठघरे में आ जाती है। यह प्रश्न केवल किसी एक मंदिर या किसी एक घटना तक सीमित नहीं है। यह व्यापक रूप से उन सभी धार्मिक संस्थानों के लिए चेतावनी है, जहां बड़ी मात्रा में दान और चढ़ावा एकत्र होता है। आस्था के केंद्रों में वित्तीय प्रबंधन की प्रर्, या को अब अधिक आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक-आधारित बनाने की आवश्यकता है।

सीसीटीवी निगरानी, डिजिटल दान प्रणाली, ऑनलाइन ट्रैकिंग, नियमित ऑडिट, रियल-टाइम अकाउंटिंग और स्वतंत्र जांच तंत्र जैसी व्यवस्थाएँ अनिवार्य की जानी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना को न्यूनतम किया जा सके और श्रद्धालुओं का विश्वास अक्षुण्ण रहे। धर्म का मूल आधार सत्य, ईमानदारी और नैतिकता है। यदि



धार्मिक संस्थानों के भीतर ही इन मूल्यों का उल्लंघन होने लगे, तो समाज में एक गलत और खतरनाक संदेश जाता है। आस्था केवल भावनाओं का विषय नहीं, बल्कि एक गहरी नैतिक जिम्मेदारी भी है। इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसे मामलों में बिना किसी दबाव या पक्षपात के निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हो, और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की लीपापोती या उदासीनता भविष्य में ऐसी घटनाओं को और बढ़ावा दे सकती है, जिससे समाज का विश्वास व्यवस्था से कमजोर हो सकता है। आस्था का सम्मान केवल भव्य मंदिरों, विशाल संरचनाओं या आकर्षक स्थापत्य से नहीं होता, बल्कि उनकी पवित्रता, पारदर्शिता और ईमानदार प्रशासन से होता है। करोड़ों श्रद्धालुओं का विश्वास सर्वोपरि है, और उसकी रक्षा करना केवल मंदिर प्रशासन ही नहीं, बल्कि संबंधित सरकारी और सामाजिक संस्थाओं की भी जिम्मेदारी है।

राम मंदिर जैसे पवित्र स्थल पर पारदर्शिता का प्रश्न और भी संवेदनशील हो जाता है, क्योंकि यह केवल एक धार्मिक केंद्र नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं और पहचान से जुड़ा प्रतीक है। इसलिए यहां किसी भी प्रकार की अनियमितता की जांच अत्यंत गंभीरता, निष्पक्षता और तेजी के साथ होनी चाहिए, ताकि जनता का विश्वास बना रहे। समय की मांग है कि धार्मिक संस्थाएं भी आधुनिक प्रशासनिक मानकों को अपनाएं। दान और चढ़ावे की पूरी प्रर्, या डिजिटल हो, ताकि हर लेन-देन का रिकॉर्ड सुरक्षित रहे। साथ ही, ऑडिट रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की व्यवस्था भी होनी चाहिए, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित हो सकें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## साक्षी धोनी का खूबसूरत अंदाज

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी धोनी किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें फैंस में शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर साक्षी के 4.8 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जो उन पर खूब प्यार लटाती हैं।




**फीफा वर्ल्डकप** पैराग्वे को 1-0 से हराया, मैच के बाद दिखा हाई-वोल्टेज ड्रामा

# फ्रांस चौथी बार क्वार्टर फाइनल में

### एमबाप्पे ने हाथ नहीं मिलाया तो पैराग्वे के गोलकीपर ने फुटबॉल मारी

**एजेंसी,फिलाडेल्फिया**

फ्रांस फुटबॉल वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है। उसने चौथी बार टॉप-8 में जगह बनाई है। फ्रांसीसी टीम ने रविवार सुबह खेले गए मैच में पैराग्वे को 1-0 से हराया। स्टार फुटबॉलर किलियन एमबाप्पे ने दूसरे हाफ में पेनल्टी पर निर्णायक गोल किया। फिलाडेल्फिया स्टेडियम में मैच के बाद पैराग्वे के गोलकीपर ऑरलैंडो गिल खेल भावना के तहत एमबाप्पे से हाथ मिलने के लिए आगे बढ़े, लेकिन एमबाप्पे ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। इससे निराश गिल ने फुटबॉल एमबाप्पे की ओर उछाल दी, जोकि फ्रांस के फॉरवर्ड की पीठ पर लगी।

फ्रांस का क्वार्टर फाइनल मैच 9 जुलाई की रात 1:30 बजे से मोरक्को से होगा। मोरक्को ने शनिवार देर रात राउंड ऑफ 16 के पहले मुकाबले में मेजबान कनाडा को 3-0 के अंतर से मात दी। इस जीत के साथ मोरक्को वर्ल्ड कप इतिहास में एक से ज्यादा बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाला पहला अफ्रीकी देश बन गया।

इससे पहले वह 2022 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था। पैराग्वे ने डिफेंसिव खेल दिखाया। 70वें मिनट में वीएआर (वीडियो असिस्टेंट रेफरी)



रिव्यू के बाद फ्रांस को पेनल्टी मिली। डिएगो गोमेज पर फाउल का फैसला आने के बाद किलियन एमबाप्पे ने पेनल्टी को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। पैराग्वे ने पूरे मैच में फ्रांस के हमलों को काफी हद तक रोके रखा। दूसरे हाफ में एमबाप्पे को एक शानदार मौका मिला, लेकिन वे ब्रेकअवे का फायदा नहीं उठा सके। मैनू कोने का दमदार शॉट गोलकीपर ऑरलैंडो गिल ने शानदार बचाव करते हुए रोक दिया। स्टॉपेज टाइम में भी गिल ने एमबाप्पे के दो बेहतरीन प्रयास विफल कर मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा। (अनंत ज्ञान)

## दूसरा टेस्ट: श्रीलंका ने 549 रनों पर पहली पारी की घोषित



**एजेंसी, एंटीगुआ**

दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन भी श्रीलंका ने मैच पर पूरी तरह पकड़ बनाए रखी। मेजबान टीम ने 9 विकेट पर 549 रन बनाकर पहली पारी घोषित की। जवाब में दिन का खेल समाप्त होने तक वेस्टइंडीज ने एक विकेट पर 58 रन बनाए और वह अब भी श्रीलंका से 491 रन पीछे है।

श्रीलंका की ओर से कुशल मेंडिस और पथुम निसांका ने छठे विकेट के लिए 143 रन की अहम साझेदारी की। मेंडिस ने 115 गेंदों में 69 रन (7 चौके, 3 छक्के) बनाए, जबकि निसांका 92 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा मिलन रत्नायके ने 43 गेंदों पर 15 रन जोड़े, जबकि प्रभात जयसूर्या 17 रन बनाकर नाबाद लौटे।

वेस्टइंडीज के लिए जेडन सील्स और शमर जोसेफ ने दो-दो विकेट लिए। वहीं अल्जारी जोसेफ, जस्टिन ग्रेव्स और रॉस्टन चेज को एक-एक सफलता मिली। जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ब्रैंडन किंग 26 गेंदों में 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दिन का खेल खत्म होने तक जॉन कैंपबेल 31 रन और केवम हॉज 6 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। पहले टेस्ट में मिली हार और खिलाड़ियों की चोटों के कारण श्रीलंका ने अपनी प्लेइंग इलेवन में तीन बदलाव किए। टीम में प्रभात जयसूर्या, लाहिरू उदारा और इशिथा विजेसुंदरा को शामिल किया गया। विजेसुंदरा इस मुकाबले से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहे हैं। वहीं, पथुम निसांका और लाहिरू कुमारा चोट के कारण बाहर हैं, जबकि कसुन रजिथा को पहले टेस्ट में खराब प्रदर्शन के चलते अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को एक पारी और 217 रन से हराया था। (अनंत ज्ञान)

## 21 साल की ईला ने विंबलडन चैंपियन स्वियातेक को हराया

**एजेंसी, लंदन**



विंबलडन में शनिवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। ऑल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट पर 21 साल की एलेक्जेंड्रा ईला ने डिफेंडिंग चैंपियन इगा स्वियातेक को 7-6 (9), 6-2 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वे किसी भी ग्रैंड स्लैम सिंगल्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली फिलीपींस की पहली खिलाड़ी बन गई हैं।

मैच जीतने के बाद ईला कोर्ट पर घुटनों के बल बैठ गईं और भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा, 'अपने देश के लोगों का समर्थन मेरे लिए बेहद खास है। यह जीत मैं अपने परिवार और फिलीपींस की सभी छोटी लड़कियों को समर्पित करती हूं।' 3 साल पहले स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन जीता था। इसके बाद राफेल नडाल एकेडमी गई थीं। यहीं से ईला ग्रेजुएशन कर रही थी। स्वियातेक ने ईला को सर्टिफिकेट दिया था। स्वियातेक ने अपनी स्पीच में कहा था- जो भी करना, उसमें अपना 100 प्रतिशत देना।

ईला ने स्वियातेक को दूसरी बार मात दी है। वे पिछले साल मियामी ओपन में भी स्वियातेक को हरा चुकी हैं। आज की जीत के बाद ईला ने कहा, 'स्कूल के बाद रफल्ड मोजे और लाइट वाले जूते पहनकर मैं रोज ट्रेनिंग के लिए जाती थी। आज की यह जीत बचपन की उस छोटी ईला, मेरे परिवार, मेरे देश और उन सभी लड़कियों के नाम है, जो बड़े सपने देखती हैं।'


फिलीपींस में बड़ी होने के दौरान ईला के पास ग्रास कोर्ट पर खेलने का विकल्प नहीं था। इसके बजाय वे एक ऐसे कोर्ट का इस्तेमाल करती थीं, जो बास्केटबॉल कोर्ट था। ईला ने कहा, 'वहां बास्केटबॉल हूप्स होते थे, इसलिए मैं ज्यादा पीछे नहीं हट सकती थी। क्योंकि, तब मैं बास्केटबॉल हूप से टकरा जाती।' (अनंत ज्ञान)

## डेब्यू कैप मिलते ही रो पड़े वैभव सूर्यवंशी बने भारत के सबसे युवा क्रिकेटर

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

वैभव सूर्यवंशी भारत के लिए डेब्यू करने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर बन गए। उन्होंने 15 साल 99 दिन में पहला मैच खेलकर सचिन तेंदुलकर और शेफाली वर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मैनचेस्टर में तिलक वर्मा ने वैभव को डेब्यू कैप दी। इसके बाद वे भावुक होकर रो पड़े। हालांकि, उनका पहला इंटरनेशनल मैच जीत के साथ यादगार नहीं बन सका। वैभव इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले भारत के यंगेस्ट क्रिकेटर बने।

उन्होंने 15 साल 99 दिन की उम्र में पहला मैच खेला। वैभव ने शेफाली वर्मा और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। शेफाली ने 15 साल 239 दिन और सचिन ने 16 साल 205 दिन की उम्र में भारत के लिए पहला मैच खेला था। वैभव इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। जर्सी की निया चार्लोट ग्रेग सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाली




क्रिकेटर हैं। उन्होंने 2019 में 11 साल, 40 दिन की उम्र में पहला टी-20 इंटरनेशनल खेला था। उनके नाम सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। पुरुषों में रोमानिया के मारियन गेरासिम सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले पुरुष क्रिकेटर हैं। (अनंत ज्ञान)

## बाबर आजम पाकिस्तान की टेस्ट टीम के फिर बने कप्तान

**एजेंसी, इस्लामाबाद**



### वेस्टइंडीज-इंग्लैंड सीरीज के लिए टीम का हुआ ऐलान

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए टीम का ऐलान करते हुए बाबर आजम को कप्तानी सौंप दी है। बाबर ने शान मसूद की जगह ली है, जो पिछले कुछ समय से टीम की कमान संभाल रहे थे। बाबर अब 25 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज और 19 अगस्त से इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में पाकिस्तान की अगुवाई करेंगे। दोनों सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा हैं।

पाकिस्तान ने दोनों सीरीज के लिए चार अनकैप्ड खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया है। इनमें बाएं हाथ के स्पिनर अली उस्मान, बल्लेबाज मोहम्मद अवैस जफर, तेज गेंदबाज उबैद शाह और विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद गाजी घोरी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को पहली बार टेस्ट कैप मिलने का मौका मिल सकता है। वहीं, सऊद शकील को इंग्लैंड दौरे की टीम में जगह मिली है, लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर रहेगा।

पाकिस्तान पहले वेस्टइंडीज दौरे पर दो टेस्ट मैच खेलेगा। पहला टेस्ट 25 से 29 जुलाई तक ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, तारूबा में और दूसरा टेस्ट 2 से 6 अगस्त तक पोर्ट ऑफ स्पेन के क्वींस पार्क ओवल में होगा। इसके बाद टीम इंग्लैंड का दौरा करेगी, जहां 19 अगस्त से लीड्स में पहला टेस्ट, 27 अगस्त से लॉर्ड्स में दूसरा और 9 सितंबर से बर्मिंघम में तीसरा टेस्ट खेला जाएगा। अब सभी की नजरें इस बात पर होंगी कि बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में वापसी कर पाता है या नहीं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### केवल कोई एक बल्लेबाज़ या गेंदबाज़ अंतर पैदा नहीं कर सकता: किशन

**एजेंसी, मैनचेस्टर।** भारतीय टी-20 टीम के स्टार बल्लेबाजों में शूमार इशान किशन ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में मिली चार विकेट से हार पर कहा कि केवल कोई एक बल्लेबाज या गेंदबाज अंतर पैदा नहीं कर सकता है। किशन मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में किशन ने कहा, 'मेरे हिसाब से हमने परफेक्ट टीम उतारी थी। जब आप हारते हैं तो सवाल कई तरह से खड़े होते हैं। मुझे लगता है कि सारे गेंदबाज काफी शानदार हैं जिन्होंने पहले अच्छा प्रदर्शन करके दिखाया है और अपनी टीमों के अलग-अलग परिस्थितियों में जीत दिलाई है। सपाट विकेटों पर भी उन्होंने विकेट निकाले हैं तो मुझे नहीं लगता कि टीम को लेकर हम कोई बदलाव कर सकते थे। हमें केवल यहां की परिस्थितियों को और बेहतर समझना होगा और देखना कि कैसे हम सुधार ला सकते हैं। हमें ये समझना होगा कि हम भारत के बाहर खेल रहें है। केवल कोई एक बल्लेबाज या गेंदबाज अंतर पैदा नहीं कर सकता।' (अनंत ज्ञान)



### मेलिसा ने महिलाओं की 100 मीटर और टेलर ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ जीती

**एजेंसी, ओरेगन (अमेरिका)।** प्रीफॉन्टेन क्लासिक 2026 में शनिवार को युवा स्प्रिंटर टेट टेलर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर तथा मेलिसा जेसरसन ने महिलाओं की 100 मीटर की दौड़ जीती। हेवर्ड फील्ड स्टेडियम में हुए मुकाबले में अमेरिकी धावक टेलर ने सबको चौंकाते हुए बोत्सवाना के लेत्सिले तेबोगो को पछाड़ कर पुरुषों की 200 मीटर दौड़ 19.75 सेकंड में जीती। उन्होंने पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए आखिरी कुछ मीटर में बढ़त बनाए रखी। वे केमैन आइलैंड्स के जैडेन रीड के 19.63 सेकंड के वर्ल्ड लीड (सबसे तेज समय) से सिर्फ 0.02 सेकंड पीछे रहे। (अनंत ज्ञान)

### मुश्किल तैयारियों के बीच खिलाड़ी अपना आपा ना खोए : थॉमस

**एजेंसी, मेक्सिको सिटी।** इंग्लैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच थॉमस ट्यूशेल ने कहा है कि विश्व कप में मैक्सिको के खिलाफ राउंड ऑफ 16 के मुकाबले से पहले उथल-पुथल भरी तैयारियों के बीच खिलाड़ियों को 'अपना आपा नहीं खोना चाहिए'। तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर ट्यूशेल ने कहा, 'अक्सर की तरह, बहुत शोर होता है। जब आप सुरक्षित माहौल के अंदर होते हैं, तो वास्तव में सब कुछ काफी शांत और केंद्रित होता है। जितने बड़े मंच होते हैं, उतना ही शोर होता है, और तैयारी उतनी ही शांत रहती है। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को किकऑफ के संभावित बदलाव के बारे में पता भी नहीं था और यह दिखाता है कि आपको अपना आपा नहीं खोना है। (अनंत ज्ञान)

## नेपाल-भारत रेल परियोजना के अंतिम चरण का काम शुरू

**एजेंसी, काठमांडू**

### दो साल में बर्दिबास तक सेवा शुरू करने का लक्ष्य

नेपाल और भारत के बीच संचालित एकमात्र रेल सेवा विस्तार के अंतिम चरण का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। भूमि मुआवजा विवाद सुलझने के बाद जयनगर-बर्दिबास रेलमार्ग के शेष 18 किलोमीटर हिस्से के निर्माण में तेजी आ गई है। धनुषा और महोत्तरी जिलों में रेल ट्रैक बिछाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है।

नेपाल रेलवे कंपनी के महाप्रबंधक परिवेश पराजुली के अनुसार भूमि मुआवजा संबंधी विवाद समाप्त होने के बाद निर्माण कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल ने काम शुरू कर दिया है। लक्ष्य है कि अगले दो वर्षों के भीतर बर्दिबास तक रेल सेवा शुरू कर दी जाए। निर्माणाधीन 70 किलोमीटर लंबे जयनगर-बर्दिबास रेलमार्ग में से जयनगर-कुर्था खंड पर 19 मार्च, 2022 से नियमित रेल सेवा संचालित हो रही है। इसी बीच, नेपाल रेलवे कंपनी ने अपनी अतिक्रमित जमीन की पहचान और खोज का अभियान भी शुरू किया है। महाप्रबंधक पराजुली ने



बताया कि विभिन्न स्थानों पर रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण पाए जाने के बाद नक्शों के आधार पर उसकी पहचान की जा रही है।

जयनगर-बर्दिबास रेल परियोजना नेपाल और भारत के बीच एक महत्वपूर्ण सीमापार ब्रॉडगेज रेल परियोजना है, जिसका निर्माण दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग के तहत किया जा रहा है। इस परियोजना से नेपाल और भारत के बीच आवागमन, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

## ममता बनर्जी बोलीं-मुझे रोकना है तो मारना पड़ेगा

**एजेंसी, कोलकाता**

### बागी नेताओं को चुनौती- हिम्मत है तो भाजपा में शामिल हों

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में जारी बगावत के बीच ममता बनर्जी ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिह्न कहीं नहीं जाएगा। अगर मुझे रोकना है तो मुझे मारना पड़ेगा। ममता ने बागी नेताओं को चुनौती देते हुए कहा, 'अगर हिम्मत है तो खुलकर भाजपा में शामिल हो जाओ। तुम्हें क्या लगता है कि मैं खत्म हो गई हूं? मैं जनता के बीच पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर जाऊंगी, मेरी आवाज कोई नहीं दबा सकता।'



उन्होंने आरोप लगाया कि बागी नेता अब खुलकर भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। ममता ने कहा, 'गद्दारी की भी एक सीमा होती है।' ममता का यह बयान ऐसे समय आया है, जब पार्टी के 20 सांसद और 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। शनिवार को टीएमसी की पश्चिम बंगाल अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बाद में वह बागी गुट के नेता और विधानसभा में विपक्ष के नेता ऋतब्रत बनर्जी के साथ नजर आईं।

पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि जिन नेताओं ने उनके पार्टी सिंबल पर चुनाव जीता, वही अब कह रहे हैं कि 2023 के बाद पार्टी का अस्तित्व नहीं रहा। पार्टी ने ही उन्हें राजनीतिक पहचान दी, लेकिन अब वे उसी पार्टी के साथ विश्वासघात कर रहे हैं और खुले तौर पर भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। अगर हिम्मत है तो खुलकर भाजपा में शामिल हो जाइए। (अनंत ज्ञान)

## बहादुरगढ़: पुलिस मुठभेड़, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो शूटर ढेर

**एजेंसी, बहादुरगढ़ (हरियाणा)**

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो शूटर प्रवेश और हिमांशु रविवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। दोनों हांसी में जिम संचालक कपिल की हत्या में वांछित थे। इसकी पुष्टि एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने की।

पुलिस के अनुसार, दिल्ली स्पेशल सेल को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी हथियारों से लैस होकर किसी वारदात की योजना बना रहे हैं। इसके बाद एसटीएफ ने इलाके की घेराबंदी की। टीम के पहुंचने पर दोनों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में वे घायल हुए और अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में एक सिपाही के पैर में गोली लगी, जबकि अन्य पुलिसकर्मियों की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोलियां लगीं। घायल सिपाही का इलाज जारी है। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत पुड़बा**
विकास खंड सुलह स्थित भेड़ू महादेव, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

**विषय :** ग्रांम पंचायत पड़वा में विकास कार्यों में प्रयोग होने बाली सामग्री, वर्ष 2026-2027 हेतु निविदा वारे ।

बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि ग्रांम पंचायत पड़बा में विकास कार्यों में प्रयोग होने वाली सामग्री, वर्ष 2026-2027 हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है। इसके लिए दिनांक 05/07/2026 से 09/07/2026 तक सामग्री सप्लायर से आवेदन आमंत्रित है। दिनांक 10/07/2026 को समय 3:00 PM पर निविदा समस्त सप्लायर के समक्ष खोली जानी है। सप्लायर कि सामग्री में गुणवत्ता होनी चाहिए। साफ-सुथरी GST Bill का होना जरुरी है। साथ में W,X फॉर्म का भी होना जरूरी है। सामग्री में रेत, बजरी, क्रेशर, पत्थर, रेत, बजरी नदी, ईंट, शटरिंग लोहा, शटरिंग लकड़ी, इत्यादि सामग्री की निविदा आमंत्रित है।

प्रधान /सचिव
ग्राम पंचायत पुड़बा, विकास खंड सुलह स्थित भेडू महादेव

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुंडदल**
विकास खंड आनी, जिला कुल्लू

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मुंडदल विकास खंड आनी, जिला कुल्लू के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निनिदाएं आमत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 17/07/2026 को 3 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 18/07/2026 को 11 वजे के वाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।
1. रेत, खान व क्रेशर-प्रति घनमीटर, 2. बजरी 10,20,40 mm-प्रति घनमीटर, 3. मारवल-प्रति घनमीटर, 4. ईंट (2nd Class)- प्रति नं. 5. शटरिंग- घनमीटर, 6. R.C.C पाईप- प्रति नं. 7. G.I. पाईप- प्रति नं., 8. PVC पाईप-प्रति नं., 9. एल्काथिन पाईप-कि.ग्राम, 10. जेसीवी-प्रति घंटा, 11. सिमेंट टाईल- प्रति नं., 12. ईंटरलॉक, पेवर, सिमेंट टाईल- प्रति स्केयर मीटर, 13. G.I. शीट-प्रति नं., 14. फर्नीचर- प्रति नं., 15. सिमेंट ब्लॉक -प्रति नं., 16. स्टील 8 एमएम10एमएम12एमएम16 एमएम- प्रतिकिलोग्राम, 17. CIB वोर्ड- प्रति नं., 18. वाल राईटिंग-प्रति अक्षर, 19. वागवानी पौधे, जंगली पौधे- प्रति नं., 20. इमारती लकड़ी-घनफुट, 21. केटवायर-प्रति वंडल, 22. एल्युमिनियम फिटिंग-प्रति घनफुट, 23. पत्थर तोडान-प्रति घनफुट, 24. पत्थर ढोलान-प्रति घनफुट, 25. दिवार तथा फलोर टाईल-प्रति स्केयर मीटर
**नियम व शर्तेः**- 1. निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। 2. पंजीकृत सप्लायर अपना पंजीकरण नम्बर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें तथा इसके साथ आर.सी. नम्बर जी.एस.टी. सी.एस.टी. नम्बर की छाया प्रति संलग्न करें। 3. सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता सही होनी चाहिए। 4. कम दर वाली निविदा को ही मंजूरी दी जाएगी। 5. यदि सप्लायर द्वारा सही समय पर सामग्री नहीं दी जाती है अथवा अच्छा सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती तो उस स्थिति में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 6. सामग्री की दरें एक वर्ष के लिए वही रहेगी तथा सामग्री जहां तक वाहन योग्य सड़क है वहां तक पीकप व टीपर से पहुंचा देनी होगी। 7. सप्लायर को खनन विभाग से हस्ताक्षरित X- Form या W-Form जमा करवाने होंगे। X-Form या W-Form उपलब्ध न करवाने की सूरत में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 8. सामग्री सप्लायर पंचायत प्रतिनिधियों का करीबी रिश्तेदार नहीं होना चाहिए। 9. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, GST होना आवश्यक है। 10. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 11. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाडी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 12. निविदादाता को 30000/- रू0 धरोहर / सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 13. निविदादाता व समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 14. ग्राम पंचायत के सप्लाई आर्डर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 15. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EX-CLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 16. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 17. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य / निर्णय विभाग की JUSTIFICATION पारित निविदादाता के साथ NEGO-TIATION अनुसार उपरान्त किया जाएगा। 18. निविदादाता अपना मोबाईल नं. लिफाफे के बाहर लिखना सुनिश्चित करें।

सचिव/प्रधान
ग्राम पंचायत मुंडदल, विकास खंड आनी, कुल्लू

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुहान**
विकास खंड आनी, जिला कुल्लू

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मुहान विकास खंड आनी, जिला कुल्लू के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निनिदाएं आमत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 19/07/2026 को 3 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 20/07/2026 को 11 वजे के वाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।
1. रेत, खान व क्रेशर-प्रति घनमीटर, 2. बजरी 10,20,40 mm-प्रति घनमीटर, 3. मारवल-प्रति घनमीटर, 4. ईंट (2nd Class)- प्रति नं. 5. शटरिंग- घनमीटर, 6. R.C.C पाईप- प्रति नं. 7. G.I. पाईप- प्रति नं., 8. PVC पाईप-प्रति नं., 9. एल्काथिन पाईप-कि.ग्राम, 10. जेसीवी-प्रति घंटा, 11. सिमेंट टाईल- प्रति नं., 12. ईंटरलॉक, पेवर, सिमेंट टाईल- प्रति स्केयर मीटर, 13. G.I. शीट-प्रति नं., 14. फर्नीचर- प्रति नं., 15. सिमेंट ब्लॉक -प्रति नं., 16. स्टील 8 एमएम10एमएम12एमएम16 एमएम- प्रतिकिलोग्राम, 17. CIB वोर्ड- प्रति नं., 18. वाल राईटिंग-प्रति अक्षर, 19. वागवानी पौधे, जंगली पौधे- प्रति नं., 20. इमारती लकड़ी-घनफुट, 21. केटवायर-प्रति वंडल, 22. एल्युमिनियम फिटिंग-प्रति घनफुट, 23. पत्थर तोडान-प्रति घनफुट, 24. पत्थर ढोलान-प्रति घनफुट, 25. दिवार तथा फलोर टाईल-प्रति स्केयर मीटर
**नियम व शर्तेः**- 1. निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। 2. पंजीकृत सप्लायर अपना पंजीकरण नम्बर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें तथा इसके साथ आर.सी. नम्बर जी.एस.टी. सी.एस.टी. नम्बर की छाया प्रति संलग्न करें। 3. सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता सही होनी चाहिए। 4. कम दर वाली निविदा को ही मंजूरी दी जाएगी। 5. यदि सप्लायर द्वारा सही समय पर सामग्री नहीं दी जाती है अथवा अच्छा सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती तो उस स्थिति में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 6. सामग्री की दरें एक वर्ष के लिए वही रहेगी तथा सामग्री जहां तक वाहन योग्य सड़क है वहां तक पीकप व टीपर से पहुंचा देनी होगी। 7. सप्लायर को खनन विभाग से हस्ताक्षरित X- Form या W-Form जमा करवाने होंगे। X-Form या W-Form उपलब्ध न करवाने की सूरत में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 8. सामग्री सप्लायर पंचायत प्रतिनिधियों का करीबी रिश्तेदार नहीं होना चाहिए। 9. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, GST होना आवश्यक है। 10. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 11. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाडी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 12. निविदादाता को 30000/- रू0 धरोहर / सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 13. निविदादाता व समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 14. ग्राम पंचायत के सप्लाई आर्डर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 15. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EX-CLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 16. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 17. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य / निर्णय विभाग की JUSTIFICATION पारित निविदादाता के साथ NEGO-TIATION अनुसार उपरान्त किया जाएगा। 18. निविदादाता अपना मोबाईल नं. लिफाफे के बाहर लिखना सुनिश्चित करें।

सचिव/प्रधान
ग्राम पंचायत मुहान, विकास खंड आनी, कुल्लू

# कुल्लू में युवाओं ने भरी नशामुक्त समाज के लिए हुंकार

## 'रन टू विन, नेवर लेट ड्रग्स इन 'टीम सहभागिता की 'एंटी-ड्रग जागरुकता दौड़ का आयोजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** घाटी के युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और उन्हें एक स्वस्थ व सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से रविवार को ढालपुर खेल मैदान में एक भव्य 'एंटी-ड्रग जागरुकता दौड़' का आयोजन किया गया।

टीम सहभागिता की ओर से आयोजित इस दौड़ में भारी संख्या में स्थानीय युवाओं ने हिस्सा लिया और समाज को नशामुक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए बाशिंग पंचायत के प्रधान अजय कुमार ने टीम सहभागिता के इस प्रयास की जमकर सराहना की।

उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है, जिसे केवल कानून के भरोसे नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही मिटाया जा सकता है। इसके बाद उन्होंने दौड़ प्रतियोगिता के विजेता धावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन, युवा मंडल बाशिंग और कुल्लू खेल अकादमी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान टीम सहभागिता के उपाध्यक्ष राज सिंघानिया, खेल समन्वयक चेतन ठाकुर, सचिवालय प्रमुख अमन भारती, सचिव नेहा शर्मा, जिला समन्वयक तरुण, और कोषाध्यक्ष संजू सहित विवान, अनन्या, चांद, पवन, मोहित व कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

### दौड़ प्रतियोगिता में कशिश और करण रहे अव्वल

**दौड़** प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में युवाओं के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसके परिणाम इस प्रकार रहे। बालिका वर्ग प्रतियोगिता में कशिश ठाकुर ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि श्वेता राणा दूसरे और दिशा ठाकुर तीसरे स्थान पर रहीं। बालकों की दौड़ में करण देव ने पहला स्थान प्राप्त किया। वही, मनोज ने दूसरा और रंजीत सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### खेल, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में लगाएं ऊर्जा: डॉ. लाल सिंह

**इस** अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित 'मेरा युवा भारत', युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) के सेवानिवृत्त क्षेत्रीय निदेशक डॉ. लाल सिंह ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा को नशे जैसी विनाशकारी आदतों में बर्बाद करने के बजाय खेल, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के सकारात्मक कार्यों में लगाएं। वहीं, स्वास्थ्य शिक्षिका श्रीमती ममता ने भी युवाओं को नशे के घातक शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उपाय साझा किए।

### युवाओं को एकजुट कर लाएंगे सकारात्मक बदलाव: बीजू हिमदल

**टीम** सहभागिता के अध्यक्ष एवं निदेशक बीजू हिमदल ने इस मुहिम को दूरगामी बताते हुए कहा कि आज की दौड़ केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ खड़ा हुआ एक जनआंदोलन है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि टीम सहभागिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को इस बुराई के खिलाफ एकजुट कर समाज में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इस अभियान का हिस्सा बनाया जा सके।

# पर्यटन स्थल सिस्सू में नियम तोड़ने पर अब ऑटोमैटिक कटेगा ऑनलाइन चालान

## जल्द लगेंगी ट्रैफिक लाइट्स, टेंडर प्रक्रिया हुई पूरी

◆ अगले 7 से 10 दिन में शुरू हो जाएगी आधुनिक सिग्नल प्रणाली

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल स्पीति जिला के प्रमुख पर्यटन स्थल सिस्सू की यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के लिए प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है।

सिस्सू में ट्रैफिक लाइट लगाने की टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया गया है। पुलिस जानकारी के अनुसार, अगले अगले 7 से 10 दिनों के भीतर सड़क के दोनों ओर निर्धारित की गई लोकेशंस पर ट्रैफिक लाइट्स लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

इस नई प्रणाली के लागू होने से न केवल वाहनों की आवाजाही सुगम होगी, बल्कि सिस्सू का ट्रैफिक मैनेजमेंट पूरी तरह डिजिटल और स्मार्ट हो जाएगा।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कसेगा शिकंजा सीधे घर पहुंचेगा चालान

**इस** नई व्यवस्था के तहत सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर बेहद सख्ती बरती जाएगी। ट्रैफिक लाइट्स चालू होने के बाद यदि कोई भी वाहन चालक सिग्नल जंप करता है या यातायात नियमों को तोड़ता है, तो सिस्टम द्वारा उसका ऑनलाइन चालान स्वचालित (ऑटोमैटिक) रूप से जनरेट हो जाएगा। इस आधुनिक कदम से पुलिस को उम्मीद है कि लोग नियमों के प्रति अधिक जागरूक होंगे और मानवीय लापरवाही के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

### अटल टनल के बाद बढ़ी पर्यटकों की आमद, जाम से मिलेगी मुक्ति

**गौरतलब** है कि अटल टनल के खुलने के बाद से सिस्सू में पर्यटकों और वाहनों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। पीक सीजन में यहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी। प्रशासन का मानना है कि इस नई ट्रैफिक लाइट प्रणाली से न सिर्फ जाम की समस्या का स्थायी समाधान निकलेगा, बल्कि सड़क हादसों पर भी अंकुश लगेगा और पैदल चलने वाले स्थानीय लोगों व पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। प्रशासन ने सभी स्थानीय निवासियों और बाहर से आने वाले पर्यटकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक सिग्नलों का सम्मान करें और लाहुल घाटी की यात्रा को सुरक्षित बनाने में सहयोग दें।

# विधायक अनुराधा ने लिया विकास कार्यों का जायजा

## मयाड़ घाटी में पुल निर्माण कार्यों की समीक्षा की, तेजी से काम पूरा करने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने मयाड़ घाटी का दौरा कर क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और बाढ़ नियंत्रण उपायों की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नालों पर बन रहे पुलों और पुलियों (कल्वर्ट) के निर्माण कार्यों का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित विभागों को सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के कड़े निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए मजबूत और सुरक्षित अधोसंरचना का निर्माण अत्यंत आवश्यक है, ताकि बरसात के मौसम में लोगों को किसी प्रकार की असुविधा या जोखिम का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने बताया कि धोनधल नाले में वैकल्पिक पुल का निर्माण कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि इसी वर्ष यहां स्थायी पुल का निर्माण कार्य भी शुरू किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को स्थायी राहत मिल सकेगी। वर्तमान में इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारु बनी हुई है और जलस्तर बढ़ने की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक मशीनरी मौके पर तैनात रखी गई है। इसके अलावा पैदल यात्रियों के लिए भी अस्थायी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि चंगुट और उडग़ोस नाले में पुल निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जिसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं उडग़ोस नाले में स्थायी पुल का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे भविष्य में आवागमन और अधिक सुगम हो सकेगा। विधायक अनुराधा राणा ने भींगी और तमलू नालों में चल रहे कल्वर्ट निर्माण कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता दूरदराज क्षेत्रों में सड़क और पुल संपर्क को मजबूत करना है, ताकि लोगों को हर मौसम में निर्बाध सुविधा मिल सके।



मयाड़ घाटी में विकास कार्यों का जायजा लेतीं विधायक अनुराधा राणा। अनंत ज्ञान

### करपट गांव में बाढ़ नियंत्रण कार्यों का किया निरीक्षण

**विधायक** अनुराधा ने करपट गांव में चल रहे बाढ़ नियंत्रण कार्यों की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव के पुल तथा मुख्य सड़क की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निपटाया जाए।विधायक ने स्थानीय जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार और वह स्वयं हर परिस्थिति में क्षेत्र के लोगों के साथ खड़ी हैं। घाटी के लोगों की समस्याओं का समाधान करना और विकास कार्यों को समय पर पूरा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधायक अनुराधा ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि निर्माण कार्यों में कोई लापरवाही या अनियमितता पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# लंबित मामलों के आपसी सहमति से निपटारे के लिए 31 तक करें आवदेन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** न्याय को सरल, सुलभ और सहभागी बनाने के उद्देश्य से भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 'समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत)-2026' का आयोजन 21 से 23 अगस्त तक सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का निस्तारण आपसी सहमति और सुलह के माध्यम से किया जाएगा, जिससे पक्षकारों को कम समय, कम खर्च और सौहार्दपूर्ण वातावरण में न्याय मिल सके। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुल्लू के सचिव विशाल तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि इच्छुक पक्षकारों के लिए एक सरल ऑनलाइन गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया गया है, जिसे भरकर अपने मामले को समाधान समारोह में शामिल किया जा सकता है। यह सुविधा सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। गूगल फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुल्लू के दूरभाष 01902-222378 पर संपर्क किया जा सकता है।

# लाहौल की बेटी डॉ. आरती बनीं मेडिकल ऑफिसर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिला के गोंधला गांव की रहने वाली डॉ. आरती ने अपनी कड़ी मेहनत और असाधारण प्रतिभा के दम पर क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है।



प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित मेडिकल ऑफिसर भर्ती परीक्षा में सामान्य वर्ग के तहत डॉ. आरती ने पूरे प्रदेश में आठवां रैंक हासिल किया है। इस शानदार सफलता के बाद उन्होंने अब क्षेत्रीय अस्पताल केलांग में मेडिकल ऑफिसर के रूप में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया है। डॉ. आरती गोंधला निवासी रमेश कुमार और मोनिका की पुत्री हैं। उनकी इस नियुक्ति से न केवल उनके परिवार में बल्कि पूरे लाहौल-स्पीति में खुशी का माहौल है। डॉ. आरती की यह सफलता उनकी वर्षों की लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा (पहली से आठवीं कक्षा) राजकीय विद्यालय गोंधला से हुई, जिसके बाद उन्होंने दसवीं और जमा दो की पढ़ाई भारत भारती स्कूल, ढालपुर (कुल्लू) से पूरी की। वर्ष 2019 में नीट परीक्षा पास करने के बाद उन्होंने डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज, टांडा में दाखिला लिया और वर्ष 2025 में अपनी एमबीबीएस की डिग्री पूरी की। इसके बाद अब उन्होंने मेडिकल ऑफिसर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनी है।

◆ प्रदेशभर में झटका 8वां रैंक, केलांग अस्पताल में संभाली कमान

# नगर परिषद मनाली को आज मिलेगा नया अध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**मनाली।** नगर परिषद मनाली में सोमवार को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनावी प्रक्रिया होगी। इस बावत एसडीएम गुंजीत सिंह चीमा ने सभी पार्षदों और नगर परिषद के अधिकारियों को पत्र जारी कर दिए हैं। 12 बजे नगर परिषद के कार्यालय में इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

नगर परिषद की सातों सीटों पर भाजपा समर्थित पार्षदों के निर्वाचित होने के बाद बावजूद किसी एक नाम पर सहमति नहीं बनी है। लिहाजा ढाई ढाई साल का फार्मूला अपनाया गया है। पहले ढाई वर्ष के लिए चंद्रा पधान को अध्यक्ष और ठाकुर दास को उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके बाद शेष कार्यकाल में मनोज लारजे अध्यक्ष तथा ईशा ठाकुर उपाध्यक्ष का दायित्व संभालेंगे। सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष पद को लेकर भाजपा में आपसी सहमति नहीं बन पा रही थी। इसे देखते हुए संगठन ने सभी पक्षों को साथ लेकर ढाई-ढाई वर्ष का कार्यकाल तय करने का निर्णय लिया, ताकि सभी निर्वाचित पार्षदों के बीच संतुलन बना रहे और नगर परिषद का कार्य सुचारु रूप से चलता रहे। छह जुलाई को होने वाली बैठक में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिसके बाद नगर परिषद मनाली के नए नेतृत्व का कार्यकाल शुरू हो जाएगा।

### लुहरी पीएचसी में अस्थायी व्यवस्था लागू

**अनंत ज्ञान, आनी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुहरी में चिकित्सा अधिकारी का पद रिक्त होने पर बैहना पंचायत का प्रतिनिधिमंडल जिला शिकायत निवारण समिति कुल्लू के सदस्य रामकृष्ण ठाकुर के नेतृत्व में खंड चिकित्सा अधिकारी आनी डॉ. भागवत मेहता से मिला। डॉ. मेहता ने बताया कि स्थायी नियुक्ति तक सोमवार, बुधवार, वीरवार और शनिवार को डॉक्टर या फार्मासिस्ट की प्रतिनियुक्ति कर सेवाएं दी जाएंगी। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश मिल्क फेडरेशन अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर से भी मुलाकात कर स्थायी चिकित्सक की नियुक्ति की मांग उठाई, जिस पर उन्होंने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# मनाली पुलिस ने 6 .200 ग्राम चिट्टे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक के कब्जे से 6.200 ग्राम चिट्टा बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस थाना मनाली की टीम ने उप निरीक्षक नंद लाल के नेतृत्व में की।

पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि बाहंग (पधर) क्षेत्र में एक युवक किराये के शेड में रहकर चिट्टे की छोटी-छोटी मात्रा में बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और तलाशी के दौरान प्लाईवुड की अलमारी के लॉकर से एक पारदर्शी पॉलीथीन में छिपाई गई हेरोइन बरामद की गई। आरोपी की पहचान दीपक (पुत्र बीर सिंह), निवासी मनाली, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने कहा कि नशा तस्करी के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा तथा किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।



# 6, 9 और 13 को लाहौल घाटी में बिजली आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के विद्युत मंडल केलांग ने जनता के लिए सूचना जारी की है। आगामी मानसून के दौरान बिजली आपूर्ति को अधिक विश्वसनीय और सुचारू बनाने के उद्देश्य से 33 केवी प्रिणी/पलचान/धुंधी ट्रांसमिशन लाइन के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाएगा।विद्युत बोर्ड के अनुसार यह कार्य 6, 9 और 13 जुलाई को किया जाएगा। इस दौरान सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक लाहौल घाटी को मिलने वाली 33 केवी ग्रिड बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। हालांकि, इस अवधि में बिजली आपूर्ति थिरोट विद्युत गृह के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी, लेकिन बिजली उत्पादन की उपलब्धता के अनुसार आवश्यकता पड़ने पर लोड शेडिंग या अस्थायी बिजली कटौती भी की जा सकती है। इसी दौरान विद्युत मंडल केलांग द्वारा आवश्यक रखरखाव (मेंटेनेंस) कार्य भी किए जाएंगे। विद्युत बोर्ड ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि इस आवश्यक कार्य के दौरान सहयोग बनाए रखें और अस्थायी असुविधा के लिए क्षमा करें। बोर्ड का कहना है कि यह कार्य भविष्य में विशेषकर मानसून के दौरान बिजली आपूर्ति को अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के लिए किया जा रहा है।

# भारी बारिश से अलेउ पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित

◆ अलाइन नाले में फ्लशिंग से बढ़ा पानी का दबाव, कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित

अनंत ज्ञान

**मनाली।** शनिवार रात हुई भारी बारिश का असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ा है। अलाइन नाले में फ्लशिंग के कारण जल का दबाव बढ़ने और बारिश के दौरान पेड़ गिरने से अलेउ क्षेत्र को पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके चलते अलेउ, झाड़ंग ,चिचोगा और टावर कालोनी में पेयजल आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित हो गई है। जल आपूर्ति बाधित होने से इस इलाके के होटल वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जल शक्ति विभाग के अनुसार पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पाइपलाइन को जल्द से जल्द बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सामान्य हो सके। विभाग के सहायक अभियंता दीक्षांत शर्मा ने बताया कि मरम्मत कार्य पूरा होने तक क्षेत्र में जलापूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। लोगों से अपील है कि वे आवश्यकतानुसार पानी का उपयोग करें और विभाग का सहयोग करें। विभाग ने असुविधा के लिए खेद भी व्यक्त किया है।



# लाहौल की एक और बेटी डॉ. अंकिता बनी मेडिकल ऑफिसर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** सीमित संसाधनों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद यदि संकल्प मजबूत हो, तो सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सकता है। लाहौल-स्पीति की बेटियां आज इसी सोच को साकार कर रही हैं। इसका ताज़ा और बेहतरीन उदाहरण हैं जोबरंग गांव की डॉ. अंकिता केवा। उन्होंने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित मेडिकल ऑफिसर परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे लाहौल-स्पीति जिले का गौरव बढ़ाया है। डॉ. अंकिता ने हाल ही में जहालमा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल ऑफिसर के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अब वे अपने ही दुर्गम प्रदेश के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देकर समाज की सेवा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

**पिता के पदचिह्नों पर चलकर हासिल किया मुकाम:** डॉ. अंकिता की इस सफलता के पीछे उनके पिता की बड़ी प्रेरणा रही है। उनके पिता वीरेंद्र केवा वर्तमान में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वर्षों तक लोगों की सेवा करने वाले पिता की प्रेरणा और बेटी की दिन-रात की कड़ी मेहनत ने इस सफलता को एक नई पहचान दी है। यह उपलब्धि इस बात का जीवंत प्रमाण है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर प्रयास किसी भी लक्ष्य को हासिल करने का सबसे मजबूत आधार होते हैं।डॉ. अंकिता की यह उपलब्धि विशेष रूप से ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों की बेटियों के लिए यह संदेश देती है कि शिक्षा और आत्मविश्वास के बल पर हर मंज़िल हासिल की जा सकती है।

**क्षेत्र में खुशी की लहर:** डॉ. अंकिता की इस उल्लेखनीय सफलता पर उनके माता-पिता, परिवार, जोबरंग गांव और पूरे लाहौल-स्पीति में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



डॉ. अंकिता केवा अपने पिता के साथ। अनंत ज्ञान

**नई उड़ान** कम्युनिटी बेस्ड ईको-टूरिज्म ने संवारी सैकड़ों जिंदगी, 11 ईको हट्स से बदला ग्रामीण परिवारों और युवाओं का भाग्य

# जलोड़ी की वादियों से आत्मनिर्भरता की गूंज

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** प्रदेश में ईको-टूरिज्म अब केवल सैर-सपाटे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्थानीय आजीविका, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण का एक बेहतरीन जरिया बन चुका है। कुल्लू जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जलोड़ी जोत (ऊंचाई 10,800 फुट) में वन विभाग द्वारा स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण (लाडा) के सहयोग से विकसित किया गया कम्युनिटी बेस्ड ईको-टूरिज्म मॉडल आज पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय मिसाल बन गया है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिशा-निर्देशों पर करीब 5.5 करोड़ की लागत से इस दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं का कायाकल्प किया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत जलोड़ी जोत पर 11 ईको हट्स, नेचर इंटरप्रिटेशन एंड सर्विस सेंटर और अन्य आवश्यक जन-सुविधाओं का निर्माण किया गया है। स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाने के लिए 7 ईको हट्स लझेरी, खनाग और फनौंटी पंचायतों के स्थानीय युवाओं व परिवारों को सौंपे गए हैं। यहां वे पर्यटकों को रहने, पारंपरिक हिमाचली व्यंजनों और आतिथ्य सत्कार की सुविधाएं दे रहे हैं। खनाग निवासी रिंकू ठाकुर और स्थानीय बेली राम जैसे कई युवाओं का कहना है कि सरकार की इस पहल से उन्हें अपने ही घर के पास सम्मानजनक और स्थायी रोजगार मिला है।

**पर्यटन के साथ संरक्षण का अनूठा कमाई मॉडल:** यह मॉडल केवल कमाई का साधन नहीं, बल्कि पर्यावरण को बचाने का भी संकल्प है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं ट्रैकिंग रूटों से प्लास्टिक और अन्य कचरा एकत्र कर स्वच्छता अभियान चलाती हैं। इस पूरे तंत्र को व्यवस्थित चलाने के लिए तीन स्थानीय सोसाइटियों का गठन किया गया है। जिनमेंरघुपुर इको टूरिज्म सोसाइटी,जलोड़ी इको टूरिज्म सोसाइटी,लझेरी इको टूरिज्म सोसाइटी शामिल है।इस व्यवस्था से होने वाली कुल आय का 60 प्रतिशत हिस्सा वन विभाग/प्रबंधन को जाता है, जबकि 40 प्रतिशत हिस्सा स्थानीय सोसाइटी को मिलता है। सोसाइटी अपनी इस राशि को क्षेत्र के विकास, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं के रखरखाव पर खर्च करती है।



जलोड़ी जोत में हस्तशिल्प बेचतीं स्थानीय महिला। अनंत ज्ञान

### महिलाओं को मिला 'हिमाचली हस्तशिल्प' का नया मंच

**इस** मॉडल ने ग्रामीण महिलाओं की किस्मत बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है। करीब 100 से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से इस परियोजना से सीधे जुड़ी हैं।आरक्षित इको हट और रघुपुर फोर्ट व सिरोलसर झील के ट्रैकिंग मार्गों पर ये महिलाएं अपने हाथों से तैयार शाल, पट्टू, जुराबें, दस्ताने, मफलर, ढाठू, टोपी और पारंपरिक ऊनी वस्त्रों की बिक्री कर रही हैं।इससे न केवल हिमाचली संस्कृति को वैश्विक पहचान मिल रही है, बल्कि ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से पूरी तरह आत्मनिर्भर हो रही हैं।

**बुनियादी सुविधाओं से लैस हुआ दुर्गम क्षेत्र:** जलोड़ी जोत पर पर्यटकों की सुविधा के लिए स्वच्छ पेयजल, बिजली और अन्य बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ किया गया है। बिजली की सुविधा बहाल कर दी गई है और पेयजल योजना का काम भी अंतिम चरण में है, जो एक महीने के भीतर पूरा हो जाएगा। आपातकालीन स्थितियों के लिए यहां एक रेस्क्यू एवं ट्रांजिट कैंप भी बनाया गया है। इसके अलावा, एक नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर पर्यटकों को क्षेत्र की समृद्ध जैव-विविधता और वन संपदा से रूबरू करा रहा है।

# हैप्पी वैली बना अर्ली वैरायटी सेब उत्पादन का नया केंद्र

## बेहतर दाम के लिए जयपुर मंडी को प्राथमिकता, सोलन के सेब की बढ़ी मांग

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** टमाटर और शिमला मिर्च उत्पादन के लिए पहचान रखने वाली सोलन की हैप्पी वैली अब अर्ली वैरायटी

- **सोलन की हैप्पी वैली में उच्च घनत्व सेब की बंपर पैदावार, 9 हजार बॉक्स का अनुमान**
- **टमाटर-शिमला मिर्च के बाद अब सेब उत्पादन में भी चमकी हैप्पी वैली**

के उच्च घनत्व वाले सेब उत्पादन का भी नया केंद्र बनकर उभर रही है। इस वर्ष डार्क बैरन गाला, ट्रैक्स गाला, सिनेको रेड गाला, किंग रोट और एम-9 रूटस्टॉक पर तैयार गाला किस्म के सेबों की बंपर पैदावार हुई है। अपर शिमला के मुख्य सेब सीजन से पहले तैयार होने के कारण इन सेबों की देश की बड़ी मंडियों में अच्छी मांग बनी हुई है।

हैप्पी वैली के कोठी और बैरटी गांवों से इस सीजन की पहली खेप जयपुर की मंडियों के लिए रवाना कर दी गई है। बागवानों का कहना है कि राजस्थान में अर्ली वैरायटी के सेब को बेहतर दाम मिलते हैं, इसलिए वे चंडीगढ़ और दिल्ली की बजाय जयपुर को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस बार क्षेत्र में करीब 9 हजार सेब के बॉक्स तैयार होने का अनुमान है। इन दिनों जयपुर मंडी में सोलन में तैयार सेब का दाम 150 से 300 रुपए प्रति किलो तक भाव मिला। जिससे बागबान खुश है।



सोलन की हैप्पी वैली में तैयार अर्ली वैरायटी डार्क बैरन गाला सेब।

### युवाओं के लिए बना आय का नया जरिया

**उच्च** घनत्व वाली सेब बागवानी ने स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का नया रास्ता दिखाया है। टमाटर और शिमला मिर्च के साथ अब सेब उत्पादन भी उनकी आय का महत्वपूर्ण स्रोत बन गया है। पांच वर्ष पहले प्रयोग के तौर पर लगाए गए डार्क बैरन गाला के पौधों ने अब बेहतरीन उत्पादन देना शुरू कर दिया है, जिससे कई युवा किसान अच्छी आमदनी अर्जित कर रहे हैं।

### पांच साल की मेहनत लाई रंग

**बैरटी** गांव के युवा बागवान कपिल मेहता, राजू राजेश और हनीश शर्मा ने उन्नत बागवान विक्रांत ठाकुर से प्रेरित होकर करीब 300 से 500 पौधे लगाए थे। तीसरे वर्ष से ही इन बागों में व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो गया।

> **सोलन** क्षेत्र में उच्च घनत्व वाली सेब बागवानी की अपार संभावनाएं हैं। पिछले कुछ वर्षों में जिले के कई किसान इस तकनीक को अपनाकर सफलतापूर्वक सेब उत्पादन कर रहे हैं।
>
> **डॉ. डीपी शर्मा, विशेषज्ञ, फल विज्ञान**



### गुणवत्ता और समय बना सबसे बड़ा लाभ

**करीब** 1600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित कोठी, बैरटी और घट्टी क्षेत्र की उपजाऊ मिट्टी तथा पर्याप्त जल उपलब्धता यहां तैयार होने वाले सेब की गुणवत्ता को बेहतर बनाती है। अर्ली वैरायटी होने के कारण यह सेब सबसे पहले बाजार में पहुंचता है, जिससे बागवानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होता है।

## शूलिनी विवि के शोधार्थी हेमंत सिंह करेंगे स्पेन में भारत का प्रतिनिधित्व

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ एडवांस्ड केमिकल साइंसेज के पीएचडी स्कॉलर हेमंत सिंह को स्पेन में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित ग्रीन केमिस्ट्री सम्मेलन में भाग लेने के लिए अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की इंटरनेशनल ट्रैवल सपोर्ट स्कीम के तहत करीब दो लाख रुपए की

- **स्पेन सम्मेलन के लिए एएनआरएफ से 2 लाख रुपए की ग्रांट**

ग्रांट मिली है। हेमंत सिंह, जो डॉ. साइमा मलिक के निर्देशन में शोध कर रहे हैं। 25 से 31 जुलाई 2026 तक बार्सिलोना (स्पेन) में आयोजित गॉर्डन रिसर्च सेमिनार और गॉर्डन रिसर्च कॉन्फ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह ग्रांट उन्हें राष्ट्रीय स्तर की कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद प्रदान की गई है।गॉर्डन रिसर्च सेमिनार और कॉन्फ्रेंस को



विश्व के सबसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिक आयोजनों में गिना जाता है, जहां विभिन्न देशों के अग्रणी वैज्ञानिक और शोधकर्ता नवीनतम वैज्ञानिक खोजों एवं नवाचारों पर विचार-विमर्श करते हैं। इस सम्मेलन में भागीदारी से हेमंत सिंह को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ शोध साझा करने और वैश्विक सहयोग के अवसर मिलेंगे। शूलिनी यूनिवर्सिटी के डीन (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) प्रो. प्रदीप सिंह ने इस उपलब्धि पर हेमंत सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान विश्वविद्यालय की उच्च गुणवत्ता वाली शोध संस्कृति और वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीटीओ की नई कार्यकारिणी का गठन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** जिला सोलन ट्रांसपोर्ट ट्रक ऑपरेटर सोसायटी दाड़लाघाट (एसडीटीओ) की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से संपन्न हो गया। चुनाव प्रक्रिया में रामकृष्ण बंसल को सर्वसम्मति से प्रधान, नरेश गुप्ता को उपप्रधान तथा नीलम भारद्वाज को कोषाध्यक्ष चुना गया। पदाधिकारियों के चयन के बाद उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए सोसायटी के हित में मिलकर कार्य करने की अपेक्षा जताई। गौरतलब है कि इससे पहले 6 मई को आयोजित बैठक में प्रधान, उपप्रधान एवं कोषाध्यक्ष पदों को लेकर सहमति नहीं बन पाई थी। उस समय चुनाव प्रक्रिया बेनतीजा रही थी और निर्णय लिया गया था कि पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद इन पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा। इसी निर्णय के तहत शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न पक्षों के बीच काफी मंथन और आपसी विचार-विमर्श हुआ। अंततः सभी सदस्यों ने आपसी सहमति बनाते हुए ध्वनिमत से नई कार्यकारिणी का चयन कर लिया। पूरी प्रक्रिया करीब 15 मिनट में संपन्न हुई और तीनों प्रमुख पदों पर निर्विरोध सहमति बन गई। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ अब एसडीटीओ दाड़लाघाट की संगठनात्मक गतिविधियों और ट्रक ऑपरेटरों से जुड़े लंबित मुद्दों पर तेजी से काम होने की उम्मीद जताई जा रही है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे ट्रक ऑपरेटरों के हितों की रक्षा, संगठन को मजबूत बनाने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### लोक निर्माण मंत्री का सोलन दौरा केवल दिखावा, जर्जर सड़कों पर सरकार घिरी: भाजपा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने लोक निर्माण मंत्री के सोलन दौरे को केवल औपचारिकता और फोटो सेशन करार देते हुए प्रदेश सरकार पर सड़कों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जौनाजी मार्ग पर तारकोल बिछाने का कार्य शुरू कर विकास का संदेश देने की कोशिश की गई, जबकि शहर की अधिकांश प्रमुख सड़कें बदहाल स्थिति में हैं। गुप्ता ने कहा कि मंत्री सोलन-सुबाथू मार्ग से होकर गुजरे, जहां बड़े-बड़े गड्ढों में केवल मिट्टी डालकर खानापूर्ति की जा रही है। उनका आरोप है कि पिछले करीब डेढ़ वर्ष से यह सड़क जर्जर है, लेकिन स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई। उन्होंने दावा किया कि सड़क निर्माण का टेंडर अब तक विधिवत अवार्ड नहीं हुआ, जबकि एक ही ठेकेदार से कई बार कार्य कराया गया, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। भाजपा नेता ने स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के उस पूर्व बयान पर भी सवाल उठाया, जिसमें सड़क का कार्य अवार्ड होने का दावा किया गया था। साथ ही उन्होंने शामती बाईपास पर कोई घोषणा न होने को भी सरकार की विफलता बताया। भाजपा ने सोलन-सुबाथू मार्ग का निर्माण कार्य तत्काल शुरू करने, बिना विधिवत टेंडर कराए गए कार्यों की जांच कराने तथा शामती बाईपास सहित लंबित विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की मांग की है।

### बैठक आयोजित, जीवन प्रमाणपत्र समय पर जमा कराने की अपील

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश, सराहां यूनिट की मासिक बैठक रविवार को यूनिट अध्यक्ष नरेश दत्त शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान उपस्थित पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स के जीवन प्रमाणपत्र ऑनलाइन भरे गए। बैठक में उन सभी पेंशनर्स को भी सूचित किया गया जो किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके कि वे 30 सितंबर 2026 से पहले अपना जीवन प्रमाणपत्र ऑनलाइन कोषाधिकारी कार्यालय सराहां में जमा करवाना सुनिश्चित करें। एसोसिएशन ने कहा कि यदि किसी सदस्य को जीवन प्रमाणपत्र बनवाने या जमा कराने में किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो वे यूनिट अध्यक्ष या वरिष्ठ उपाध्यक्ष से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में जनवरी 2016 से वर्ष 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स की लंबित देय राशि का शीघ्र भुगतान किए जाने की मांग भी सरकार से की गई। सदस्यों ने कहा कि लंबे समय से लंबित भुगतान से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए सरकार इस मामले में जल्द सकारात्मक निर्णय ले। बैठक में चंद्र मोहन, सुरेश कुमार, नरेश जस्सल, रामस्वरूप, अमर सिंह ठाकुर, प्रमोद गौतम, राम सिंह शास्त्री, मनमोहन सिंह, जगमोहन सिंह, ओमदत्त शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सुरेंद्र कुमार, नरेंद्र चंचल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मजदूरों, कामगारों व कर्मचारियों के अधिकारों को प्रतिबद्ध इंटक महासंघ

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (महासंघ) इंटक हिमाचल प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेंद्र कुमार चौहान ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि महासंघ प्रदेश के मजदूरों, कामगारों और कर्मचारियों के अधिकारों की

- **इंटक हिमाचल प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेंद्र चौहान ने श्रमिक हितों की रक्षा का दिया भरोसा**

रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ आगे आकर अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित करनी होगी। नरेंद्र चौहान ने कहा कि इंटक महासंघ उद्योगों, गैर-सरकारी संस्थानों, असंगठित श्रम क्षेत्र तथा सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि महासंघ 24 घंटे श्रमिकों और युवाओं के हितों के लिए खड़ा रहेगा तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मजदूरों और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सरकार का विरोध करना पड़ा तो महासंघ उससे भी पीछे नहीं हटेगा। संगठन का एकमात्र उद्देश्य श्रमिक वर्ग के अधिकारों की रक्षा और उनके हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जा चुका है। अब जल्द ही जिला, ब्लॉक तथा विभिन्न विभागों की इकाइयों का गठन किया जाएगा, ताकि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाया जा सके और अधिक से अधिक श्रमिकों को संगठन से जोड़ा जा सके।

## दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों पर बैठक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा किसान मोर्चा सोलन विधानसभा के तीनों मंडलों सोलन शहरी, सोलन ग्रामीण और कंडाघाट की संयुक्त बैठक रविवार को भाजपा कार्यालय कमलम् में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता शहरी मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष रिपु दमन ने की। मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव एवं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर के प्रदेश संयोजक प्रेम चौहान रहे। बैठक में आगामी दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर की रूपरेखा पर चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (आईटी) अरुष गुप्ता ने 'सरल ऐप' के उपयोग पर प्रशिक्षण देते हुए वीडियो देखने, ऑनलाइन टेस्ट देने और डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। इसके बाद किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र परिहार ने किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

## सोलन में भाजपा की विजयी आभार रैली विकास और सुशासन का दिया भरोसा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन में जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को शहर में विजयी आभार रैली निकालकर मतदाताओं का धन्यवाद किया। भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में निकाली गई इस रैली में नवनिर्वाचित मेयर सुषमा शर्मा, डिप्टी मेयर गौरव तथा सभी भाजपा पार्षद शामिल हुए।

आभार रैली का शुभारंभ पुराने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह (ओल्ड रेस्ट हाउस) से हुआ। इसके बाद रैली गंज बाजार, चौक बाजार, सर्कुलर रोड और माल रोड से होते हुए पुनः पुराने रेस्ट हाउस पहुंची। रैली के दौरान शहरवासियों ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया और जीत की बधाई दी। इस अवसर पर कई लोगों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं और विकास संबंधी मांगों से भी भाजपा





विजयी आभार रैली निकालते भाजपा पार्षद। अनंत ज्ञान

प्रतिनिधियों को अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों ने लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने और नगर निगम के माध्यम से उनके समाधान का भरोसा दिलाया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि नगर निगम चुनाव में जनता ने विकास और सुशासन के पक्ष में अपना जनादेश दिया है। पार्टी इस विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी तथा शहर के समग्र विकास और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी।

आभार रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पूरे मार्ग पर कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए और शहरवासियों का समर्थन मिलने पर उनका आभार व्यक्त किया।

## रफी नाइट सीजन-11 : तैयारियां शुरू चार शहरों में किए जाएंगे ऑडिशन

### 26 और 27 सितंबर को सोलन में सजेगा ग्रैंड फिनाले

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन में आयोजित होने वाले लोकप्रिय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'रफी नाइट सीजन-11' की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रविवार को पुराने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में विजयी फोरम की बैठक चेयरमैन तरसेम भारती की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के साथ-साथ नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रफी नाइट सीजन-11 का ग्रैंड फिनाले 26 और 27 सितंबर 2026 को मुरारी मार्केट हॉल, मॉल रोड, सोलन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेशभर की गायन और नृत्य प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाएगा। प्रतिभाओं के चयन के लिए पहला ऑडिशन 30 अगस्त को पांवटा साहिब, दूसरा 6



बैठक के दौरान पदाधिकारी व सदस्य। अनंत ज्ञान

सितंबर को सोलन, तीसरा 13 सितंबर को शिमला और चौथा 20 सितंबर को अर्की में होगा। चेयरमैन तरसेम भारती ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी की घोषणा की। विशाखा को सर्वसम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष, रिंपल धर्मा को अध्यक्ष बनाया गया। नई कार्यकारिणी में गौरीशंकर ठाकुर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिता कुमारी, ज्योति शर्मा, मोहिनी सूद व मीना भंडारी को उपाध्यक्ष, हरीश मट्टू और अनुराज शाही को महासचिव, रोहित गोयल को प्रेस सचिव, राजन को सांस्कृतिक सचिव, सुभाष शर्मा को सलाहकार, मधु भारती को कोषाध्यक्ष, अरुष गुप्ता को मीडिया प्रभारी, प्रीतम सिंह रंधावा और अनिल राणा को सहायक मीडिया प्रभारी, विक्रम मट्टू को सोशल मीडिया प्रभारी तथा डॉ. दीक्षा भारती को उपहार योजना प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## टुइरु में राष्ट्रीय मिशन प्राकृतिक खेती जागरूकता शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत टुइरु के गांव टुइरु में राष्ट्रीय मिशन प्राकृतिक खेती के तहत एक दिवसीय किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टुइरु क्लस्टर के नए किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कृषि विभाग कुनिहार की आत्मा परियोजना से अधिकारी रजनी वर्धन, खंड तकनीकी प्रबंधक बृज भूषण तथा सहायक तकनीकी प्रबंधक ललित चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को प्राकृतिक खेती की अवधारणा, इसके लाभ तथा अपनाई जाने वाली विभिन्न तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती के चार प्रमुख स्तंभों के साथ-साथ बीजामृत, जीवामृत, नीम अस्त्र, ब्रह्म अस्त्र और अग्नि अस्त्र जैसे प्राकृतिक घटकों एवं कीटनाशी अस्त्रों के निर्माण और उपयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर धुन्दन क्लस्टर के मास्टर ट्रेनर रूपलाल वर्मा एवं मनोहर लाल भी मौजूद रहे।

## कांग्रेस लीगल सेल की बैठक: दुष्प्रचार के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव पारित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला सोलन कांग्रेस लीगल सेल की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनहित से जुड़े कानूनी और

- **सोलन कांग्रेस लीगल सेल की बैठक में संगठन विस्तार और जनहित के मुद्दों पर मंथन**

सामाजिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश कांग्रेस लीगल सेल के चेयरमैन एवं वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता आई.एन. मेहता ने की, जबकि वरिष्ठ अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवर्धन सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में अधिवक्ता विनय शर्मा द्वारा प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के विरुद्ध कथित तथ्यहीन दुष्प्रचार का मुद्दा उठाया गया। इस पर सदस्यों ने चर्चा के बाद कानूनी कार्रवाई का प्रस्ताव पारित किया। इसके बाद जिला कांग्रेस लीगल सेल के अध्यक्ष गगन चौहान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक सोलन को शिकायत पत्र सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

बैठक में संगठन के विस्तार, जनसहायता और भविष्य की गतिविधियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने पर सहमति बनी। अधिवक्ता कुलवंत सिंह कटोच, शरद बाली और राशि सुल्तानपुरी को विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए सम्मानित किया गया। अंत में सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया।

## सोलन के टैक्सी व रेहड़ी चालकों ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मांगा स्थायी ठिकाना

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शहर में लंबे समय से रोज़गार चला रहे टैक्सी चालकों और रेहड़ी-फड़ी संचालकों ने लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह से उनके लिए स्थायी स्थान उपलब्ध करवाने की मांग उठाई। पूर्व मेयर राजीव कौड़ा की अध्यक्षता वाले प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से मुलाकात कर कहा कि बार-बार स्थान बदलने और अतिक्रमण हटाओ अभियानों के कारण उनके सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है।

टैक्सी चालकों ने कहा कि शहर में उनके लिए व्यवस्थित और स्थायी टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं रेहड़ी चालकों ने भी मांग रखी कि नगर में उनके लिए स्थायी वेंडिंग जोन या निश्चित स्थान चिन्हित किए जाएं, ताकि वे बिना किसी डर के अपना रोजगार चला सकें। प्रतिनिधियों ने मंत्री को बताया कि वर्षों से शहर



टैक्सी, रेहड़ी चालकों की समस्या मंत्री को बताते राजीव कौड़ा। अनंत ज्ञान

की जनता को सेवाएं देने के बावजूद आज भी उन्हें स्थायी ठिकाना नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार और संबंधित विभाग उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करें, तो सैकड़ों परिवारों की आजीविका सुरक्षित हो सकती है। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा करने और नियमों के अनुरूप उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि टैक्सी चालकों और रेहड़ी संचालकों की समस्याओं का व्यावहारिक समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। बैठक के दौरान टैक्सी और रेहड़ी चालकों ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी वर्षों पुरानी मांग को जल्द पूरा करेगी, जिससे उन्हें सम्मानपूर्वक अपना रोजगार चलाने के लिए स्थायी स्थान मिल सके।

## यौन शोषण से सुरक्षा पॉक्सो एक्ट व व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति किया जागरुक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुन्दन में छात्राओं को यौन शोषण से सुरक्षा, पॉक्सो एक्ट तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनोरमा कुमारी चड्ढा के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में पॉक्सो कमेटी की प्रभारी पारुल ने छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों एवं उनके अधिकारों की जानकारी दी। वहीं सेक्सुअल कमेटी की अध्यक्ष सुमन बद्धू ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों और सुरक्षा उपायों के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान स्नातक अनीता देवी ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने के महत्व से अवगत कराया। इसके अलावा हेल्थ केयर व्यावसायिक अध्यापिका रंजना ठाकुर के नेतृत्व में छात्राओं को सेनेट्री पैड वितरित किए गए।

**जायजा** वार्ड-17 की समस्याओं पर एक्शन मोड में विक्रमादित्य सिंह

## समस्याओं पर दिए त्वरित समाधान के निर्देश

अनंत ज्ञान

**सोलन।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह के सोलन दौरे के दौरान वार्ड-17 से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को उनके समक्ष उठाया गया। मंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

दौरे के दौरान चंबाघाट चौक पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधूरे पड़े कार्यों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बताया गया कि अधूरे निर्माण कार्य के कारण क्षेत्र में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा न्यू कथेड़ स्थित



कथेड़ सड़क का निरीक्षण करते लोक निर्माण मंत्री। अनंत ज्ञान

हिमाचल सड़क परिवहन निगम वर्कशॉप से पुलिस लाइन तक जाने वाली मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति का भी मामला उठाया गया। मंत्री ने लोक निर्माण विभाग को सड़क का डामरीकरण कर जल्द सुधार कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने शिव मंदिर के समीप एनएचएआई की स्लिप लाइन से हुए नुकसान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश दिए कि कथेड़ की ओर जाने वाली सड़क पर वाहनों और बसों की आवाजाही किसी भी स्थिति में बाधित न हो तथा कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।

स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि मंत्री के निर्देशों के बाद लंबित कार्यों में तेजी आएगी और क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से राहत मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### विकास को प्राथमिकता देना ही मेरा उद्देश्य : ब्रजेश

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट ब्लाक समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष ब्रजेश डोगरा ने एक भेंट वार्ता में कहा कि गगरेट ब्लॉक की सभी पंचायतो में विकास कार्य को प्राथमिकता देना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। उन्होंने बताया कि उन्हें ब्लॉक समिति गगरेट का अध्यक्ष बनाकर ब्लॉक समिति के सदस्यों ने मुझ पर जो विश्वास किया है उस पर में खरा करने का प्रयास करूंगा और प्रत्येक सदस्य का कार्य प्राथमिकता आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खंड विकास अधिकारी कार्यालय के अधिकारी वर्ग का पूर्ण सहयोग लेकर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। ब्रजेश डोगरा ने बताया कि सरकार की जनहित स्कीमों को आम जनमानस तक पहुंचाया जाएगा ताकि सरकारी सुविधाओं का पात्र लोगों को पंचायतो में लाभ मिल सके। स्मरण रहे बृजेश डोगरा इससे पहले भी पंचायत में बतौर प्रधान कार्य कर चुके है और पंचायती राज प्रणाली का उन्हें अनुभव है।

### कुटलैहड़ पौधरोपण अभियान का आगाज



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ रियासत के राजा रहे स्व. महेंद्र पाल की जयंती के पावन अवसर पर आज क्षेत्र को पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा संदेश मिला। स्वर्गीय राजा महेंद्र पाल के पौत्र शिवेंद्र पाल कुटलैहड़ ने उनकी स्मृति में एक विशाल पर्यावरण संरक्षण मुहिम 'कुटलैहड़ पौधरोपण महाभियान 2026 का शंखनाद किया। इस भव्य महाभियान की शुरुआत आज ग्राम पंचायत रायपुर मैदान से की गई। अभियान के पहले दिन रायपुर मैदान में पर्यावरण संरक्षण को लेकर भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान शीशम, खैर, सफेदा जैसी इमारती लकड़ियों और विभिन्न प्रकार के फलदार आम, अमरूद,जामुन,आंवला आदि प्रजातियों के लगभग 100 पौधे रोपे गए। इस पुनीत कार्य में शिवेंद्र पाल कुटलैहड़ के साथ युवा मंडल रायपुर मैदान के उत्साही सदस्य, भारी संख्या में मातृशक्ति और स्थानीय पंचायत के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर शिवेंद्र पाल कुटलैहड़ ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उनके दादा स्वर्गीय राजा महेंद्र पाल जी का प्रकृति और इस क्षेत्र से गहरा लगाव था। उनके 92वें जन्मदिवस पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए इस अभियान की रूपरेखा तैयार की गई है। शिवेंद्र पाल कुटलैहड़ ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन का सांकेतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि आगामी दो महीनों तक लगातार चलाया जाएगा।

### कांग्रेस सरकार से जनता का विश्वास उठ चुका: लक्ष्मी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा हिमाचल प्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी जरियाल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के प्रति जनता का मोहभंग हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित के मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने में असफल रही है और जनता अपने आपको उपेक्षित महसूस कर रही है। लक्ष्मी जरियाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में जनकल्याण से जुड़े अनेक कार्य और योजनाएं अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। उनका कहना है कि कई स्थानों पर जिला परिषद चेयरमैन के चुनाव अब तक नहीं हो सके हैं, जिससे स्थानीय निकायों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से इस संबंध में शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के समय जो वादे किए थे, वे आज भी अधूरे हैं। प्रदेश में विकास कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ी है और आम जनता विभिन्न समस्याओं का सामना कर रही है। उनके अनुसार सरकार की कार्यशैली को लेकर लोगों में निराशा और असंतोष लगातार बढ़ रहा है।



# विधायक ने लिया विकास कार्यों का फीडबैक

## विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के कोटला खुर्द में शुरू किया जनसंपर्क अभियान

अनंत ज्ञान

**राजेश राणा, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने रविवार को कोटला खुर्द पंचायत का दौरा कर ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों, विशेषकर कांग्रेस पार्टी के कार्य कर्ताओं से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं तथा सुझावों को सुना। विधायक ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की राय सर्वोपरि होती है और विकास के लिए सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास को लेकर किसी प्रकार की राजनीतिक भेदभाव की नीति नहीं अपनाई जाएगी और प्रत्येक पंचायत की जरूरतों के अनुसार योजनाएं तैयार की जाएंगी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए अब पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रत्येक पंचायत में पहुंचकर विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी तथा लोगों से यह भी पूछा जाएगा कि किन क्षेत्रों में और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनता के सुझावों के आधार पर विकास की प्राथमिकताएं तय की जाएंगी।



कुटलैहड़ के कोटला खुर्द में जनसमस्याएं सुनते विधायक विवेक शर्मा। अनंत ज्ञान

### हर पंचायत को विकास के लिए मिलेंगे लाखों रुपए

**विधायक** विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत के विकास के लिए लाखों रुपये की धनराशि स्वीकृत की जाएगी ताकि सड़क, पेयजल, नालियां, सामुदायिक भवन, खेल मैदान और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य तेजी से पूरे किए जा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### चुनाव जनता की अपेक्षाओं को समझने का अवसर

**विधायक** विवेक शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कांग्रेस से जुड़े कई कार्यकर्ताओं और सामाजिक लोगों से भी नगर निगम चुनावों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर का फीडबैक लिया और क्षेत्र की राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि चुनाव केवल राजनीतिक प्रक्रिया नहीं बल्कि जनता की अपेक्षाओं को समझने का अवसर भी होते हैं। इसलिए पार्टी कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क बढ़ाने लोगों की सभी जन समस्याओं को सुनने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने का दायित्व निभाना होगा। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती और जनता का विश्वास ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

### विधायक व अधिकारियों पर झूठे मामले दर्ज कराने के लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान, अंब।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के गांव ठठल, पंजोआ, बेहड़ जसवां, नंदपुर, कटौहड़ समेत अन्य गांवों के कुछ ग्रामीणों ने विधायक, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर निर्दोष लोगों को परेशान किया जा रहा है तथा विरोध करने वालों के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करवाए जा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि गांव पंजोआ खुर्द में कुछ लोगों की निजी भूमि पर कथित रूप से कब्जा करने के प्रयास किए गए। जब संबंधित परिवारों ने इसका विरोध किया तो उनके खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई गई। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जिन लोगों पर कार्रवाई की गई, उनका कोई दोष नहीं था और उन्हें केवल अपने अधिकारों की रक्षा करने के कारण निशाना बनाया गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में सरकारी भूमि पर कथित कब्जे को लेकर भी कुछ मामलों में शिकायतें की गई थीं, लेकिन जांच के दौरान आरोप सही नहीं पाए गए। इसके बावजूद संबंधित लोगों को लगातार मानसिक और प्रशासनिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव में प्रशासन निष्पक्षता से कार्य नहीं कर रहा। शिकायतकर्ताओं ने विधायक सुदर्शन सिंह बबलू पर राजनीतिक प्रभाव का उपयोग कर सरकारी अधिकारियों पर दबाव बनाने का आरोप भी लगाया है। उनका कहना है कि कुछ विभागीय अधिकारी और कर्मचारी जनहित की बजाय राजनीतिक दबाव में कार्य कर रहे हैं, जिससे आम लोगों का प्रशासन पर विश्वास कमजोर हो रहा है।

# पंडित हरीशाह ने इंदु बाला के इलाज को दिए 11,000 रुपए

अनंत ज्ञान



**घनारी।** लगभग 11 वर्ष से गंभीर बीमारी के कारण बिस्तर पर जिंदगी गुजार रही घनारी की इंदु बाला की पीड़ा ने अब संवेदनशील लोगों के दिलों को झकझोरना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में अम्बोआ दरबार के बाबा राकेश शाह जी भी इंदु बाला की मदद के लिए आगे आए और मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की।

बाबा राकेश शाह जी ने इंदु बाला की होने वाली एमआरआई जांच के लिए 11,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल आने-जाने के लिए वाहन (गाड़ी) का पूरा खर्च भी स्वयं वहन करने की घोषणा की। इतना ही नहीं, उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाते हुए कहा कि भविष्य में यदि इलाज या किसी अन्य आवश्यक कार्य के लिए किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत पड़े, तो वे बिना किसी संकोच के उनसे संपर्क करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि जहां तक संभव होगा, हर आवश्यक मदद उपलब्ध कराई जाएगी। सबसे भावुक क्षण तब देखने को मिला जब बाबा राकेश शाह जी ने इंदु बाला की 83 वर्षीय माता का हाथ थामते हुए कहा, 'आप बिलकुल चिंता मत कीजिए। इंदु बाला अब केवल आपकी बेटी नहीं, हमारी भी बेटी है।'

### संतोषगढ़ में दी सहकारी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को संतोषगढ़ में सहकारी चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न सहकारी सभाओं के सचिवों, किसानों तथा स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाना और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की सहायक महाप्रबंधक रमन रानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ नगर परिषद संतोषगढ़ की पार्षद चरणजीत कौर, आयुष शर्मा, किरण बैस, बैंक प्रबंधक कुलदीप सिंह माहल, विकास शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों से सहकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

# घनारी में सीसीटीवी कैमरे एक साल से खराब

## चोरी की घटनाओं के बीच सुरक्षा व्यवस्था पर उठने लगे सवाल

अनंत ज्ञान

**घनारी।** आम जनता की सुरक्षा और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से वर्ष 2022 में घनारी बस स्टैंड पर हजारों रुपए की लागत से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे पिछले लगभग एक वर्ष से बंद पड़े हैं। ऐसे में लोगों के बीच यह सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब सुरक्षा की 'तीसरी आंख' ही अंधेरे में हो, तो अपराधियों पर लगाम कैसे लगेगी ?

स्थानीय लोगों के अनुसार कैमरे लगाते समय दुकानदारों ने अपनी दुकानों से बिजली की सुविधा भी उपलब्ध करवाई थी, ताकि निगरानी व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके। लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते कैमरों की न तो नियमित देखरेख की गई और न ही खराब होने के बाद उन्हें दोबारा चालू करने के प्रयास किए गए। अब ये कैमरे केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। इस लापरवाही का असर हाल ही में हुई चोरी की घटनाओं में भी देखने को मिला। घनारी के दुकानदार नरेश कुमार की दुकान में चोर लैपटॉप, कंप्यूटर और करीब 27 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। यदि उस समय सीसीटीवी कैमरे चालू होते तो पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते थे।



बंद कैमरों ने सुरक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी। केवल बस स्टैंड ही नहीं, बल्कि तहसील घनारी के विभिन्न गांवों में भी बीते समय में चोरी की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से कैमरों को चालू कराने या उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं होने से लोगों में रोष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सुरक्षा के नाम पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे समय पर चालू ही नहीं रखे जा सकते, तो इस योजना पर खर्च किया गया सरकारी धन व्यर्थ साबित हो रहा है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बंद पड़े सभी कैमरों को तत्काल चालू कराया जाए, उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब अपराधियों पर नजर रखने वाली 'तीसरी आंख' ही बंद हो, तो जनता की सुरक्षा आखिर किसके भरोसे रहेगी ?

# हीट्स के पौधरोपण अभियान में लगे 100 फलदार पौधे, वन्यजीव संरक्षण का दिया संदेश




पौधारोपण के समय उपस्थित गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रकृति, पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिमालयन एजुकेशनल एंड ट्रेनिंग सोसायटी (हीट्स ) ने वर्मा ज्वेलर्स, सोलन (नरेश चंद वर्मा ग्रुप ) के सहयोग से बिलासपुर के बंदला रोड स्थित निहाल कुनाला, गोपाल मंदिर के समीप विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया। अभियान के तहत करीब 100 फलदार एवं देसी प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की कोषाध्यक्ष चम्पा ने अमरूद का पौधा रोपकर किया। उन्होंने कहा कि फलदार और देशी प्रजातियों के वृक्ष लगाने से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बंदरों एवं अन्य वन्यजीवों को प्राकृतिक खाद्य स्रोत उपलब्ध होंगे, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने में मदद मिलेगी। अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्था ने जिला प्रशासन, वन विभाग, बिलासपुर राज परिवार तथा सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि भविष्य में डियारा सेक्टर, रौड़ा सेक्टर सहित अन्य क्षेत्रों में भी बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा।

# 140 .65 ग्राम चरस सहित पंजाब का युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिलासपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 140.65 ग्राम चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस थाना बरमाणा की टीम ने गश्त और यातायात चेकिंग के दौरान की। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 जुलाई की रात बैरी हनुमान मंदिर के समीप चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 140.65 ग्राम चरस बरामद हुई।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान इंद्रपाल सिंह (35) पुत्र दर्शन सिंह, निवासी मकान नंबर 21, ऋषि नगर, हाबोवाल खुर्द, लुधियाना (पंजाब) के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना बरमाणा में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि बरामद चरस कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। जिला पुलिस बिलासपुर ने लोगों से अपील की है कि नशा तस्करी या अन्य किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# जेई-इलेक्ट्रिकल भर्ती रद्द होने पर अभ्यर्थियों में रोष, 78 पदों पर फिर विज्ञापन की मांग

अनंत ज्ञान

◆ चार साल से लंबित भर्ती प्रक्रिया खत्म करने के फैसले पर नाराज हुए हजारों अभ्यर्थी

**ब्यूरो, बिलासपुर।** वर्ष 2022 में तत्कालीन हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग (एचपीएसएससी), हमीरपुर द्वारा जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) के 78 पदों के लिए जारी भर्ती प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। हाल ही में 6 जून 2026 को राज्य सरकार द्वारा इन पदों को वापस लेने के निर्णय के बाद प्रदेशभर के हजारों इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों में गहरा रोष और निराशा देखने को मिल रहा है।

अभ्यर्थियों का कहना है कि भर्ती विज्ञापन जारी होने के बाद बड़ी संख्या में युवाओं ने आवेदन किया, निर्धारित शुल्क जमा किया और परीक्षा की तैयारी में वर्षों तक कठिन परिश्रम किया। लेकिन प्रश्नपत्र लीक प्रकरण के बाद एचपीएसएससी के भंग होने से पूरी भर्ती प्रक्रिया बीच में ही रुक गई। इसके बावजूद अभ्यर्थी लगातार यह उम्मीद लगाए बैठे थे कि नई भर्ती एजेंसी के माध्यम से परीक्षा आयोजित कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। चार वर्षों तक प्रतीक्षा करने के बाद सरकार द्वारा पदों को ही वापस लेने के निर्णय ने अभ्यर्थियों की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया है। उनका कहना है कि इस अवधि में उन्होंने समय, धन और मेहनत केवल इसी भर्ती की तैयारी में लगाई, लेकिन अब उनके भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।

अभ्यर्थियों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) के सभी 78 पदों को शीघ्र पुन: विज्ञापित किया जाए। उनका कहना है कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में तकनीकी पद लंबे समय से रिक्त हैं, जिन्हें भरने से न केवल बेरोजगार इंजीनियरों को अवसर मिलेगा, बल्कि राज्य की विद्युत व्यवस्था और विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों से अपील की है कि इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

**मुख्य बिंदु:** 2022 में जेई (इलेक्ट्रिकल) के 78 पदों का विज्ञापन जारी हुआ, प्रश्नपत्र लीक प्रकरण के बाद भर्ती प्रक्रिया रुकी, चार वर्षों से अभ्यर्थी भर्ती का इंतजार कर रहे थे, 6 जून 2026 को पद वापस लेने का निर्णय, पुन: भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग तेज।

### होम गार्ड ने लौटाया श्रद्धालु का मोबाइल फोन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी जी मंदिर में ड्यूटी में तैनात होम गार्ड सुरक्षा कर्मियों ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एक श्रद्धालु का गुम हुआ मोबाइल फोन उसे लौटा दिया। सुरक्षा इंचार्ज परमजीत, सेक्शन लीडर जीत राम, एचजी महेंद्र सिंह और एचजी देशराज को लंगर के पास सीढ़ियों में मोबाइल मिला। फोन पर आए कॉल से पता चला कि यह पटियाला के अशोक कुमार का है। आधार कार्ड से पहचान के बाद फोन यात्री को सौंप दिया गया। यात्री ने मंदिर प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।



### टोंग इल मू डो प्रतियोगिता में 72 खिलाड़ी मैदान में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के बृज मार्शल आर्ट अकादमी में प्रथम जिला स्तरीय टोंग इल मू डो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी अच्छर सिंह वर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला टोंग इल मू डो एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह, महासचिव कोमल तथा हिमाचल प्रदेश टोंग इल मू डो संघ के अध्यक्ष बृज लाल चौहान सहित अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में बच्चों ने मार्शल आर्ट का प्रभावशाली प्रदर्शन किया तथा देशभक्ति व नशा विरोधी संदेश पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए युवाओं को खेलों से जुड़ने और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता में जिले के लगभग 72 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### बिलासपुर में खेलो इंडिया केंद्र के लिए ट्रायल 16 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** युवा सेवा एवं खेल विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा खेलो इंडिया उत्कृष्टता केंद्र, बिलासपुर में सत्र 2025-26 के लिए खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। विभाग ने पात्र खिलाड़ियों से निर्धारित तिथियों पर ट्रायल में भाग लेकर अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 जुलाई, 2026 को लड़कों के लिए एथलेटिक्स, बॉक्सिंग और जूडो के ट्रायल होंगे, जबकि 17 जुलाई, 2026 को लड़कियों के लिए इन्हीं खेलों में चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। सभी ट्रायल प्रातः 8 बजे से खेलो इंडिया उत्कृष्टता केंद्र, बिलासपुर में शुरू होंगे। ट्रायल में 13 से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, चिकित्सा सुविधा, बीमा, खेल किट, आधुनिक प्रशिक्षण और पढ़ाई की सुविधा प्रदान की जाएगी। विभाग ने खिलाड़ियों से समय पर पहुंचकर ट्रायल में भाग लेने की अपील की है।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसो. की 7 जुलाई की बैठक स्थगित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की सदर खंड इकाई एवं शहरी इकाई, बिलासपुर द्वारा प्रत्येक माह की 7 तारीख को विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित की जाने वाली संयुक्त बैठक इस माह अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। यह बैठक पेंशनरों की समस्याओं, लंबित मांगों और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा के लिए आयोजित की जाती है। यह जानकारी एसोसिएशन के सदर खंड प्रधान प्रकाश चंद्र ठाकुर और शहरी इकाई के मुख्य सलाहकार जीके नड्डा ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में दी। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई को प्रस्तावित बैठक अब नहीं हो सकेगी। नई तिथि शीघ्र निर्धारित कर सभी सदस्यों को सूचित किया जाएगा। पदाधिकारियों ने पेंशनरों से अपील की है कि वे आगामी सूचना की प्रतीक्षा करें और नई तिथि पर अधिक से अधिक संख्या में बैठक में भाग लेकर अपने सुझाव साझा करें।

### प्राथमिक शिक्षक संघ की 'न्याय यात्रा' 11 जुलाई से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपनी लंबित मांगों के समाधान को लेकर आंदोलन का रास्ता अपनाते हुए 11 जुलाई से प्रदेशव्यापी 'प्राथमिक शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा' निकालने की घोषणा की है। यह पदयात्रा कांगड़ा जिले के बनखंडी स्थित माता बगलामुखी मंदिर से शुरू होकर 25 जुलाई को शिमला पहुंचेगी, जहां 26 जुलाई को चौड़ा मैदान में राज्य स्तरीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बताया कि यह यात्रा न्यू कॉम्प्लेक्स सिस्टम सहित 25 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ कई बार वार्ता के बावजूद मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ, जिससे संगठन को आंदोलन का निर्णय लेना पड़ा। यात्रा देहरा, ज्वालाजी, नादौन, हमीरपुर, भोटा, घुमारवीं, बिलासपुर, दाड़लाघाट और शालाघाट सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। इस दौरान शिक्षक आमजन को प्राथमिक शिक्षा से जुड़े मुद्दों से अवगत कराएंगे। संघ ने 7 जुलाई तक सकारात्मक वार्ता शुरू करने की मांग की है, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक करने की चेतावनी दी है।

# मिनर्वा माइंड गार्डन में पेरेंट्स-डे पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

अनंत ज्ञान




कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए नन्हें बच्चे। अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** मिनर्वा माइंड गार्डन स्मार्ट स्टार्ट स्कूल घुमारवीं में पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल माइंड गार्डन समन्वयक अनु चंदेल तथा आरती चंदेल ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। प्रथम स्तर के बच्चों ने यू आर माई सनशाइन प्रस्तुति पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने तोता ताला गीत पर नृत्य से खूब तालियां बटोरीं।

द्वितीय स्तर के विद्यार्थियों ने आई वांट टू से थैंक यू प्रस्तुति पर नृत्य प्रस्तुत कर अभिभावकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों के लिए भी विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कप्पल फैशन शो में राघव तथा रुद्रांश के माता-पिता विजेता रहे। पिताओं के लिए आयोजित हुक वाले घेरे से गेंद निकालकर डिब्बे में डालने की प्रतियोगिता में वंश के पिता विजेता बने, जबकि माताओं के लिए आयोजित गुब्बारा संतुलन प्रतियोगिता में मन्नत की माता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को अनु चंदेल एवं आरती चंदेल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों और विद्यालय की सांझी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

# घुमारवीं में 'प्रतिभा दक्षता सम्मान' 117 मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** घुमारवीं में संस्कार संस्था द्वारा रविवार को 'प्रतिभा दक्षता सम्मान-2026' समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री हरिमान शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डॉ. (कर्नल) राजेश्वर चंदेल, कुलपति सरदार कृषि नगर दांतीवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय (गुजरात) और डॉ. बृज लाल शर्मा, प्राचार्य आईआईएमएस शिमला विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। सुरेश कपिल ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया।

मुख्य अतिथि पद्मश्री हरिमान शर्मा ने विद्यार्थियों को परिश्रम, धैर्य और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती को अपनाने पर बल देते हुए इसे कम लागत और अधिक लाभकारी बताया। डॉ. राजेश्वर चंदेल ने विद्यार्थियों से अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने और संतुलित जीवन जीने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ संवाद बढ़ाने तथा मोबाइल उपयोग पर नियंत्रण रखने की अपील की। उन्होंने संस्कार संस्था द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता और गीता अध्ययन की पहल की सराहना की। मुख्य वक्ता सुरेश कपिल ने संस्था के नशा उन्मूलन और सामाजिक जागरूकता कार्यों को सराहनीय बताया। डॉ. बृज लाल शर्मा ने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि इस वर्ष आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की शिक्षा हेतु 86 हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि संस्था 2008 से लगातार मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर रही है और उन्हें संस्कार व भारतीय संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर 117 मेधावी विद्यार्थियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 8 विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया।

# कुठेड़ा में ग्रामीणों ने की बावड़ी की साफ-सफाई

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** ग्राम पंचायत कुठेड़ा में प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए लगभग 100 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक बावड़ी की श्रमदान के माध्यम से सफाई शुरू की गई। अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर बावड़ी व उसके आसपास की सफाई की तथा 'जल ही जीवन है' का संदेश दिया।

अभियान में राम किशोर (नेगी), शशि पाल, डिंपल (गोपी), उमेश धीमान, प्रदीप सिंह, पवन महाजन, सुनीता देवी, रीना धीमान, बलदेव राज सहित अनेक ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह बावड़ी कभी क्षेत्र के प्रमुख पेयजल स्रोतों में से एक थी, जिसे अब पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोत हमारी अमूल्य धरोहर हैं और उनका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने युवाओं से भी ऐसे जनहित और पर्यावरण संरक्षण अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।




बाबड़ी साफ करते ग्रामीण( अनंत ज्ञान

# श्रद्धालुओं की गाड़ी पर गिरे पत्थर, एक की मौत

## गैहरा-बत्तीहट के बीच पनाहनू में भूस्खलन से हुआ हादसा, चौरासी मंदिर से लौट रहे थे श्रद्धालु

◆ वाहन में थे 35 श्रद्धालु सवार कई घायल, चंबा मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी

अनंत ज्ञान





**ब्यूरो, चंबा।** चंबा-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर रविवार सुबह हुए भूस्खलन ने एक दर्दनाक हादसे का रूप ले लिया। गैहरा और बत्तीहट के बीच पनाहनू नामक स्थान पर अचानक पहाड़ी से भारी पत्थर और चट्टानें श्रद्धालुओं से भरी 'राधे-राधे' गाड़ी पर आ गिरीं। इस भीषण हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, वाहन में करीब 30 से 35 श्रद्धालु सवार थे। ये सभी श्रद्धालु भरमौर स्थित चौरासी मंदिर में आयोजित नुआला कार्यक्रम में शामिल होकर अपने गंतव्य की ओर लौट रहे थे। सुबह लगभग साढ़े आठ बजे के आसपास पनाहनू के समीप अचानक पहाड़ी दरक गई और भारी मात्रा में चट्टानें व पत्थर सीधे वाहन पर आ गिरे। हादसे का मंजर बेहद भयावह था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही पत्थर वाहन पर गिरे, अंदर बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक श्रद्धालु की हालत अत्यंत नाजुक हो गई। सभी घायलों को तत्काल स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से मेडिकल कॉलेज चंबा पहुंचाया गया। हालांकि, गंभीर रूप से घायल श्रद्धालु ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अन्य घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज में जारी है, जहां कुछ की हालत अभी भी चिंताजनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही गैहरा पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। पुलिस ने घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने के साथ-साथ मार्ग से मलबा हटाकर यातायात बहाल करने की कार्रवाई भी की, जिससे सड़क पर फंसे अन्य वाहनों को निकलने में सहायता मिल सकी। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण लगातार हो रही बारिश को माना जा रहा है, जिसके चलते पहाड़ी कमजोर होकर अचानक टूट गई और भारी भूस्खलन हुआ। प्रशासन द्वारा क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है तथा संवेदनशील हिस्सों पर निगरानी रखी जा रही है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या मार्ग पर पहले से कोई चेतावनी या सुरक्षा उपाय मौजूद थे या नहीं। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोग और प्रशासनिक अधिकारी मृतक श्रद्धालु के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर रहे हैं तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है।

# नवगठित पंचायत मैलोंह की ग्रामसभा व्यवस्था पर उठे सवाल, अलग स्थान की मांग तेज

अनंत ज्ञान



◆ सुरेश कुमार ने डीसी चंबा को सौंपा ज्ञापन

**ब्यूरो, चंबा।** नवगठित पंचायत मैलोंह की ग्रामसभा को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पंचायत के निवासी सुरेश कुमार ने उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि पंचायत मैलोंह के अस्तित्व में आने के बावजूद 9 जुलाई को उसकी ग्रामसभा पंचायत सराहन के साथ एक ही स्थान पर आयोजित करने की तैयारी की जा रही है, जो न केवल भ्रम की स्थिति पैदा करेगी बल्कि पंचायत राज व्यवस्था की मूल भावना पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत मैलोंह, पंचायत सराहन से विधिवत अलग हो चुकी है। इसके बावजूद दोनों पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य तथा ग्रामीणों की ग्रामसभाएं एक ही दिन और एक ही भवन में कराने का निर्णय समझ से परे है। इससे ग्रामसभा की पारदर्शिता, व्यवस्था और वैधानिक प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका है। सुरेश कुमार ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों, खंड विकास अधिकारी (मैहला), जिला प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों को पहले से थी, लेकिन समय रहते नई पंचायत के लिए अलग स्थान निर्धारित करने की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। उनका कहना है कि यदि पंचायत मैलोंह का अपना भवन तैयार नहीं था, तो प्रशासन किसी विद्यालय, सामुदायिक भवन या अन्य सरकारी परिसर को अस्थायी ग्रामसभा स्थल के रूप में चिन्हित कर सकता था।

### ग्रामसभा से पहले अलग स्थान किया जाए तय

**सुरेश** ने ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि 9 जुलाई को प्रस्तावित ग्रामसभा से पूर्व ग्राम पंचायत मैलोंह के लिए अलग और उपयुक्त स्थान तत्काल निर्धारित किया जाए, ताकि दोनों पंचायतों की ग्रामसभाएं स्वतंत्र, व्यवस्थित और पंचायत राज अधिनियम की भावना के अनुरूप संपन्न हो सकें। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान स्थिति में एक ही स्थान पर आयोजन होने से असुविधा और अव्यवस्था की संभावना बनी हुई है। यदि समय रहते उचित व्यवस्था नहीं की गई तो ग्रामसभा के दौरान विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

# आस्था का प्रतीक जलमुखी माता मंदिर, हर मनोकामना होती पूरी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** जिला चंबा की ग्राम पंचायत सपरोट की शांत वादियों में स्थित लगभग 300 वर्ष पुराना जलमुखी माता मंदिर आज भी लाखों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और विश्वास का केंद्र बना हुआ है। अपनी प्राचीन धार्मिक परंपरा, लोकमान्यताओं और आध्यात्मिक महिमा के कारण यह मंदिर क्षेत्र के प्रमुख शक्तिस्थलों में गिना जाता है, जहां वर्षभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

मंदिर के पुजारी भीलो राम ने बताया कि जलमुखी माता मंदिर का इतिहास करीब तीन शताब्दियों पुराना है। उन्होंने कहा कि मंदिर से जुड़ी अनेक धार्मिक मान्यताएं और लोककथाएं पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही हैं, जिन पर आज भी लोगों की अटूट श्रद्धा है। मान्यता है कि सच्चे मन से माता के दरबार में आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और उन्हें सुख, समृद्धि तथा संकटों से मुक्ति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि नवरात्रों सहित विभिन्न धार्मिक अवसरों पर यहां दूर-दराज़ क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर परिसर भक्तों के जयकारों और धार्मिक अनुष्ठानों से गूंज उठता है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलमुखी माता मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि चंबा की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत का जीवंत प्रतीक भी है। वर्षों से यह मंदिर लोगों की आस्था, विश्वास और सामाजिक एकता का केंद्र बना हुआ है। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित यह प्राचीन मंदिर आज भी अपनी दिव्यता, ऐतिहासिक महत्व और लोकआस्था के कारण श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है तथा क्षेत्र की धार्मिक पहचान को नई ऊंचाइयां प्रदान कर रहा है।

# युद्ध खत्म; संकट टला, फिर पेट्रोल व डीजल क्यों नहीं सस्ता ?: मनीष सरीन

## ईंधन और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों पर केंद्र सरकार और विपक्ष से मांगा जवाब

अनंत ज्ञान



**राहुल सहगल, चंबा।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं वर्ष 2022 के हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी मनीष सरीन ने पेट्रोल, डीज़ल और वाणिज्यिक एलपीजी की लगातार ऊंची कीमतों को लेकर केंद्र की एनडीए सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि जब पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ा, हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट गहराया और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल व एलएनजी की कीमतों में उछाल आया, तब सरकार ने महंगाई को वैश्विक परिस्थितियों की मजबूरी बताकर जनता से अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाने को कहा। लेकिन अब जब हालात सामान्य हो चुके हैं, तब राहत देने के नाम पर सरकार पूरी तरह मौन है। मनीष सरीन ने सवाल उठाया कि यदि अंतरराष्ट्रीय संकट का असर भारतीय उपभोक्ताओं तक इतनी तेजी से पहुंच सकता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई राहत का लाभ देश की जनता तक क्यों नहीं पहुंच रहा ? उन्होंने कहा कि हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सामान्य हो चुकी है, ऊर्जा आपूर्ति का तत्काल संकट काफी हद तक समाप्त हो गया है और वैश्विक तेल बाजार भी युद्धकाल की तुलना में स्थिर है। इसके बावजूद पेट्रोल, डीज़ल और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में कोई उल्लेखनीय राहत नहीं दी गई। आज महंगे ईंधन का सबसे बड़ा बोझ मध्यम वर्ग, किसानों, ट्रांसपोर्ट कारोबार, होटल एवं रेस्तरां उद्योग, छोटे व्यापारियों और आम परिवारों पर पड़ रहा है। सरीन ने कहा कि भारत ने मध्य-पूर्व से एलएनजी आपूर्ति सामान्य होने के बाद आपातकालीन गैस आवंटन संबंधी प्रतिबंध भी हटा दिए हैं। इससे स्पष्ट है कि आपूर्ति संबंधी संकट पहले जैसा नहीं रहा। ऐसे में केंद्र सरकार को देश के सामने पारदर्शिता के साथ बताना चाहिए कि ईंधन और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों की समीक्षा कब होगी और आम जनता को राहत कब मिलेगी। उन्होंने विपक्ष की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जो राजनीतिक दल हर छोटे-बड़े मुद्दे पर आंदोलन और प्रेस वार्ता करते हैं, वे जनता की जेब से जुड़े सबसे बड़े मुद्दे महंगाई पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या महंगाई केवल चुनावी मंचों तक सीमित मुद्दा है, या फिर इस विषय पर सत्ता और विपक्ष के बीच कोई मौन समझौता हो चुका है ? उन्होंने कहा कि जनता ने युद्ध के नाम पर महंगाई का बोझ सहा था, अब शांति के दौर में राहत देना सरकार की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी है। देश अब बहानों से नहीं, बल्कि पेट्रोल, डीज़ल और एलपीजी की कीमतों में वास्तविक राहत का इंतजार कर रहा है।

# डलहौजी में नाग देवता छिंज मेले में संस्कृति और परंपरा का संगम



अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के पज्जा में आयोजित पारंपरिक नाग देवता छिंज मेले का रविवार को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र सहित दूर-दराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और पारंपरिक संस्कृति एवं खेलों का आनंद लिया।

इस अवसर पर डॉ. विपिन ठाकुर (सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नाग देवता छींज मेला अब इस पूरे क्षेत्र की शान बन चुका है तथा ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने मेले के सफल एवं भव्य आयोजन के लिए मेला कमेटी की सराहना करते हुए सभी आयोजकों और स्थानीय लोगों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में करवाल से जिला परिषद सदस्य अंशुल जरयाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मेला कमेटी के प्रधान तिलक कुमार ने मुख्य अतिथि डॉ. विपिन ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि अंशुल जरयाल को पारंपरिक शॉल, टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. विपिन ठाकुर ने मेला कमेटी को आयोजन के सफल संचालन एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए 21,000 रुपए की सम्मान राशि भेंट की। मेले का समापन पारंपरिक उत्साह, सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

# मोहाली में 175वें मासिक भंडारे पर सेवा सम्मान समारोह आयोजित

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** मात-पिता गौधाम महातीर्थ, बनूड़-अम्बाला रोड स्थित गांव खल्लौर (मोहाली) में 175वें मासिक भंडारे के अवसर पर भव्य सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान समाज, राष्ट्र, पर्यावरण, अध्यात्म एवं जनसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चार प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गौभक्त एवं समाजसेवी शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान हवन-यज्ञ, सत्संग एवं भजन-कीर्तन में श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर रहे। समारोह में लखविंद्र सिंह (भूरे दा ढाबा) को युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं 'पंजाब के फॉरेस्ट मैन' एवं ग्रीन प्लैनेट सोसाइटी के संस्थापक सुमित भारद्वाज को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में योगदान हेतु सम्मान मिला। कथा वाचक सुभाष चंद्र शास्त्री को सनातन धर्म एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए सम्मानित किया गया, जबकि कुलदीप कौर, सरपंच ग्राम खल्लौर को भी समाजसेवा के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण और समाजहित में कार्य करने वाले व्यक्तित्व समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# फरीदाबाद : छह वर्षीय बच्ची को बस ने कुचला, हुई मौत

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** पल्ला थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। शनि बाजार के पास सड़क पार करते समय एक बस की चपेट में आने से एलकेजी की छात्रा काव्या घायल हो गई। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रविवार को मृतका बच्ची के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पल्ला थाना पुलिस के अनुसार, मृतक बच्ची काव्या का परिवार सरस्वती कॉलोनी में रहता है। बच्ची के पिता महेश ने बताया कि शनिवार शाम काव्या अपनी मां के साथ चाची के घर जा रही थी। जब वे शनि बाजार के पास सडक़ पार कर रहे थे, तभी एक बस ने बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया।

परिजनों का आरोप है कि हादसे के समय बस ड्राइवर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चला रहा था, जिस कारण वह बच्ची को नहीं देख पाया और यह हादसा हो गया। उनका यह भी आरोप है कि सूचना देने के काफी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल बस तथा ड्राइवर को भी नहीं पकड़ा गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद परिजन बच्ची के शव को एंबुलेंस में लेकर सीधे पल्ला थाना पहुंच गए।

# पंजाब की विपक्षी पार्टियां 'आप' सरकार को रोकने में जुटीं : बलतेज पन्नू

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी पूरी तरह दिशाहीन हो चुकी है और जनता के मुद्दों की बजाय अंदरूनी सत्ता संघर्ष में उलझी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की अंदरूनी कलह ने उसके राजनीतिक दिवालियापन को उजागर कर दिया है।

चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पन्नू ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल मिलकर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को निशाना बना रहे हैं, क्योंकि उनके पास आप सरकार के कामकाज का कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि तीनों दलों का एकमात्र एजेंडा सरकार को बदनाम करना रह गया है।

उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दलों में तालमेल दिख रहा है और वे आप सरकार की उपलब्धियों का सामना नहीं कर पा रहे हैं। पन्नू ने कहा कि पंजाब में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, जिनमें नहरों का पानी गांवों तक पहुंचना, 600 यूनिट मुफ्त बिजली से लाखों उपभोक्ताओं के बिल शून्य होना और किसानों को दिन में निर्बाध बिजली मिलना शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं को आर्थिक सहायता योजना के तहत लाभ मिलना शुरू हो गया है और शेष लाभार्थियों को जल्द भुगतान किया जाएगा। पन्नू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के पास कोई विकास एजेंडा नहीं है और वे केवल राजनीतिक सौदेबाजी में लगे हुए हैं।

# रेवाड़ी में एमपीएचई कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री के आवास के बाहर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, रेवाड़ी।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी (एमपीएचई) एसोसिएशन हरियाणा के बैनर तले रविवार को प्रदेशभर से पहुंचे कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के आवास के बाहर रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारी पहले नेताजी सुभाष चंद्र पार्क में एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए स्वास्थ्य मंत्री के आवास की ओर कूच किया। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी, महासचिव सहदेव आर्य सांगवान तथा राज्य प्रवक्ता संदीप कुंडू ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री को कई ज्ञापन और पांच स्मरण पत्र सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

प्रदर्शनकारियों ने एनएचएम के तहत कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों को न्यायालय के आदेशानुसार नियमित करने, एफपीएल-6 वेतनमान लागू करने, एमसीएचए ड्रेस एवं यात्रा भत्ता, सेवानिवृत्ति लाभ, तबादला नीति लागू करने, शहरी क्षेत्रों में आईपीएचएस मानकों के अनुसार पद सृजित करने, नियमित भर्ती, पदनाम संशोधन, प्रोबेशन पूरा कर चुके कर्मचारियों की पुष्टि, प्रोमोशनल स्केल तथा वर्ष 2020-23 की लंबित एलटीसी जारी करने सहित कई मांगें उठाईं। स्वास्थ्य मंत्री के आवास की ओर बढ़ रहे कर्मचारियों को सर्कुलर रोड स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इसके बाद कर्मचारी वहीं सड़क पर बैठ गए और धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शन के कारण कुछ समय तक सर्कुलर रोड पर यातायात प्रभावित रहा।

# राम मंदिर में एक और महापाप, सोने की राम चरित मानस भी गायब : केजरीवाल

अनंत ज्ञान

◆ पूर्व गृह सचिव ने पूरी श्रद्धा से चढ़ाई थी एक किलोग्राम सोने की राम चरित मानस

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** अयोध्या स्थित राम मंदिर में चोरी का सिलसिला थम नहीं रहा है। अब सामने आ रहा है कि राम मंदिर से सोने की राम चरित मानस भी गायब हो गई है। इस पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पूर्व गृह सचिव द्वारा पूरी श्रद्धा से चढ़ाई गई एक किलोग्राम सोने की राम चरित मानस भी गायब है। चंदा चोरों ने एक और महापाप किया है।

उधर, 'आप' दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर आरएसएस से कई सवाल पूछे हैं। उन्होंने आरएसएस से पूछा कि वह देश को बताए कि हिंदुओं के खिलाफ किसने काम किया या उन्हें किसने बदनाम किया ? क्या उन्होंने बदनाम किया, जिन्होंने मंदिर का चंदा चुराया ? या फिर उन्होंने बदनाम किया, जिन्होंने इन चोरों को बचाने की कोशिश की ? या फिर उन्होंने बदनाम किया, जिन्होंने सबसे पहले इस चोरी को उजागर किया और सरकार पर इस मामले को स्वीकार करने और कार्रवाई करने का दबाव बनाया ?

सौरभ भारद्वाज ने आगे कहा कि मैं आरएसएस से पूछना चाहता हूं कि हिंदू विरोधी होने और हिंदुओं को बदनाम करने का काम किसने किया है ? उन लोगों ने जिन्होंने चढ़ावे की चोरी की, जिन्होंने चोरों को बचाने की कोशिश की या उन लोगों ने जिन्होंने सबसे पहले इस चोरी के खिलाफ आवाज उठाई और सरकार पर इसे मानने का दबाव बनाया ? सौरभ भारद्वाज ने आगे कहा कि यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे बलात्कारियों के खिलाफ आवाज उठाने वालों को महिलाओं का दुश्मन बता दिया जाए क्योंकि वे बलात्कार की बात उजागर कर रहे हैं, लेकिन असली बलात्कारियों को महिलाओं का दुश्मन न कहा जाए। यह बड़े शर्म की बात है और इससे साफ पता चलता है कि आरएसएस अंदर से काफी विचलित है।

# पानीपत : ताला ठीक करने आए युवक लाखों के गहने लेकर चंपत

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत की गीता कॉलोनी में घर का दरवाजा ठीक करने के बहाने आए दो शातिर युवकों ने अलमारी की गुप्त तिजोरी का ताला तोड़कर करीब 40 ग्राम सोने के आभूषण चुरा लिए और फरार हो गए।

पीड़ित सचिन, जो एक कंपनी में एग्जीक्यूटिव हैं, ने बताया कि घर का मुख्य दरवाजा लॉक खराब होने पर उन्होंने गली में घूम रहे दो अज्ञात युवकों को ताला ठीक करने के लिए बुलाया था। दोनों युवकों ने ताला ठीक करने का नाटक किया और बाद में मौके से चले गए। कुछ समय बाद जब सचिन ने अलमारी का लॉकर चेक किया तो गुप्त तिजोरी टूटी मिली और उसमें रखे सोने के कड़े व झुमके गायब थे। जांच में सामने आया कि लगभग 40 ग्राम सोने के गहने चोरी हुए हैं।

पीड़ित ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें दोनों संदिग्ध दिखाई दिए। इसके बाद उन्होंने फुटेज सहित शिकायत शहर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# संत निरंकारी भवन में भव्य महिला समागम, सत्संग व सेवा पर जोर



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-30 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में भव्य महिला संत समागम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में यमुनानगर से पधारी केंद्रीय प्रचारक आदरणीय बहन गीता चान्दना जी ने साध-संगत को आध्यात्मिक जागृति के साथ-साथ पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन को सुखमय बनाने के व्यावहारिक सूत्र बताए।


उन्होंने कहा कि महिला परिवार की आधारशिला है और उसके संस्कार ही परिवार व समाज की दिशा तय करते हैं। यदि नारी प्रेम, सहनशीलता और अध्यात्म से जुड़ी हो तो पूरा परिवार शांति और सौहार्द का केंद्र बनता है। उन्होंने सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के उदाहरण के माध्यम से समझाया कि शीतल स्वभाव व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों में भी शांत बनाए रखता है। बहन चांदना जी ने कहा कि सत्संग आत्मा का भोजन, सिमरन आत्मा का विश्राम और सेवा आत्मा का व्यायाम है। इन तीनों का नियमित अभ्यास जीवन में संतुलन, विनम्रता और आत्मबल बढ़ाता है। उन्होंने निष्काम सेवा, निंदा-चुगली से दूर रहने और निरंकार पर अटूट विश्वास रखने का आह्वान किया।

जोनल इंचार्ज ओपी निरंकारी ने अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में गीत, कविता, कव्वाली, स्किट और स्पीच के माध्यम से भी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया।

# यमुनानगर : प्रतिबंधित दवाओं का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

◆ आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर भेजा



**यमुनानगर।** यमुनानगर पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने प्रतिबंधित दवाइयों की आपूर्ति करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस पूरे सप्लाई नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि 19 जून 2026 को विश्वकर्मा चौक क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वीणा नगर निवासी चंद्रपाल पुत्र सोनू को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 720 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए गए थे।

पूछताछ के दौरान चंद्रपाल ने खुलासा किया कि प्रतिबंधित दवाइयों की खेप उसे उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर निवासी मोहम्मद सारूण उपलब्ध कराता था। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहम्मद सारूण को भी गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया है कि आरोपी मेडिकल स्टोर का संचालन करता है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ पहले भी इसी प्रकार के मामले दर्ज हैं। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रिमांड के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि प्रतिबंधित दवाइयों की आपूर्ति किन-किन क्षेत्रों में की जा रही थी और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की क्या भूमिका है। मामले में आगे और गिरफ्तारियों की भी संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है।

# प्रदेश में डेयरी को मिलेगी नई रफ्तार : चंद्र कुमार

## कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने पशुपालन को आधुनिक तकनीक, एमएसपी और डेयरी ढांचे से जोड़ने पर दिया जोर


अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा है कि पशु चिकित्सक केवल पशुओं का उपचार करने वाले चिकित्सक नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि पशु अपनी पीड़ा स्वयं व्यक्त नहीं कर सकते, इसलिए उनकी बीमारी को पहचानना और समय पर उपचार देना पशु चिकित्सकों की संवेदनशीलता, अनुभव और दक्षता की सबसे बड़ी परीक्षा होती है। वह रविवार को कुफरी में आयोजित हिमाचल प्रदेश वेटरनरी ऑफिसर्स एसोसिएशन के जनरल हाउस एवं सेमिनार को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि और पशुपालन को एकीकृत कर किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। कांगड़ा के ढगवार में राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के सहयोग से तैयार हो रहा अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र इस वर्ष अक्टूबर तक शुरू होने की संभावना है। इसके चालू होने से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन, संग्रहण और विपणन को नई गति मिलेगी तथा हजारों लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को पशुपालन, डेयरी, पोल्ट्री, मत्स्य पालन तथा प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही है। प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं, मक्की और हल्दी पर न्यूनतम समर्थन मूल्य दिए जाने के साथ-साथ पोल्ट्री एवं मत्स्य क्षेत्र को भी नई दिशा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए तैयार 'पहल' योजना भी केंद्र सरकार को स्वीकृति के लिए भेजी गई है। उन्होंने पशु चिकित्सकों से आधुनिक तकनीकों, डिजिटल स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली और वैज्ञानिक अनुसंधान का अधिकाधिक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलते समय में पशुधन की गुणवत्ता सुधारने, संक्रामक रोगों की रोकथाम तथा दुग्ध एवं अन्य पशु उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में पशु चिकित्सकों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। सरकार विभाग को आवश्यक संसाधन, प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि प्रदेश के प्रत्येक पशुपालक को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा सेवाएं मिल सकें।

### बेसहारा पशुओं की समस्या के स्थायी हल के लिए मांगे सुझाव

**पशुपालन** मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि बदलते मौसम और नई बीमारियों की चुनौतियों को देखते हुए पशु चिकित्सकों को वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करनी होगी। पशुओं के लिए आवश्यक दवाइयों और टीकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने निराश्रित पशुओं की समस्या के स्थायी समाधान के लिए पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों तथा नव नियुक्त चिकित्सकों से शोध आधारित सुझाव देने का भी आह्वान किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में चल रही पशुधन गणना के आधार पर प्रभावी नीति तैयार की जाएगी।



प्रदेश वेटरनरी ऑफिसर्स एसोसिएशन के जनरल हाउस एवं सेमिनार को संबोधित करते कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार। अनंत ज्ञान

### प्रदेश में 43 लाख पशुधन: निदेशक डां. संजीव

**सेमिनार** में पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. संजीव कुमार धीमान ने कहा कि प्रदेश में लगभग 43 लाख पशुधन है और विभाग दूरदराज क्षेत्रों तक सेवाएं पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन करीब 2.50 लाख लीटर दूध का संग्रहण हो रहा है, जबकि ढगवार दुग्ध संयंत्र शुरू होने के बाद यह क्षमता और बढ़ेगी। वहीं, हिमाचल प्रदेश वेटरनरी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नीरज मोहन ने कहा कि पशु चिकित्सा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और प्रदेश में पहली बार दूध पर एमएसपी लागू होने से पशुपालकों को बड़ा आर्थिक संबल मिला है। कार्यक्रम में डॉ. ऋचा कौशल ने 'पशु चिकित्सा विज्ञान में समकालीन मुद्दे और प्रगति' विषय पर प्रस्तुति दी, जबकि महासचिव डॉ. मधुर गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. चंद्र कुमार ने एसोसिएशन के निवर्तमान पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया।

# जयराम ठाकुर ने की रक्षा मंत्री से की शिष्टाचार भेंट



नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट करते हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नई दिल्ली में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने रविवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान हिमाचल प्रदेश के विकास, सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़े विषयों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण, सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सड़क एवं आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण सहित प्रदेश के जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान जयराम ठाकुर ने हिमाचल से जुड़े विभिन्न विषयों पर रक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए आवश्यक सहयोग और समन्वय का आग्रह किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी प्रदेश से जुड़े विषयों पर सकारात्मक संवाद करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा जताया। दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस मुलाकात को हिमाचल से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक संवाद के रूप में देखा जा रहा है।

### दोनों के बीच हिमाचल प्रदेश से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

# हिमाचल में 65 प्रतिशत हाई स्कूलों में हेडमास्टर के पद रिक्त

## 749 टीजीटी को प्रवक्ता, 600 टीजीटी को हेडमास्टर बनने की प्रतीक्षा

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के अधीन 960 सरकारी हाई स्कूलो हैं। इनमें से 65 प्रतिशत स्कूलों में 624 हेडमास्टर के पद रिक्त चल रहे हैं। अगर पात्र 624 टीजीटी और प्रमोटी प्रवक्ता को हेडमास्टर प्रमोट किया जाए तो टीजीटी के 624 पद एक साथ रिक्त हो जाएंगे। इस तरह सी बी एस ई स्कूलों में सेवारत शिक्षकों को नए शिक्षक आने पर उचित समायोजन हेतु स्टेशन देना भी सरल होगा और सी बी एस ई स्कूलों में मैरिट आधार पर नियुक्तियां भी सरलता से हो सकेंगी। ऐसे में प्रदेश सरकार टीजीटी से हेडमास्टर प्रमोशन द्वारा रिक्त 600 पदों को भरने की प्रक्रिया तेज करे। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नति में भी 749 शिक्षकों की प्रमोशन होनी है जिनकी डीपीसी सितंबर 2025 में हुई थी। ऐसे में डीम्ड रेगुलर शिक्षकों को अगर एक माह में प्रमोट कर दिया जाए तो डिमोशन का खतरा भी 550 शिक्षकों हेतु समाप्त हो जाएगा और प्रमोट होने वाले 749 शिक्षकों के पदों पर सी बी एस ई कैडर नियुक्ति से प्रतिस्थापित शिक्षकों का समायोजन सरलता से हो जाएगा। ऐसे में शिक्षकों की लंबित पदोन्नति सूचियों को शीघ्र जारी करना चाहिए ताकि सी बी एस ई स्कूलों से बच्चों का पलायन रुक सके। इस पलायन से सरकार और शिक्षा विभाग की छवि पर विपरीत असर पड़ रहा है और प्रदेश मुख्यमंत्री से संघ विनती करता है कि शिक्षकों की लंबित प्रमोशन प्रक्रिया पूर्ण करते हुए यह मामला सुलझाया जाए। प्रमोशन के लिए शिक्षकों को लंबे समय तक इंतजार नहीं करवाया जाए क्योंकि मौजूदा संकट का मूल कारण ही रुकी हुई प्रमोशन हैं।

### एकमुश्त पदोन्नति से ही सुलझेगा सीबीएसई स्कूलों में पोस्टिंग का विवाद

### टीजीटी कैडर में लंबे समय से पद रिक्त

**संघ** ने कहा कि टीजीटी कैडर में सेवानिवृत्ति के चलते सैकड़ों पद रिक्त हुए हैं। हजारों रिक्त पद उपलब्ध होने के बावजूद दो साल से जेबीटी और सी एंड वी वर्ग के शिक्षक प्रमोशन को तरस रहे हैं जिनके प्रमोशन पैनल फरवरी 2026 में निकाले गए मगर आज तक विभाग ने प्रमोशन नहीं की। ऐसे में शिक्षक वर्ग हताशा और निराशा से भर चुका है।

# स्वां में आई बाढ़ की चपेट में आया ट्राला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** कुठेड़ा जसवालां और लोहारली के बीच स्वां नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण एक ट्राला जीप पानी के तेज बहाव में फंस गई। गनीमत रही कि समय रहते स्थानीय लोगों की सूझबूझ और जेसीबी की मदद से ट्राला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, बारिश के बाद स्वां नदी में अचानक जलस्तर बढ़ गया, जिससे नदी के अस्थायी मार्ग पर भी पानी भर गया। इसी दौरान एक ट्राला चालक ने जोखिम उठाते हुए पानी से भरे रास्ते को पार करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद एक स्टोन क्रशर के कर्मचारी राहुल जसवाल ने चालक को रोकने और आगे न बढ़ने की सलाह दी, लेकिन चालक ने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया। जैसे ही ट्राला कुछ आगे बढ़ा, वह तेज बहाव की चपेट में आ गया। स्थिति गंभीर होती देख राहुल जसवाल ने तुरंत जेसीबी मशीन मौके पर बुलवाई। जेसीबी की सहायता से ट्राला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी स्थान पर पहले भी एक ट्रैक्टर हादसे में दो लोगों की जान जा चुकी है।

# भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक : राज्यपाल

## कहा- बैर से बैर समाप्त नहीं होता, बल्कि प्रेम और करुणा से ही उसका अंत संभव

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि वर्तमान समय में जब संपूर्ण विश्व हिंसा, असहिष्णुता, युद्ध, पर्यावरणीय संकट और नैतिक मूल्यों के क्षरण जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है, ऐसे दौर में भगवान बुद्ध की करुणा, मध्यम मार्ग, अहिंसा और प्रज्ञा की शिक्षाएं पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठी हैं। राज्यपाल ने धम्मपद के शाश्वत संदेश का उद्धरण देते हुए कहा कि बैर से बैर कभी समाप्त नहीं होता, बल्कि प्रेम और करुणा से ही उसका अंत संभव है और यही सनातन नियम है। बैजनाथ के ताशीजौंग में नालंदा से हिमालय तक- बौद्ध ज्ञान परंपरा की अक्षुण्ण विरासत विषय पर आज राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। राज्यपाल इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए और अपने संबोधन में यह बातें कही। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, अपितु संपूर्ण विश्व के लिए ज्ञान का आलोक-स्तंभ था, जहां दर्शन, तर्कशास्त्र, चिकित्सा, व्याकरण, गणित और खगोल विज्ञान जैसे विषयों पर उच्च कोटि का अनुसंधान होता था। यद्यपि समय के साथ नालंदा का भौतिक स्वरूप नष्ट हो गया, लेकिन हिमालय के मठों, विहारों और बौद्ध संस्थानों ने सदियों तक भारतीय भाषाओं, संस्कृति, कला और अमूल्य पांडुलिपियों को सहेजकर इस महान विरासत को जीवित रखा है। इस दृष्टि से भारतीय हिमालय वास्तव में नालंदा की जीवित विरासत का सच्चा संरक्षक है। राज्यपाल ने परिषद् द्वारा मठों में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के पाठ्यक्रम को लागू करने की अनूठी पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह कदम पारंपरिक मठ शिक्षा और आधुनिक औपचारिक शिक्षा के बीच एक सार्थक सेतु का कार्य करेगा, जिससे युवा भिक्षु एवं भिक्षुणियां अपनी आध्यात्मिक साधना को अक्षुण्ण रखते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त शैक्षणिक योग्यता प्राप्त कर सकेंगे। परम पावन दलाई लामा के मार्गदर्शन में स्थापित इस परिषद् के पदाधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए राज्यपाल ने देश के युवाओं से नालंदा परंपरा के मूल आदर्शों—जिज्ञासा, तार्किक चिंतन, अनुशासन, करुणा और मानव सेवा से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित भारत-2047 के संकल्प को सिद्ध करने के लिए आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ-साथ हमारी समृद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और नैतिक मूल्यों को भी समान महत्व देना अनिवार्य है।



बैजनाथ के ताशीजौंग में राष्ट्रीय सम्मेलन में बौद्ध भिक्षुओं के साथ राज्यपाल कविंद्र गुप्ता। अनंत ज्ञान

### राजीव भवन में संगठनात्मक मंथन में अग्रणी संगठनों और विभागों की कार्यकारिणियों का गठन करने के निर्देश

# कांग्रेस पार्टी ने 2027 चुनावों के लिए कसी कमर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दो दिनों तक चले संगठनात्मक विचार-मंथन का रविवार को समापन हुआ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल ने महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, अनुसूचित जाति कांग्रेस और अल्पसंख्यक विभाग सहित अग्रणी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकों में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की जवाबदेही तय करने और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए अभी से संगठित रणनीति पर काम शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की आधारशिला है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

रजनी पाटिल ने कहा कि सभी अग्रणी संगठनों और विभागों की कार्यकारिणियों का गठन शीघ्र पूरा किया जाए तथा संगठन सृजन अभियान के तहत नए, सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जाएं। उन्होंने कहा कि केवल वही लोग संगठन में स्थान पाएं जो पूरा समय देकर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प रखते हों। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी संगठनों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने और प्रत्येक माह निर्धारित तिथि पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों की लगातार समीक्षा हो सके। रजनी पाटिल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अभी से कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क, सदस्यता विस्तार और संगठन सुदृढ़ीकरण पर पूरी ताकत के साथ जुटना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मजबूती सामूहिक प्रयास, अनुशासन और आपसी तालमेल से ही संभव है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, सह प्रभारी चेतन चौहान एवं विदित चौधरी, संगठन महामंत्री विनोद ज़िंटा सहित विभिन्न अग्रणी संगठनों और विभागों के प्रमुख एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



शिमला में आयोजित संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता करतीं रजनी पाटिल। अनंत ज्ञान

### कांग्रेस कनेक्ट सेंटर का शुभारंभ

**संगठनात्मक** बैठकों के साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 'कनेक्ट सेंटर' का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। रजनी पाटिल ने सेंटर का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह व्यवस्था पार्टी की गतिविधियों पर 'तीसरी आंख' की तरह लगातार नजर रखेगी और संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# बंगाणा में बीडीसी अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का फैसला आज

## कुटलैहड़ भाजपा ने 19 में से 14 सदस्यों के समर्थन का किया दावा

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में आज ब्लॉक विकास समिति (बीडीसी) अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां चरम पर हैं। पूरे कुटलैहड़ विधान सभा क्षेत्र की निगाहें इस चुनाव पर टिकी हुई हैं। बंगाणा बीडीसी में कुल 19 सदस्य हैं और अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए बहुमत का आंकड़ा 10 का है। ऐसे में दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने अपने-अपने स्तर पर पूरी ताकत झोंक दी है। कुटलैहड़ भाजपा ने दावा किया है कि उसके पास 19 में से 14 भाजपा समर्थित बीडीसी सदस्यों का समर्थन है। यदि भाजपा का यह दावा मतदान में सही साबित होता है तो अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर उसकी जीत लगभग तय मानी जा रही है। हालांकि अंतिम फैसला मतदान के बाद ही सामने आएगा और इसी कारण राजनीतिक गलियारों में उत्सुकता बनी हुई है।

### क्या कांग्रेस पार्टी करेगी कोई खेला?

**सबसे** बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस कोई राजनीतिक रणनीति अपनाकर मुकाबले को रोचक बनाएगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि बीडीसी चुनावों में कई बार अंतिम समय में समीकरण बदलते रहे हैं। ऐसे में क्रॉस वोटिंग अथवा निर्दलीय सदस्यों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो सकती है। हालांकि भाजपा अपने बहुमत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त दिख रही है, लेकिन कांग्रेस भी अंतिम समय तक अपनी रणनीति पर काम कर रही है। यही कारण है कि आज होने वाला मतदान केवल औपचारिकता नहीं बल्कि राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा जा रहा है। चुनाव परिणाम यह भी तय करेगा कि पंचायत स्तर पर किस दल की पकड़ अधिक मजबूत है।

### वीरेंद्र कंवर के समर्थकों की भूमिका पर भी रहेगी नजर

**इस** चुनाव में पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर के समर्थक बीडीसी सदस्यों की संख्या और उनकी भूमिका पर भी सभी की नजरें टिकी हुई हैं। लंबे समय तक कुटलैहड़ की राजनीति में प्रभाव शाली रहे वीरेंद्र कंवर का पंचायत स्तर पर मजबूत जनाधार माना जाता रहा है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि उनके समर्थक सदस्य किस प्रकार की भूमिका निभाते हैं और चुनावी परिणामों पर उनका कितना प्रभाव पड़ता है। वहीं वर्तमान विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में भाजपा संगठन भी अपनी मजबूती का दावा कर रहा है। ऐसे में आज का चुनाव भाजपा के भीतर संगठनात्मक शक्ति और जनप्रतिनिधियों के समर्थन का भी एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है।

# कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत : अनुराग

## विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान-2026 के अंतर्गत संगठनात्मक जिला सुंदरनगर द्वारा नाचन विधानसभा क्षेत्र के गोहर स्थित म्याह माता मंदिर भवन में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शनिवार को सफल समापन हुआ। समापन सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित, अनुशासित और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित कार्यकर्ता है। करोड़ों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और संगठन के प्रति निष्ठा के बल पर भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्र को सर्वोपरि, पार्टी को दूसरे स्थान पर और स्वयं को तीसरे स्थान पर रखकर कार्य करता है, यही भाजपा की सबसे बड़ी पहचान है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत और विश्वगुरु भारत के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

अनुराग ठाकुर ने प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों, विकास कार्यों में ठहराव, वादाखिलाफी और प्रशासनिक विफलताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता तथ्यों के आधार पर सरकार की नाकामियों को जनता के बीच रखें तथा पूर्व भाजपा सरकार और केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन तक पहुंचाएं।





सक्सेस स्टोरी सीएम सुक्खू की पहल से मिला सहारा, मोबाइल रिपेयरिंग का काम कर बना आत्मनिर्भर

# सुख आश्रय योजना ने बदली बहडाला के अविनाश की जिंदगी

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिले के बहडाला गांव के 26 वर्षीय अविनाश की जिंदगी कभी गहरे संघर्षों से घिरी हुई थी। बचपन में ही माता-पिता का साया उठ जाने के बाद उनके सामने जीवनयापन और भविष्य दोनों बड़ी चुनौती बन गए थे। लेकिन हौंसले, कड़ी मेहनत और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर शुरू की गई मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना से मिले सहयोग ने उनकी जिंदगी की दिशा बद ल दी।

आज अविनाश ऊना शहर की कपिला मार्केट में अपना मोबाइल रिपेयरिंग एवं एक्सेसरीज का सफल कारोबार संचालित कर सम्मानपूर्वक आत्मनिर्भर जीवन जी रहे हैं। अविनाश जब पांचवीं कक्षा में थे, तभी उनके पिता, जो दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे, का निधन हो गया। उसके बाद उनकी मां ने सीमित संसाधनों में दोनों बेटों का पालन-पोषण और शिक्षा की जिम्मेदारी निभाई। लेकिन कुछ वर्षों बाद, अविनाश की मां भी स्वर्ग सिधार गईं । कम उम्र में ही माता-पिता दोनों का साया उठ जाने से जीवन की सारी जिम्मेदारियां दोनों भाइयों के कंधों पर आ गईं।

विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अविनाश ने हिम्मत नहीं हारी और अपनी पढ़ाई जारी रखी। दसवीं की शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने नंगल में मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के उपरांत उन्होंने विभिन्न मोबाइल रिपेयरिंग दुकानों में लगभग सात वर्षों तक कार्य कर व्यावहारिक अनुभव हासिल किया। अनुभव और आत्मविश्वास के बल पर दो वर्ष पहले उन्होंने ऊना की कपिला मार्केट में किराये पर एक छोटी-सी दुकान लेकर अपना मोबाइल रिपेयरिंग एवं एक्सेसरीज का कारोबार शुरू किया। शुरुआत में दुकान पर केवल मोबाइल रिपेयरिंग की सुविधा, कुछ सेकेंड हैंड मोबाइल फोन और सीमित मोबाइल एक्सेसरीज ही उपलब्ध थीं।

मेहनत, ईमानदारी और बेहतर सेवा के कारण ग्राहकों का भरोसा लगातार बढ़ता गया, लेकिन सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण कारोबार का विस्तार आसान नहीं था।





### प्रतिमाह मिली चार हजार की सहायता

**मुख्यमंत्री** सुख आश्रय योजना उनके जीवन में नई उम्मीद बनकर आई। योजना के तहत उन्हें प्रतिमाह चार हजार की आर्थिक सहायता मिलने लगी। स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता भी मिली। इस सहयोग से उन्होंने दुकान का विस्तार किया, आधुनिक उपकरण खरीदे और मोबाइल रिपेयरिंग के साथ अन्य तकनीकी सेवाएं भी शुरू कीं। योजना के तहत उनके भाई को भी प्रतिमाह चार हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। अविनाश कहते हैं कि माता-पिता के निधन के बाद कई बार लगा कि अब आगे बढ़ पाना मुश्किल होगा। लेकिन मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना से मिले सहयोग ने मुझे अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर दिया। मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए वे कहते हैं कि सरकार की सहायता ने उन्हें आर्थिक संबल देने के साथ ही अपने भविष्य पर दोबारा भरोसा करना भी सिखाया। आज वे आत्मनिर्भर हैं